राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 315
लखनऊ, शुक्रवार 17 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



खाद्य सुरक्षा विभाग की जागरूकता कार्यशाला 18 को 10
किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता : दिनेश प्रताप 03

# रोबोटिक्स, एआई और डीप टेक का हब बनेगा यूपी

**सीएम ने उ.प्र. को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर व अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों का राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के दिए निर्देश**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सीएम योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश को रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर तथा अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों का राष्ट्रीय नेतृत्वकर्ता बनाने के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

गुरुवार को सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि नोएडा में विकसित होने वाली प्रगति परियोजना प्रदेश को विश्वस्तरीय रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग का आधार प्रदान करेगी, जबकि लखनऊ और नोएडा में स्थापित किए जा रहे यू हब अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप, उद्योग, निवेशकों और शिक्षण संस्थानों को एक मंच पर जोड़ते हुए डीप टेक नवाचार के प्रमुख केंद्र बनेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को नई तकनीकों का केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार और उच्च प्रौद्योगिकी आधारित विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए।

> **नोएडा में विकसित होगा सबसे बड़ा रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग केंद्र, प्रगति को मिलेगी गति**

**यू हब स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में लखनऊ और नोएडा में दो यू हब स्थापित करने के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आईआईटी कानपुर के निदेशक की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय डीप टेक इकोसिस्टम का अध्ययन कर इसकी अवधारणा, संरचना और संचालन मॉडल तैयार किया है। नोएडा यू हब को क्वांटम कंप्यूटिंग, सेमीकंडक्टर डिजाइन, फिजिकल एआई, रोबोटिक्स, रक्षा प्रौद्योगिकी तथा उन्नत जैव प्रौद्योगिकी का केंद्र बनाया जाएगा, जबकि लखनऊ यू हब में एप्लाइड एआई, गवटेक, औद्योगिक एवं स्वास्थ्य क्षेत्र के एआई समाधान, बायोसाइंस तथा एग्री बायोटेक्नोलॉजी पर विशेष फोकस रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को भविष्य की तकनीकों के अनुरूप कौशल उपलब्ध कराना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग को निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश को देश का अग्रणी आईटी, डिजिटल सेवाओं और नवाचार केंद्र बनाने के लक्ष्य के साथ कार्य किया जाए। नीति का मूल उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के लिए गुणवत्तापूर्ण रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित करना होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स आने वाली औद्योगिक क्रांति के प्रमुख आधार हैं। इसलिए एक ओर विश्वस्तरीय विनिर्माण अवसंरचना विकसित की जाए तो दूसरी ओर अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने वाला मजबूत डीप टेक इकोसिस्टम तैयार किया जाए। उद्योग, शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों, स्टार्टअप, निवेशकों और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित कर ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए, जहां नई तकनीकें तेजी से प्रयोगशाला से उद्योग तक पहुंच सकें और उत्तर प्रदेश वैश्विक प्रौद्योगिकी निवेश का प्रमुख केंद्र बनकर उभरे। इसी उद्देश्य से नोएडा में 75 एकड़ क्षेत्रफल में प्रगति पार्क फॉर रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जीपीयू क्लस्टर्स एंड एडवांस्ड टेक्निकल इनोवेशनश् विकसित किया जाएगा। भारत का पहला एकीकृत रोबोटिक्स एवं एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर होगा, जहां रोबोटिक्स परीक्षण एवं प्रमाणन केंद्र, रैपिड प्रोटोटाइपिंग एवं विनिर्माण सुविधा, एआई कंप्यूट इंफ्रा स्ट्रक्चर, मोशन कैप्चर लैब, फिजिकल एआई डेटा सेंटर, स्टार्टअप इनक्यूबेशन तथा को वर्किंग स्पेस जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

वैश्विक विनिर्माण कंपनियों, कंपोनेंट निर्माताओं, अनुसंधान एवं विकास केंद्रों तथा विशेषीकृत सेवा प्रदाताओं का समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण, उत्कृष्ट कनेक्टिविटी, जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, रक्षा औद्योगिक गलियारा तथा मजबूत औद्योगिक एवं शैक्षणिक आधार के कारण नोएडा इस परियोजना के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थान है। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित यू हब को केवल स्टार्टअप के लिए कार्यस्थल नहीं, बल्कि अनुसंधान, नवाचार, उद्योग, निवेश, शिक्षण संस्थानों और प्रतिभाओं को जोड़ने वाले विश्वस्तरीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

## मूसलाधार बारिश के बीच आस्था के साथ निकली श्रीजगन्नाथ रथयात्रा



**एजेंसी, भुवनेश्वर।**

अटूट श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत दृश्य के बीच विश्व प्रसिद्ध पुरी रथ यात्रा 2026 का आयोजन भव्य रूप से हुआ। ओडिशा सहित देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं ने भारी बारिश के बावजूद इस दिव्य उत्सव में भाग लिया। 15 जुलाई की शाम से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश भी भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर सकी।

रथ यात्रा से पूर्व और आयोजन के दौरान पुरी एवं तटीय ओडिशा में लगातार बारिश होती रही, जिससे कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था अडिग रही और वे बड़ी संख्या में बड़दांड (ग्रैंड रोड) पर एकत्रित हुए। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। हरिबोल और जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष ने बारिश की आवाज को भी दबा दिया। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था को सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों के माध्यम से भी प्रकट किया।

### -: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,43,440/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,31,500/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,07,620/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,35,000/किग्रा |



## भविष्य के युद्धों में रणनीतिक अवसंरचना की भूमिका निर्णायक रहेगी : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अत्याधुनिक हथियारों और आधुनिक सैन्य प्रौद्योगिकियों के बावजूद सड़कें, सुरंगें, हवाई अड्डे और बंदरगाह जैसे सामरिक अवसंरचना सैन्य अभियानों के लिए भविष्य में भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहेंगी।

श्री सिंह ने गुरुवार को यहां सीमा सड़क संगठन रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सैनिकों को मोर्चे तक पहुंचाने वाली सड़क भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि सीमा पर तैनात सैनिक, इसलिए अवसंरचना का निर्माण करने वाले भी राष्ट्रीय सुरक्षा के समान रूप से महत्वपूर्ण प्रहरी हैं।

रक्षा मंत्री ने सीमा सड़क संगठन की सराहना करते हुए कहा कि उसने एक साधारण सड़क निर्माण एजेंसी से विश्व के प्रतिष्ठित सामरिक अवसंरचना संगठनों में स्थान बनाया है। उन्होंने अटल सुरंग, सेला सुरंग और उमलिंग ला दर्रा जैसी परियोजनाओं को संगठन की इंजीनियरिंग क्षमता और उत्कृष्ट कार्य का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सरकार आधुनिक अवसंरचना और वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के माध्यम से सीमावर्ती क्षेत्रों में संपर्क व्यवस्था को मजबूत कर राष्ट्रीय सुरक्षा को सुदृढ़ करने तथा वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में कार्य कर रही है।

> **सैनिकों को मोर्चे तक पहुंचाने वाली सड़क भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितना कि सीमा पर तैनात सैनिक**

श्री सिंह ने इस अवसर पर सीमा सड़क संगठन की नई डिजिटल परियोजना प्रबंधन और भर्ती प्रणालियों का शुभारंभ किया, संगठन के तीन प्रमुख प्रकाशनों का विमोचन किया, बीआरओ गान का अनावरण किया तथा अवसंरचना विकास में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली परियोजनाओं को सम्मानित किया। दो दिवसीय सम्मेलन में सीमावर्ती क्षेत्रों में सामरिक अवसंरचना विकास को गति देने के लिए प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवाचार और सतत निर्माण पद्धतियों पर विचार-विमर्श किया गया।

### बच्चों के कैंसर अस्पताल के पास अमेरिकी हमला, स्थानांतरित किये गये 211 मरीज

**एजेंसी, तेहरान।** ईरान के दक्षिण-पश्चिमी शहर अहवाज़ स्थित शहीद बाघाई बाल कैंसर अस्पताल के निकट अमेरिकी मिसाइल हमलों के बाद अस्पताल में भर्ती 211 बच्चों को एहतियातन अन्य चिकित्सा केंद्रों में स्थानांतरित कर दिया गया। ईरानी समाचार एजेंसी फ़ार्स के अनुसार, बुधवार को हुए अमेरिकी हमलों के दौरान बच्चों के इस अस्पताल के आसपास कई मिसाइलें गिरीं, जिससे आसपास की इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। इसके बाद मरीजों और चिकित्सा कर्मियों की सुरक्षा को देखते हुए अस्पताल को अस्थायी रूप से खाली कराया गया। अस्पताल में मुख्य रूप से कैंसर और रक्त संबंधी बीमारियों से पीड़ित बच्चों का उपचार किया जाता है। अमेरिका की ओर से अस्पताल को निशाना बनाने की पुष्टि नहीं की गयी है। अमेरिकी सैन्य अधिकारियों ने कहा है कि हालिया हमलों का उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं को कमजोर करना था। वहीं ईरान का आरोप है कि हमलों से नागरिक अवसंरचना भी प्रभावित हुई है। इस बीच, ईरान ने दावा किया है कि उसने जवाबी कार्रवाई में जॉर्डन स्थित एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमला किया है। क्षेत्र में जारी सैन्य तनाव के बीच दोनों पक्षों के दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है।

## उच्चतम न्यायालय ने नौवीं कक्षा के स्तर पर त्रि-भाषा नीति लागू करने पर जताई चिंता

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड पाठ्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा के स्तर पर तीसरी भाषा को शामिल किए जाने पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह बोर्ड की परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों पर अतिरिक्त दबाव डालता है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने यह टिप्पणी तमिलनाडु सरकार की एक अपील पर सुनवाई के दौरान की। यह अपील मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ थी, जिसमें राज्य को हर जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय बनाने की सुविधा देने का निर्देश दिया गया था। गौरतलब है कि तमिलनाडु सरकार नवोदय विद्यालयों की स्थापना का विरोध कर रही है, और उसका तर्क है कि ये विद्यालय त्रि-भाषा नीति का पालन करते हैं। केंद्र सरकार की त्रिभाषा की नीति की वैधता हालांकि इस मामले में विचाराधीन नहीं थी, फिर भी न्यायमूर्ति नागरत्ना ने नौवीं कक्षा में तीसरी भाषा को शामिल करने के समय पर सवाल उठाया। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बोर्ड की इस त्रि-भाषा नीति को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली एक न्यायपीठ के समक्ष अलग से चुनौती दी गई है। पीठ ने इस नीति के क्रियान्वयन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है और इस मामले को अगले सप्ताह सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने टिप्पणी करते हुए कहा कि त्रि-भाषा नीति में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है। उन्होंने तमिलनाडु की आपत्ति पर सवाल उठाते हुए पूछा कि अगर छात्र संस्कृत जैसी भाषाओं का विकल्प चुनते हैं तो राज्य को क्या आपत्ति है। जब राज्य सरकार ने कहा कि तीसरी भाषा केवल नौवीं कक्षा से अनिवार्य होती है, तो उन्होंने टिप्पणी की कि उस स्तर पर एक नई भाषा की शुरुआत करना बहुत खराब है क्योंकि छात्रों पर बोर्ड परीक्षा का दबाव होता है। इसकी जगह इसे छठी कक्षा से शुरू किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने स्पष्ट किया कि नीति में तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की भाषा पढ़ाई जानी चाहिए, अंग्रेजी पढ़ाई जानी चाहिए और कोई भी तीसरी भाषा। यह हिंदी नहीं कहता। प्रतिवादी की वकील जी प्रियदर्शिनी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति विशेष रूप से यह प्रावधान करती है कि किसी भी राज्य पर कोई भाषा थोपी नहीं जानी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वे नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू न करें, क्योंकि यह बोर्ड परीक्षा की तैयारी के तनाव को बढ़ाती है और इसकी शुरुआत छठी कक्षा से होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल खत्म करने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल खत्म करने से इनकार कर दिया है। राजनीतिक दलों के नेताओं और समर्थकों की अपील के बावजूद वांगचुक ने कहा कि सरकार की ओर से कोई ठोस प्रतिक्रिया मिलने से पहले अनशन समाप्त करना सही संदेश नहीं देगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने अदालत का रुख कर उन्हें खाना खिलाने का निर्देश देने की मांग भी की। वांगचुक ने कहा, अगर मैं कुछ खा लूं तो क्या संदेश जाएगा? सरकार को यही संदेश जाएगा कि जवाबदेही की जरूरत नहीं है। प्रदर्शनकारी आते हैं और चले जाते हैं।

### महिला ने काशी विश्वनाथ मंदिर को दिया तीन करोड़ का दान

**वाराणसी।** अपने पति और दोनों बेटों को खोने के बाद सांसारिक जीवन से विरक्त हुई तमिलनाडु की 80 वर्षीय एक महिला ने धार्मिक एवं जनकल्याण कार्यों के लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर को तीन करोड़ रुपये का गुप्त दान दिया है। महिला की इच्छा का सम्मान करते हुए मंदिर प्रशासन ने उनकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी है। मंदिर प्रशासन के अनुसार महिला ने अपने दिवंगत दोनों पुत्रों की स्मृति में दो करोड़ रुपये तथा मंदिर के अन्नक्षेत्र के लिए एक करोड़ रुपये का चेक मंदिर न्यास को सौंपा। इसे अब तक मंदिर को मिला सबसे बड़ा व्यक्तिगत दान माना जा रहा है। इससे पहले अंबानी परिवार ने मंदिर को ढाई करोड़ रुपये का दान दिया था।

### ई20 पेट्रोल विवाद : रायपुर कोर्ट ने कंपनी को वाहन बदलने का दिया आदेश

**रायपुर।** ई20 पेट्रोल से वाहन में खराबी को लेकर आए देश के पहले फैसले में अदालत ने उपभोक्ता को राहत पहुंचाई है। कार मालिक ने आरोप लगाया था कि ई20 पेट्रोल ने उसकी गाड़ी को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद रायपुर जिला उपभोक्ता अदालत ने कार मालिक के पक्ष में फैसला सुनाया है। साथ ही, अदालत ने कंपनी और संबंधित पक्षकारों को कार मालिक की शिकायत को देखते हुए वाहन बदलने या निर्धारित राशि का भुगतान करने का आदेश दिया है। रायपुर जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग में परिवाद की ऑनलाइन 12 मार्च 2025 को की गई थी, जबकि इसका पंजीयन 16 अप्रैल 2025 को हुआ। 14 जुलाई को आयोग ने अपना आदेश जारी किया। उपभोक्ता प्रेमराज देवता ने आरोप लगाया था कि उनकी मारुति ग्रैंड विटारा कार में ई20 पेट्रोल के उपयोग के बाद बार-बार समस्याएं आने लगीं। शिकायत में इंजन संबंधी परेशानी, परफॉर्मेंस के खराब होने, मिसफायरिंग और लगातार माइलेज घटने जैसी समस्याओं का जिक्र किया गया था।

### यूपी में 19 से 22 जुलाई तक झमाझम बारिश का अलर्ट

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश में अगले एक सप्ताह के दौरान मानसूनी गतिविधियां लगातार सक्रिय रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 19 जुलाई से पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की तीव्रता बढ़ेगी और कई स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश हो सकती है। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी 19 जुलाई से व्यापक वर्षा के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश तथा वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वानुमान के अनुसार 19 से 22 जुलाई के बीच पूर्वी उत्तर प्रदेश में लगभग सभी स्थानों पर गरज-चमक के साथ वर्षा होने की संभावना है। इस अवधि में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी अनेक स्थानों पर बारिश होगी, जिससे मानसून पूरे प्रदेश में सक्रिय बना रहेगा। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 16 जुलाई को प्रदेश के दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं उमस भरी गर्मी बनी रह सकती है।

## निर्यात वाले डीजल पर उत्पाद शुल्क सात रुपये बढ़ा, पेट्रोल पर 1.5 रु. की कटौती

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



सरकार ने निर्यात किये जाने वाले पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) पर उत्पाद शुल्क की दरों में बदलाव किया है।

वित्त मंत्रालय की बुधवार देर रात जारी अधिसूचना के मुताबिक, नयी दरें 16 जुलाई जुलाई से प्रभावी हो गयी हैं। निर्यात वाले डीजल और एटीएफ पर उत्पाद शुल्क सात-सात रुपये प्रति लीटर बढ़ाया गया है। वहीं, पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में 1.50 रुपये प्रति लीटर की कटौती की गयी है।

अधिसूचना के मुताबिक, निर्यात होने वाले पेट्रोल पर गुरुवार से विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) चार रुपये प्रति लीटर से कम करके 1.50 रुपये प्रति लीटर किया गया है। डीजल पर एसएईडी 8.50 रुपये के बढ़ाकर 15.50 रुपये और विमान ईंधन पर 7.50 रुपये से बढ़ाकर 14.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। निर्यात होने वाले पेट्रोल, डीजल और एटीएफ पर उत्पाद शुल्क की हर पखवाड़े समीक्षा की जाती है। इसे विंडफॉल टैक्स भी कहते हैं।

**मानसून सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की बैठक**

## चढ़ावा चोरी, पेपर लीक व ई20 जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने से पहले बुधवार को कांग्रेस संसदीय दल की रणनीतिक बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी ने की। बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित संसदीय दल के सदस्य मौजूद रहे। बैठक में आगामी सत्र के लिए विपक्ष के एजेंडे पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने एक्स पर लिखा कि चढ़ावा चोरी, आस्था के साथ धोखा, पेपर लीक और शिक्षा प्रणाली का क्षरण, संस्थागत कब्जा, राजनीतिक दलों को तोड़ना, भ्रष्टाचार के आरोप, महंगाई, विदेश नीति की विफलताएं, एथेनॉल मिश्रण का दबाव, वनों की अंधाधुंध कटाई और एससी, एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमले जैसे मुद्दों पर कांग्रेस पार्टी मानसून सत्र में मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा करेगी। इन गंभीर चिंताओं पर बैठक में विस्तार से चर्चा हुई और पार्टी ने तय किया कि संसद में इन मुद्दों को मजबूती से उठाया जाएगा। बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव (संचार) जयराम रमेश और राज्यसभा सांसद सैयद नासिर हुसैन ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता की। उन्होंने कहा कि बैठक में उन मुद्दों पर चर्चा हुई जिन्हें पार्टी संसद में उठाएगी। सरकार जिन विधेयकों को लाने की कोशिश में है, उनसे निपटने की रणनीति पर भी विचार किया गया।

### वाराणसी में गंगा के बढ़ते जलस्तर ने बढ़ाई चिंता

**वाराणसी, समृद्धि न्यूज।** वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पिछले दो दिनों में गंगा का पानी करीब डेढ़ मीटर तक ऊपर आ गया है, जिसके बाद प्रशासन अलर्ट मोड पर है। जलस्तर बढ़ने से घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं, नाविकों और गंगा से जुड़े रोजगार करने वाले लोगों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हालांकि अभी स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। नाविक नारायण साहनी ने बताया कि पिछले दो दिनों से गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। उनके अनुसार कल से आज तक करीब एक मीटर तक पानी बढ़ चुका है। सुबह से भी जलस्तर में काफी वृद्धि देखी गई है। उन्होंने कहा कि पानी बढ़ने के कारण श्रद्धालुओं को गंगा स्नान और अन्य धार्मिक गतिविधियों में थोड़ी परेशानी हो रही है, लेकिन नाविक और प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्क हैं।

## आईएसआईएस सहयोगी राकिब को पांच साल की जेल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



लखनऊ स्थित राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की विशेष अदालत ने आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) का सहयोग करने के आरोपित राकिब इमाम अंसारी को पांच वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत का यह फैसला उस समय आया, जब सुनवाई के दौरान अंसारी ने अपने ऊपर लगे आरोपों को स्वीकार कर लिया।

एनआईए के विशेष न्यायाधीश उमाकांत जिंदल ने यह सजा सुनायी है। अभियोजन पक्ष ने बताया कि इस मामले में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) अलीगढ़ के दारोगा मोहम्मद अकरम ने तीन नवंबर 2023 को गोमतीनगर के एटीएस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद जांच शुरु हुई तो पता चला कि एक रिपोर्ट मुंबई के काला चौकी थाने में दर्ज हुई थी। विवेचना के दौरान आरोपित शाहनवाज और रिजवान अली के बारे में सूचना इकट्ठी करते समय जानकारी मिली कि ये दोनों आरोपित आईएसआईएस के सक्रिय सदस्य हैं और दोनों के अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के संगठन स्टूडेंट ऑफ अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुछ छात्रों से संबंध हैं। जानकारी यह भी मिली कि रिजवान यूनिवर्सिटी का छात्र नहीं था, लेकिन यूनिवर्सिटी के संगठन से जुड़कर आईएसआईएस की विचारधारा का प्रचार और प्रसार कर रहा है। एटीएस ने पाया कि राकिब इमाम अंसारी भी अन्य आरोपितों के संपर्क में था। साथ ही शाहनवाज और रिजवान अली के संपर्क में रहकर प्रतिबंधित आतंकी संगठन की विचारधारा का प्रचार-प्रसार कर था।

अभियोजन ने 17 गवाह पेश किए। इन गवाहों ने अदालत में बताया कि सभी आरोपित प्रतिबंधित आतंकी संगठन के लिए नए-नए लोगों को जोड़ने, जिहादी गतिविधियों को प्रेरित करने व भारत सरकार के विरुद्ध युद्ध छेड़कर भारत में सरिया कानून स्थापित करने की साजिश रच रहे थे। इसमें दोषी राकिब इमाम अंसारी भी सक्रिय भूमिका निभा रहा था। मुकदमे के विचारण के दौरान दोषी राकिब इमाम अंसारी ने न्यायालय के समक्ष अर्जी देकर अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

**घोषणा** | **2035 तक बायोइकोनॉमी महाशक्ति बनने का लक्ष्य**

## भारत की पहली इंजीनियरिंग बायोलॉजी स्नातक डिग्री होगी शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत में पहली बार इंजीनियरिंग बायोलॉजी की स्नातक डिग्री शुरू करने की घोषणा की है। गुरुवार को नेशनल मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में 2035 तक भारत को अग्रणी बायोइकोनॉमी शक्ति बनाने के रोडमैप के लॉन्च के दौरान ने डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि इंजीनियरिंग बायोलॉजी भविष्य में वही भूमिका निभाएगी जो डिजिटल क्रांति में कंप्यूटर साइंस ने निभाई थी।

इस नए पाठ्यक्रम के जरिए ऐसे विशेषज्ञ तैयार किए जाएंगे जो इंजीनियरिंग, जीवविज्ञान, चिकित्सा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के संगम पर काम कर सकें।




उन्होंने बताया कि कई आईआईटी मेडिकल संस्थानों के साथ मिलकर इस विषय में अंतरविषयक (इंटरडिसिप्लिनरी) कार्यक्रम शुरू करने के प्रस्ताव तैयार कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य भारत का स्वदेशी और आत्मनिर्भर जैव-प्रौद्योगिकी (बायोटेक) इकोसिस्टम तैयार करना है। उन्होंने बताया कि देश की बायोइकोनॉमी 2014 में लगभग 10 अरब डॉलर से बढ़कर आज करीब 95 अरब डॉलर तक पहुंच गई है और 2030 तक इसके 300 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि भारत में 11,000 से अधिक बायोटेक स्टार्टअप कार्यरत हैं, जो इस क्षेत्र में तेजी से बढ़ती नवाचार क्षमता का प्रमाण हैं। डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भविष्य में सिंथेटिक बायोलॉजी, एआई आधारित जैव अनुसंधान, बायो-मैन्युफैक्चरिंग, जीन थेरेपी और सीएआर-टी सेल थेरेपी जैसी तकनीकें स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा और उद्योग में बड़ा बदलाव लाएंगी। उन्होंने उद्योग, वैज्ञानिकों और स्टार्टअप्स के बीच मजबूत साझेदारी की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यक्रम में जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव डॉ. राजेश एस. गोखले ने कहा कि भारत की बायोइकोनॉमी 15-18 प्रतिशत की वार्षिक दर से बढ़ रही है। देश में लगभग 100 बायो-इन्क्यूबेटर और 10,000 से अधिक बायोटेक कंपनियां कार्यरत हैं।

वहीं, नीति आयोग के सदस्य प्रो. गोबर्धन दास ने कहा कि सरकार का लक्ष्य 2035 तक भारत की बायोइकोनॉमी को लगभग 700 अरब डॉलर तक पहुंचाना है। इसके लिए 50,000 करोड़ रुपये के बायोइकोनॉमी ग्रोथ फंड का प्रस्ताव भी रखा गया है। सरकार का मानना है कि इन पहलों से भारत में उच्च कौशल वाले लाखों रोजगार सृजित होंगे और देश वैश्विक जैव-प्रौद्योगिकी एवं बायो-मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में अग्रणी देशों में शामिल होगा।

# आयुक्त के निर्देश पर जिले ने बेहतर प्रदर्शन कर अपने जिले का नाम किया रोशन

- मण्डलायुक्त ने जनपद गोंडा, बहराइच, बलरामपुर श्रावस्ती माह जून की प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर उत्कृष्ट कार्य के लिए जनपद की प्रशंसा की
- मंडल में जिला प्रशासन के अथक प्रयास से हो रहा जिले का नाम, मिल रही सफलता



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंडल गोंडा ,बहराइच ,बलरामपुर श्रावस्ती चारों जनपदों के प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर

दो जनपदों श्रावस्ती एवं बलरामपुर में जनहित और शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना करते हुए संबंधित जिलाधिकारियों एवं मुख्य विकास अधिकारियों की प्रशंसा की। आयुक्त ने श्रावस्ती में ''किसान चकरोड मुक्त अभियान'' के प्रभावी संचालन तथा बलरामपुर में फोल्डेबल स्टडी टेबल वितरण जैसे अभिनव प्रयासों को सुशासन, जनसेवा और परिणाम आधारित प्रशासन का उत्कृष्ट उदाहरण बताया है। माह जून रिपोर्ट आधार पर अतिक्रमण से मुक्त कराए गए की कुल 2456 हैं तथा चक मार्गो पर मिट्टी पटाई/ खड़ंजा/ इंटरलॉकिंग का कार्य 498 है धारा 67 के अंतर्गत चक मार्ग पर अतिक्रमण संबंधी संख्या 113 है धारा 67 के अंतर्गत वादों के निस्तारण की संख्या 24 है इन सभी जनपदों सूचना के आधार पर आयुक्त ने श्रावस्ती की जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद को भेजे गए पत्र में कहा कि चकरोड ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आवागमन की जीवनरेखा हैं। चकरोडों पर अतिक्रमण या उनके बाधित होने से किसानों, ग्रामीणों और वरिष्ठ नागरिकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में चकरोडों को अतिक्रमण मुक्त कर उन्हें जनोपयोगी बनाना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित 'किसान चकरोड मुक्त अभियान' के अंतर्गत श्रावस्ती जिला प्रशासन ने उल्लेखनीय कार्य किया है।

आयुक्त ने बताया कि 30 जून की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार चकरोडों के सीमांकन, अवैध अतिक्रमण हटाने, मिट्टी पटाई, खड़ंजा एवं इंटरलॉकिंग निर्माण जैसे कार्यों में श्रावस्ती ने देवीपाटन मंडल के चारों जनपदों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि जिला प्रशासन की प्रभावी कार्ययोजना, नियमित मॉनिटरिंग और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद की सराहना करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने शासन की मंशा के अनुरूप विशेष रुचि लेकर अभियान को सफल बनाया और किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।

## सरयू का कहरः नदी की कोख में समाया आशियाना

### कई मकान निशाने पर, दर्जनों बीघा उपजाऊ भूमि बही



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सरयू नदी का घटता-बढ़ता जलस्तर तटीय इलाकों के लोगों के लिए लगातार संकट बनता जा रहा है। शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के बौंडी, तिगड़ा, अंबरपुर और चौकसाहार गांवों में नदी का कटान तेज होने से दर्जनों बीघा उपजाऊ भूमि नदी में समा गई है। वहीं कई लोगों के आशियाने भी कटान की भेंट चढ़ गए हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार बौंडी, तिगड़ा और अंबरपुर गांवों में किसानों की उपजाऊ कृषि भूमि तेज कटान के कारण नदी में समा गई।

# एक करोड़ 41 लाख की धनराशि में बन रहा है पंचायत उत्सव भवन

- 12 मार्च 2026 दिन बृहस्पतिवार को इस पंचायत उत्सव भवन का शिलान्यास विधायक अजय सिंह के द्वारा किया गया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

बड़े आश्चर्य की बात तो यह है की 4 महीने पूर्व जिस पंचायत उत्सव भवन का शिलान्यास विधायक अजय सिंह व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की मौजूदगी में किया गया किंतु आज 4 महीना बीतने के बाद भी वहां सिर्फ पिलर ही बन पाए हैं छत लगने की तो बात ही छोड़ दीजिए यह पंचायत उत्सव भवन पंचायती राज विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तीय वर्ष 2025/26 में ग्राम पंचायत पाखड़ा पुर विकासखंड करनैलगंज गोंडा में बना है जब इस प्रकरण पर 15 जुलाई 2026 को वहां के सचिव अभिषेक प्रताप सिंह से दूरभाष पर जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया की छत लगने वाली है जबकि छत लगने में अभी काफी समय है ईंटों की अगर बात करें तो ईंटें भी दोयम दर्जे की है जब लगभग डेढ़ करोड़ का ठेका है तो मानक के अनुसार ही तो उसका निर्माण किया जाना चाहिए किंतु वहां पर रखे हुए ईंटें वह खुद ही इस बात की गवाही देते हैं।



## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से गिर कर युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गोंडा- गोरख पुर रेलवे लाइन के बीच स्थित गोपाल जोत गांव के पास दोनों पटरियों के बीच एक 30 वर्षीय युवक की ट्रेन से गिर कर मौत हो गई। जिस की पहचान नहीं हो सकी हैं।कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि हल्के के उपनिरीक्षक को मौके पर भेजा गया और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेज दिया गया। उस के पास कोई कागजात नहीं मिला जिस से उस की पहचान हो सके। सफर के दौरान ही ट्रेन से गिर कर उस की मृत्यु हुई है।

### दबंगों ने नाली को पाटा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के ठड़कक्की पट्टी गांव के निवासी विनोद कुमार तिवारी पुत्र राम नारायण तिवारी ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया है कि उस का गांव में टीन शेड बना हुआ है । उस में जानवर पाले हुए है। उस का पानी एक गड्ढे में जाता था। जिस गड्ढे में पानी जाता था। उस नाले को गांव के कुछ लोगो ने जबरन पाट लिए जिस से नाले का पानी उस के टीन शेड में भर जाता है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कराई जा रही है।

### तेल टैंकर की टक्कर से बाइक सवार गंभीर ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर

#### दूसरी सड़क दुर्घटना में एंबुलेंस और कार की भिड़ंत, एक घायल

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** थाना जरवल रोड क्षेत्र में बुधवार को अलग-अलग स्थानों पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में दो लोग घायल हो गए। इनमें एक बाइक सवार की हालत गंभीर होने पर उसे ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर किया गया, जबकि दूसरी दुर्घटना में एंबुलेंस और कार की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। पहली घटना लखनऊ-गोंडा मार्ग पर तूफानी चौराहे के निकट हुई। ग्राम पंचायत जतौरा निवासी इबरार अहमद पुत्र निसार अहमद30 वर्ष मोटरसाइकिल से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार और अनियंत्रित तेल टैंकर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद इबरार टैंकर के नीचे आ गए। गनीमत रही कि उनकी जान बच गई, लेकिन टैंकर का अगला पहिया उनके पैर पर चढ़ जाने से उनका पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना मिलते ही थाना जरवल रोड पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए ट्रॉमा सेंटर, लखनऊ रेफर कर दिया। दूसरी दुर्घटना लखनऊ-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुई, जहां एक एंबुलेंस और कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में एंबुलेंस में सवार एक व्यक्ति को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना में दोनों वाहनों को भी नुकसान पहुंचा। थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि एंबुलेंस और कार की टक्कर के मामले में दोनों पक्षों के बीच आपसी सुलह-समझौता हो गया है और किसी भी पक्ष ने पुलिस कार्रवाई की इच्छा नहीं जताई है, इसलिए इस मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने बताया कि तेल टैंकर से हुई दुर्घटना के मामले में पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है। टैंकर के दस्तावेजों की जांच की जा रही है तथा चालक का मोबाइल नंबर भी सुरक्षित कर लिया गया है। चालक के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली तस्कर गिरफ्तार

#### एक करोड़ से अधिक की चरस बरामद, मामला दर्ज



**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** जिले के रूपईडीहा इलाके में भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने एक नेपाली तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक करोड़ दस लाख रुपये मूल्य की 1.5 किलोग्राम चरस बरामद हुई है। यह गिरफ्तारी बुधवार देर रात चेकिंग के दौरान हुई। रूपईडीहा थाना प्रभारी रमेश सिंह रावत, उपनिरीक्षक जितेश सिंह, अजय कुमार और एसएसबी की टीम गश्त कर रही थी। रात करीब नौ बजे नेपाल से भारत में प्रवेश कर रहे एक युवक की संदिग्ध गतिविधियों को देखकर टीम ने उसे रोका। तलाशी लेने पर उसके कपड़ों में छिपाई गई चरस बरामद हुई, जिसके बाद उसे हिरासत में ले लिया गया। थाना प्रभारी के अनुसार, गिरफ्तार युवक की पहचान नेपाल के जाजरकोट जनपद स्थित बारेकोट ग्राम पालिका, वार्ड संख्या-04 निवासी वीरेंद्र बहादुर सिंह पुत्र कुश बहादुर सिंह के रूप में हुई है। बरामद चरस का कुल वजन 1 किलो 500 ग्राम है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत एक करोड़ दस लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

# सदर तहसीलदार के विरुद्ध लामबंद हुए गोंडा के अधिवक्ता लगाया भ्रष्ट आचरण का आरोप

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** गोंडा में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ताओं ने सदर तहसीलदार मनीष कुमार के खिलाफ प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन से मुलाकात कर तहसीलदार पर भ्रष्टाचार और खराब व्यवहार का आरोप लगाया। यह प्रदर्शन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी, महामंत्री सुनील कुमार पांडे, सिविल बार संगठन के महामंत्री गौरी शंकर चतुर्वेदी और अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी के साथ सैकड़ों अधिवक्ताओं द्वारा किया गया। वे जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और डीएम प्रियंका निरंजन से विभिन्न मुद्दों पर बात की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष रविचंद्र त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि तहसीलदार मनीष कुमार लगातार भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। उन्होंने यह भी



कहा कि तहसीलदार का व्यवहार अधिवक्ताओं के प्रति उचित नहीं है, जिससे उन्हें काम करने में परेशानी हो रही है। अधिवक्ताओं ने तहसील में फाइलों के 'तोल-मोल' (भ्रष्टाचार), परिसर में दलालों की सक्रियता और आदेशों में देरी जैसे मुद्दों को उठाया। उन्होंने डीएम को 50 मुकदमों की एक सूची सौंपी और उनके शीघ्र निस्तारण की मांग की। अध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि 1 अगस्त 2026 से पहले इन मुकदमों का निस्तारण नहीं होता है, तो भविष्य में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# विकास से कोसों दूर कटरा बाजार ब्लाक का रायपुर फकीर गांव

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड कटरा बाजार के ग्राम रायपुर फकीर में प्रधान तो है कांति देवी किंतु इनके प्रधानी का पूरा कार्य देखते हैं उनके सुपुत्र उमेश चंद तिवारी इसी कारण 5 वर्ष बीत गए लेकिन गांव में विकास कार्य ना के बराबर ही हुआ है रायपुर फकीर के हाता मौजा में ग्राम सचिवालय बना है बृहस्पतिवार को दिन में 11:00 बजे समृद्धि न्यूज़ की टीम ने जाकर देखा तो वहां ताला बंद था ऊपर से कहीं कुछ लिखा भी नहीं है बिजली का कनेक्शन भी दिखाई नहीं दिया सोलर पैनल ऊपर लगा हुआ है ग्रामीणों ने बताया कि सचिवालय तो बना है किंतु यहां ना तो लैपटॉप है नहीं कोई और सिस्टम क्योंकि उसमें ताला बंद था इसलिए अंदर जाकर के देखने का मौका नहीं मिला किंतु इस मौजा हाता में रहने वाले प्रदीप कुमार पुत्र तुलसीराम ने बताया कि यहां सिर्फ और सिर्फ ग्राम सचिवालय ही बना है ना तो इसमें कभी कोई बैठता है नहीं



यहां से कोई कार्य होता है वही जब उस गांव में इंटरलॉकिंग के बारे में जानकारी किया गया तो नाऊ पुरवा में रहने वाले दिनेश कुमार शुक्ला पुत्र श्याम नारायण उर्फ मुन्ना बाबू ने बताया 5 साल बीत गए ग्राम में कोई विकास कार्य नहीं हुआ विकास का पैसा कहां खर्च हुआ इस बात की जांच होनी चाहिए जब इंटरलॉकिंग के बारे में प्रधान प्रतिनिधि उमेश कुमार तिवारी से जानकारी मांगी गई तो उनके द्वारा बताया गया कि मेरे भाई मणिकांत तिवारी है यह सब कार्य वही देखते हैं इसके बारे में आपको वही बता पाएंगे इसका मतलब है कि यदि किसी के कई बेटे हो और मां प्रधान हो जाए तो सब के सब प्रधानी का कार्य ही देखने लगते हैं ऐसे में खुद का विकास तो संभव है किंतु ग्राम का विकास असंभव सा ही लगता है।

## दबंग चंद्रबतपुर घाट का खत्म कर हैं अस्तित्व टेढ़ी नदी के बीच में हो रहा है पक्का निर्माण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** समृद्धि न्यूज़ की पड़ताल में आजकल लोगों की भूख इतनी बढ़ गई है की नदी की जमीन को भी अपना बताकर बिक्री कर दे रहे हैं और अनजान लोग उसे खरीदते हुए जमीन पर मकान का निर्माण करवा रहे हैं ऐसे में नदी जब बढ़ती है तो उसके लिए 40 मी एक छोर पर और 40 मी दूसरे छोर पर जो जमीन होती है वह सरकार की यानी नदी की होती है किंतु गोंडा जिले में स्थिति बहुत ही भयावह होती नजर आ रही है



जिला प्रशासन इस अवैध निर्माण की तरफ ध्यान नहीं दे रहा है किंतु जिस दिन यह आवास निर्माण कंप्लीट हो जाएगा तो वहां का पानी कहां जाएगा ना तो इस अवैध कार्य को रोकने के लिए वहां कोई पुलिस आती है ना ही कोई राजस्व का कर्मचारी यदि जिला प्रशासन इस अवैध निर्माण को नहीं रोकेगा तो आने वाले समय में बहुत ही भयावह स्थिति झेलनी पड़ेगी।

# तीन माह में ही दम तोड़ने लगी सांसद निधि की पुलिया, निर्माण गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

- ग्रामीणों का आरोपः जेई और ठेकेदार की मिलीभगत से मानकों को किया गया दरकिनार, जांच हो तो खुल सकते हैं बड़े राज

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** विकासखंड मिहींपुरवा की ग्राम पंचायत धर्मापुर के मजरा उरईपुरवा में सांसद निधि से लाखों रुपये की लागत से निर्मित पुलिया महज तीन माह के भीतर ही बदहाली की तस्वीर बन गई है। पुलिया की जर्जर होती हालत देखकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि जिस पुलिया से हजारों ग्रामीणों को आवागमन की सुविधा मिलनी थी, वही अब हादसे का कारण बनती दिखाई दे रही है।



ग्रामीणों के अनुसार यह पुलिया वर्तमान सांसद आनंद गौड़ के पैतृक गांव की सीमा पर बनाई गई है, लेकिन निर्माण की गुणवत्ता ऐसी रही कि पहली ही बरसात से पहले इसकी परतें उखड़ने लगीं और जगह-जगह क्षति दिखाई देने लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि निर्माण कार्य विभागीय मानकों के अनुसार हुआ होता तो तीन माह में ही पुलिया की यह दुर्दशा नहीं होती। स्थानीय निवासी अब्दुल सलाम, रफीक, कमलेश कुमार तथा ग्राम प्रधान हरिश्चंद्र चौधरी का आरोप है कि पुलिया का निर्माण विनोद कुमार की देखरेख में कराया गया। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में जेई और ठेकेदार की मिलीभगत से गुणवत्ता की अनदेखी की गई, जिसके कारण सरकारी धन का दुरुपयोग हुआ। उनका यह भी आरोप है कि कार्य के दौरान प्रभावी तकनीकी निरीक्षण नहीं किया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिया के निर्माण की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराई जाए, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की प्रयोगशाला से जांच हो और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व ठेकेदार के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उनका कहना है कि यह इलाका हर वर्ष बाढ़ से प्रभावित रहता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिया कभी भी जवाब दे सकती है और बड़ा हादसा हो सकता है। यदि जांच निष्पक्ष हुई तो यह मामला केवल एक पुलिया की खराब गुणवत्ता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सांसद निधि से कराए गए विकास कार्यों की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करेगा।

# मटेरा में एतिहासिक बंदी: विद्युत कर्मचारी के अभद्र ऑडियो पर भड़का क्षेत्रवासियों का गुस्सा, रोड पर उतरे हजारों उपभोक्ता





**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिले के मटेरा और सिगहा फीडर क्षेत्र में बिजली संकट को लेकर जारी विवाद अब बेहद उग्र रूप ले चुका है। कल्याणी पावर हाउस के कर्मचारी मुकेश लाला का एक कथित अभद्र और जातिसूचक गालियों वाला ऑडियो वायरल होने के बाद गुरुवार को मटेरा बाजार पूरी तरह बंद रहा। गुस्से से तमतमाए व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं ने अपनी दुकानें बंद कर सड़कों पर उतरकर गए। भीषण गर्मी में हफ्तों से ठप पड़ी बिजली व्यवस्था से जनता पहले ही त्रस्त थी, लेकिन वायरल ऑडियो ने जलती आग में घी का काम किया है। आज सुबह से ही मटेरा बाजार के समस्त व्यापारियों ने एकजुट होकर अपनी दुकानें पूरी तरह बंद रखीं। व्यापारिक और रोजमर्रा के काम पूरी तरह ठप करके हजारों की संख्या में ग्रामीण और उपभोक्ता सड़कों पर उतर आए हैं और बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन कर रहे हैं। न्याय न मिलने और जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता से नाराज होकर उपभोक्ता आज दोबारा अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे स्थानीय नागरिकों और अग्रहरि समाज के नेताओं का कहना है कि जब तक आरोपी कर्मचारी मुकेश लाला के खिलाफ सख्त कानूनी कदम नहीं उठाए जाते, तब तक यह आंदोलन थमेगा नहीं। सड़क जाम और भारी भीड़ को देखते हुए मौके पर तनाव की स्थिति बनी हुई है। अभद्र और मर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले कर्मचारी मुकेश लाला को तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाला जाए। क्षेत्र में पूरी तरह चरमरा चुकी बिजली व्यवस्था को सुधारकर नियमित रूप से सप्लाई शुरू की जाए। जनता की समस्याओं को लगातार नजरअंदाज करने वाले लापरवाह उच्चाधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई तय हो। ग्रामीणों और व्यापारियों ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि आरोपी कर्मचारी के खिलाफ तुरंत सख्त प्रशासनिक और कानूनी कार्रवाई नहीं की गई, तो उनका यह धरना और चक्काजाम अनवरत जारी रहेगा। इस बड़े प्रदर्शन के बाद अब बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए हैं।

# विशेश्वरगंज पुलिस ने गोंडा-बहराइच राज्य मार्ग पर चलाया सघन चेकिंग अभियान



- संदिग्ध वाहन व व्यक्तियों की हुई जांच

**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में बुधवार की शाम थाना विशेश्वरगंज क्षेत्र अंतर्गत गोंडा-बहराइच राज्य मार्ग पर थानाध्यक्ष संदीप द्विवेदी के नेतृत्व में सघन वाहन चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान पुलिस टीम ने आने-जाने वाले वाहनों की गहन जांच की तथा संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी। पुलिस टीम ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। साथ ही किसी भी संदिग्ध व्यक्ति अथवा गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील भी की गई।चेकिंग अभियान में उपनिरीक्षक राधेश्याम यादव, उपनिरीक्षक घनश्याम चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक ओमकार यादव, हेड कांस्टेबल बिजली प्रसाद, कांस्टेबल अहमद रजा खान, कांस्टेबल उदय प्रताप पाल, कांस्टेबल नीतीश वर्मा, विशाल सिंह, शुभम सिंह, देवेश त्रिपाठी, विवेक मौर्य एवं आकाश यादव सहित विशेश्वरगंज पुलिस टीम मौजूद रही। विशेश्वरगंज पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है।

## जिले में 1098 वाहनों पर लगाया जुर्माना

### सघन चेकिंग अभियान में 13.34 लाख रुपए वसूले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** यातायात पुलिस ने गुरुवार को सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 1098 वाहनों का चालान किया गया और उन पर 13 लाख 34 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर यह अभियान जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में यातायात प्रभारी राम प्रसाद यादव के नेतृत्व में चलाया गया। अभियान का उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना था। कार्रवाई के दौरान मुख्य रूप से दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी बैठाने और गलत या अस्पष्ट नंबर प्लेट लगाने वाले चालकों को निशाना बनाया गया। नियमों का उल्लंघन करने पर चार वाहनों को सीज भी किया गया है।

# एचपीवी टीकाकरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए बहराइच को मिला राज्य स्तरीय सम्मान

- राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने तत्कालीन सीडीओ आईएएस सुनील धनवंता को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित




**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** किशोरी बालिकाओं को भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बहराइच को राज्य स्तर पर सम्मान मिला है। जिले में अभियान के प्रभावी संचालन, बेहतर समन्वय और उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए मुख्य विकास अधिकारी आईएएस सुनील धनवंता को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की प्रबंध निदेशक आईएएस नेहा शर्मा भी मौजूद रहीं। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया यह सम्मान स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा जिला प्रशासन के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। जिले में विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और समुदाय स्तर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। अभिभावकों की शंकाओं का समाधान किया गया और किशोरी बालिकाओं तक टीकाकरण की सुविधा पहुंचाने के लिए विशेष सत्र आयोजित किए गए।

**सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम का प्रभावी माध्यम है एचपीवी टीका-** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने बताया कि महिलाओं में होने वाले प्रमुख कैंसरों में सर्वाइकल कैंसर एक प्रमुख कारण है और इसके लगभग 99 प्रतिशत मामलों में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) संक्रमण की भूमिका पाई जाती है। उन्होंने कहा कि यह वायरस सामान्य संपर्क, हाथ मिलाने, साथ बैठने या भोजन साझा करने से नहीं फैलता, बल्कि यौन संपर्क के दौरान त्वचा और श्लेष्मा झिल्ली के निकट संपर्क से फैलता है। उन्होंने बताया कि एचपीवी संक्रमण के शुरुआती चरण में सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई नहीं देते।

# रेलवे ट्रैक के किनारे मिला युवक का संदिग्ध शव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** रिसिया रेलवे स्टेशन के पश्चिमी रेलवे क्रासिंग के पास बृहस्पतिवार सुबह रेलवे ट्रैक के किनारे एक युवक का संदिग्ध अवस्था में शव मिला। घटना की सूचना मिलते ही रिसिया और जीआरपी पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बृहस्पतिवार सुबह रिसिया-मटेरा रूट पर पश्चिमी 51 समपार फाटक के निकट रेल ट्रैक के किनारे मिले शव की पहचान विजय बहादुर (30) पुत्र राम चंद्र के रूप में हुई है। वह जनपद सुल्तानपुर के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सिदिलपुर गांव का निवासी था।मृतक विजय बहादुर की ससुराल मटेरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर-शंकरपुर निवासी गोपाल सिंह पुत्र तीरथ राज के यहां है। विजय बहादुर की शादी छह वर्ष पूर्व गोपाल सिंह की पुत्री रेखा से हुई थी। उनके दो पुत्र रुद्र और कान्हा हैं। गोपाल सिंह अपनी पत्नी, पुत्री और दामाद सहित रिसिया कस्बे में किराए के कमरे में रहते थे। ससुराल वालों ने बताया कि विजय बहादुर दो दिन पहले बहराइच जाने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं आया।

# किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता : दिनेश प्रताप

- उद्यान मंत्री ने मण्डी परिषद मुख्यालय में की समीक्षा बैठक
- और अधिक पारदर्शी, आधुनिक एवं किसान हितैषी बनाई जाये मंडी व्यवस्था
- सितंबर तक एग्रीमॉल का उद्घाटन और 'मंडी हाट पैड' के शीघ्र विकास के दिये निर्देश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने गुरुवार को राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद मुख्यालय में मण्डी परिषद के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभागीय कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा बैठक की। कार्यों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन करते हुए अधिकारियों को योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की मण्डियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करते हुए उन्हें किसानों, व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुविधाजनक बनाया जाए। उन्होंने मण्डियों में स्वच्छता, पेयजल, विद्युत, सड़क, सुरक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ विकसित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए मण्डियों में पारदर्शी व्यवस्था, डिजिटल सेवाओं का विस्तार तथा ई-नाम सहित अन्य तकनीकी सुविधाओं का अधिकाधिक उपयोग सुनिश्चित किया जाए। कृषि उत्पादों के विपणन एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक आधारभूत संरचना के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाए। मण्डी परिषद द्वारा संचालित विकास कार्यों एवं निर्माण परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए। किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि विपणन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और इस दिशा में सभी अधिकारियों को परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनानी होगी। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को उनकी उपज के विक्रय हेतु स्थानीय स्तर पर सुविधाजनक एवं सुरक्षित बाजार उपलब्ध कराने के लिए मंडी हाट पैड योजना के अंतर्गत आवश्यक स्थलों का शीघ्र विकास एवं निर्माण कराने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर मण्डी निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : ए.के. शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने गुरुवार को लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास पर आयोजित जनसुनवाई में विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान विद्युत बिल संशोधन, नए विद्युत कनेक्शन, ट्रांसफार्मर स्थापना, पेयजल, सीवर, सफाई, अतिक्रमण सहित अन्य जनसमस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं।

मंत्री शर्मा ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने



स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी तथा प्रत्येक शिकायत का निस्तारण संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ किया जाए। जनसुनवाई को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मंत्री शर्मा ने आज विशेष रूप से ऊर्जा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर यूपीपीसीएल के निदेशक (वाणिज्य) ध्यान मथाई तथा निदेशक (तकनीकी) जी. डी. द्विवेदी जनसुनवाई में उपस्थित रहे। मंत्री शर्मा ने दोनों अधिकारियों को विद्युत संबंधी शिकायतों का मौके पर परीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के कड़े निर्देश दिए।

## खबरें एक नजर में

### पंकज चौधरी ने जताया निधन पर शोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी व प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने पत्रकार कमल तिवारी की पूज्य माता जी उमा तिवारी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

### देर रात दुकानों में लगी भीषण आग ढाई घंटे तक जलती रही डेयरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के मड़ियांव क्षेत्र के मुक्तकीपुर स्थित आईआईएम रोड पर बुधवार देर रात करीब 1 बजे सड़क किनारे बनी दुकानों में भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में कई दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब आठ फायर टेंडरों की मदद से करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया गया। आग में न्यू भारत दूध डेयरी, फर्नीचर की दुकान, चाय की दुकान, नदीम जनरल स्टोर, वेल्डिंग की दुकान, किराना स्टोर, एसी रिपेयरिंग की दुकान सहित अन्य दुकानें जलकर खाक हो गईं। फायर विभाग के अनुसार, आग लगने की सूचना अग्निशमन केंद्र बख्शी का तालाब को मिली। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के निर्देश पर प्रभारी अग्निशमन अधिकारी बीकेटी के नेतृत्व में दो फायर टेंडर तत्काल मौके पर भेजे गए। वहां पहुंचने पर आग विकराल रूप ले चुकी थी और तेजी से फैल रही थी। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इंदिरानगर से एक, चौक से दो, हजरतगंज से वाटर बाउजर और मल्टी डिजास्टर रिस्पांस व्हीकल समेत अतिरिक्त दमकल वाहनों को मौके पर बुलाया गया। सभी टीमों ने चारों ओर से घेराबंदी कर लगातार पानी की बौछार की, जिसके बाद आग पर नियंत्रण पाया गया।

### राजधानी में मूसलाधार बारिश, कई इलाकों में नाले-नालियां चोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में गुरुवार को सुबह 6 बजे से मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। करीब ढाई घंटे तक अलग-अलग इलाकों में अलग-अलग समय में जोरदार बरसात होती रही। काले बादल गरज-चमक के साथ बरसते रहे। रात में भी आंधी के साथ जोरदार बारिश हुई थी। मौसम विभाग ने आज के लिए बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। गोमतीनगर और शहर के पूर्वी इलाके में करीब आधे घंटे तक झमाझम बारिश हुई। उसके बाद 7.20 बजे से पारा, दुबग्गा और शहर के दक्षिणी-पश्चिमी इलाके में तेज बारिश हुई। आधे घंटे की बारिश में कई कॉलोनियों के नाले-नालियां चोक हो गए। सरोजनी नगर में 7.54 बजे से जोरदार बारिश शुरू हुई। यहां भी आधे घंटे बरसात हुई। गोमतीनगर की तरफ 8.36 बजे तेज धूप निकल आई। मौसम विभाग का अनुमान है कि आज लखनऊ का अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा। दिन में कई बार बारिश की संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 28 सेल्सियस रहा। अधिकतम आर्द्रता 78 फीसदी और न्यूनतम आर्द्रता 62 फीसदी रही है। कल 5.1 मिलीमीटर बारिश हुई, जबकि इस दिन सामान्य बारिश का औसत 11.1 मिलीमीटर था। मानसून में अभी तक 104.8 मिलीमीटर बरसात हुई, जबकि सामान्य बारिश का औसत 194.8 मिलीमीटर है।

### ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर चोरी करने वाले छह गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ कमिश्नरेट की गोमतीनगर विस्तार पुलिस ने ज्वेलरी शॉप में शटर तोड़कर लाखों रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर, 7 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 720 रुपए नकद और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा बरामद किया है। गोमतीनगर विस्तार थाना क्षेत्र के गीतापुरी चौराहा, खरगापुर स्थित वेंकटेश ज्वैलर्स के संचालक शैलेन्द्र सोनी ने 14 जुलाई को दुकान का शटर तोड़कर चोरी किए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। उनकी तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। एडीसीपी पूर्वी अमोल मुरकुट ने 4.30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। संदिग्धों और पुराने अपराधियों से पूछताछ के बाद पुलिस छह आरोपियों तक पहुंची। गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बंधा रोड स्थित शालीमार अपार्टमेंट के पास से सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बाघामऊ गोमतीनगर विस्तार निवासी धीरज यादव (28), राम आसरे पुरवा गोमतीनगर विस्तार निवासी नीरज कुमार चौधरी (24), लोनापुर थाना बीबीडी निवासी सचिन राज (23), झुग्गी झोपड़ी सीएमएस की पीछे निवासी सर्वेश राज (22), गुरुद्वारे के पास झुग्गी झोपड़ी विपुलखण्ड निवासी धर्मेन्द्र निषाद (19) और जीडीए लान के सामने एसटीपी चौराहे पर थाना बीबीडी निवासी सुमित सिंह (20) के रूप में हुई। सभी मौजूदा समय में लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में रह रहे थे। धीरज दूध बांटने का काम करता है। उसी ने घूमकर पहले रेकी की थी। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चांदी के बर्तन, पूजा सामग्री, पायल, अंगूठियां, कान की बालियां, नोजपिन, मंगलसूत्र, चेन समेत बड़ी संख्या में सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए हैं। इसके अलावा 7 एंड्रॉयड मोबाइल फोन, 720 रुपये नकद और वारदात में इस्तेमाल किया गया ई-रिक्शा (यूपी 32एसटी 5972) भी जब्त किया गया है।

# गन्ने की छह माह में तैयार होने वाली प्रजातियां विकसित की जाएं : लक्ष्मी नारायण

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने वैज्ञानिकों से विशेष अनुसंधान करने का आग्रह करते हुए कहा कि मात्र 06 महीने में तैयार होने वाली गन्ने की प्रजातियां विकसित की जाएं। कहा कि कीटों और गंभीर बीमारियों के प्रति टिकाऊ प्रतिरोधी क्षमता वाली किस्में बनाई जाएं। उन्होंने किसानों से कंपोस्ट और जैविक खादों के अधिकाधिक उपयोग की अपील की। वह गुरुवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 98वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

गन्ना मंत्री ने कहा कि प्रदेश के लाखों किसानों की आजीविका गन्ना खेती पर आधारित है। पिछले वर्षों में प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों तथा किसानों की मेहनत के



परिणामस्वरूप गन्ना उत्पादन एवं उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है।

अपने संबोधन में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि कृषि क्षेत्र में वैज्ञानिक अनुसंधान का प्रत्यक्ष लाभ किसानों तक पहुंचाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा कि किसानों तक अधिक उपज एवं रोग प्रतिरोधी गन्ना किस्मों की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। गन्ने के साथ दलहन एवं तिलहन फसलों की सहफसली खेती को प्रोत्साहित किया जाए, जिससे किसानों की आय में वृद्धि हो तथा भूमि की उर्वरता भी बनी रहे। गन्ना समितियों के सहयोग से गन्ना खेती में यंत्रीकरण को बढ़ावा देते हुए आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

संस्थान के निदेशक ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा मुख्य लक्ष्य प्रदेश में गन्ने की उत्पादकता को 115 टन प्रति हेक्टेयर तक पहुंचाना है। एस0एन0 सुशील ने कहा कि उन्नत उत्पादन हेतु अनुसूचित जाति - उप योजना के अन्तर्गत किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण के साथ ही कृषि सामग्री भी उपलब्ध कराई गयी।

इस अवसर पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर डॉ0 दिनेश, नोडल अधिकारी आर0आर0 वर्मा सहित भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान के निदेशक एस0 एन0 सुशील के अतिरिक्त बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे। इस अवसर पर किसानों को मंत्री ने कृषि सामग्री भी वितरित की।

# काशी बनेगी विश्वस्तरीय धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक नगरी : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा वाराणसी के लिए 25,445.96 करोड़ की लागत वाली दो महत्त्वपूर्ण मेगा हाईवे एवं एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान किए जाने पर प्रधानमंत्री का हृदय से आभार एवं अभिनंदन व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी के सर्वांगीण विकास को सदैव सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। उनके नेतृत्व में वाराणसी विश्वस्तरीय धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यटन एवं आर्थिक केंद्र के रूप में निरंतर विकसित हो रही है।

इन दोनों महत्त्वपूर्ण एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजनाओं के निर्माण से वाराणसी की यातायात व्यवस्था में



क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा तथा शहर को जाम की गंभीर समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विश्वास व्यक्त किया कि इन दोनों मेगा परियोजनाओं के पूर्ण होने के बाद वाराणसी केवल धार्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी ही नहीं बल्कि आधुनिक शहरी अवसंरचना, व्यापार, निवेश, पर्यटन और बहुआयामी परिवहन का राष्ट्रीय मॉडल बनकर उभरेगा।

# जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : डॉ. ए.के. गुप्ता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में गुरूवार को मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग बीबीएयू एवं राज्य संग्रहालय, लखनऊ, संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में भू-जल सप्ताह के अवसर परआने वाली पीढ़ियों हेतु सुरक्षित जल : एक सामूहिक जिम्मेदारी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की।



मुख्य अतिथि एवं वक्ता तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अपर निदेशक डॉ. ए.के. गुप्ता ने कहा कि विश्व में पेयजल के उपलब्ध स्रोत लगातार घटते जा रहे हैं, जिससे जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। इसीलिए वैज्ञानिक तकनीकों के साथ-साथ पारंपरिक एवं स्थानीय जल संरक्षण विधियों को अपनाकर वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा संचालित नमामि गंगे तथा अन्य जल संरक्षण योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन पहलों के माध्यम से नदियों के संरक्षण, स्वच्छता एवं पुनर्जीवन की दिशा में प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शुगर मिलों, थर्मल पावर प्लांटों तथा अन्य औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट के कारण जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं, इसीलिए रेगुलेटरी अर्थॉरिटीज़ को इस दिशा में और अधिक प्रभावी एवं सख्त निगरानी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जितना जल प्राकृतिक स्रोतों से प्राप्त करते हैं, उतना ही जल बचाने एवं उसके पुनर्भरण का प्रयास करना हमारा नैतिक दायित्व है। साथ ही उन्होंने मिशन लाइफ अभियान पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने और जल संरक्षण को दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने कहा कि वर्तमान समय में जल संकट केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरे विश्व के सामने एक गंभीर चुनौती के रूप में उभर रहा है। बढ़ती जनसंख्या, अनियंत्रित भू-जल दोहन तथा जल स्रोतों के प्रदूषण के कारण जल संरक्षण की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में हम सभी का नैतिक दायित्व है कि जल का विवेकपूर्ण सदुपयोग करें तथा वर्षा जल संचयन, भू-जल पुनर्भरण और जल संरक्षण से जुड़े प्रयासों को जन-आंदोलन का स्वरूप दें।

# कारीगरों व छोटे उद्यमियों को सीएफसी से जोड़ने के लिए चलाया जाए अभियान : मुख्य सचिव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य सचिव एस.पी. गोयल की अध्यक्षता में ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) सामान्य सुविधा केन्द्र (सीएफसी) योजनान्तर्गत निर्मित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक गुरूवार को आयोजित की गई।

अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि सभी सीएफसी को उद्यमियों, बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों के लिए अधिक उपयोगी, सुलभ और प्रभावी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि सीएफसी की व्यवहार्यता एवं उपयोगिता बढ़ाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाए तथा जिला प्रशासन, बैंकों एवं अन्य



संबंधित एजेंसियों के समन्वय से नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। गोयल ने निर्देश दिए कि सीएफसी की पहुंच अधिक से अधिक लाभार्थियों तक सुनिश्चित करने के लिए इंस्टाग्राम, यूट्यूब, फेसबुक, व्हाट्सएप सहित विभिन्न डिजिटल एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय उपस्थिति बनाई जाए। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में डोर-टू-डोर जनजागरूकता अभियान चलाकर पम्पलेट वितरित किए जाएं तथा उद्योग बंधु और विभिन्न इंडस्ट्री एसोसिएशनों के माध्यम से जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि स्थानीय उद्योगों, सूक्ष्म उद्यमियों और हस्तशिल्पियों को सीएफसी की सुविधाओं की जानकारी मिल सके और गुणवत्ता व उत्पादकता में सुधार हो। उन्होंने कहा कि जिला एवं मंडल स्तरीय उद्योग बंधु की बैठकें सीएफसी परियोजना स्थलों पर आयोजित की जाएं, जिससे अधिक से अधिक उद्यमी, बुनकर और हस्तशिल्पी इन केन्द्रों की गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं से सीधे परिचित हो सकें। मुख्य सचिव ने अधिक से अधिक छोटे उद्यमियों, बुनकरों एवं हस्तशिल्पियों को सीएफसी का सदस्य बनाकर यूजर बेस बढ़ाने पर विशेष बल दिया। नई सीएफसी परियोजनाओं के चयन में यह सुनिश्चित किया जाए कि उनका स्थान कारीगर एवं हस्तशिल्प बहुल क्षेत्रों में हो, जिससे उनकी उपयोगिता और प्रभावशीलता अधिकतम हो सके। बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में ओडीओपी सामान्य सुविधा केन्द्र योजना के अंतर्गत वर्तमान में 17 परियोजनाएं संचालित हैं, 13 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं तथा 11 नई परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है।

# जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी : अनुप्रिया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. में 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी को लेकर तमाम छोटी-बड़ी पार्टियां मैदान में उतर चुकी हैं। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि उनका लक्ष्य सिर्फ मंत्री बने रहना नहीं बल्कि भविष्य में यूपी में अपना दल एस की सरकार बनाना है। उन्होंने सामाजिक न्याय पर बात करते हुए प्राइवेट सेक्टर में भी आरक्षण की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि वह राजनीति में केवल मंत्री बनने के लिए नहीं आई हैं, बल्कि पार्टी का झंडा बुलंद करने आई हैं। आरक्षण के मुद्दे पर अनुप्रिया पटेल



ने अपनी पार्टी का रुख एकदम साफ कर दिया है। बोली, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी ही उनकी पार्टी का सबसे बड़ा मूल मंत्र है। उन्होंने मांग की है कि दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों को केवल सरकारी नौकरियों या प्रशासन में ही नहीं, बल्कि न्यायपालिका और मीडिया जैसे प्राइवेट सेक्टर में भी प्रतिनिधित्व और जगह मिलनी चाहिए। अपना दल का प्रभाव पूर्वांचल के कई इलाकों में काफी गहरा है। प्रतापगढ़ से लेकर जौनपुर, बनारस, मिर्जापुर और सोनभद्र तक फैली कुर्मी बेल्ट में पार्टी का दबदबा है। 2000 में सिर्फ एक विधायक से शुरू हुआ पार्टी का सफर आज काफी आगे बढ़ चुका है।

अनुप्रिया पटेल की पार्टी वर्तमान में केंद्र और राज्य में एनडीए गठबंधन का एक अहम हिस्सा ह। 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में भी उनके इसी गठबंधन के साथ रहने की उम्मीद ही। बीजेपी हिंदू एकता की बात करती है तो उनकी प्रमुख सहयोगी अनुप्रिया पटेल जातीय जनगणना और जाति के आधार पर सामाजिक न्याय की मांग करती हैं।

### कल लखनऊ आयेंगे बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार


**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनता दल यूनाइटेड के विधायक दल के नेता, बिहार सरकार के मंत्री ग्रामीण विकास, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग तथा उत्तर प्रदेश प्रभारी श्रवण कुमार 18 जुलाई को लखनऊ आ रहे है। बिहार में नई सरकार के गठन के बाद उत्तर प्रदेश का यह उनका पहला आधिकारिक दौरा होगा। मुख्य कार्यक्रम सहकारिता भवन में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक है, जिसमें श्रवण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल करेंगे।

**कार्यक्रम** | प्रमुख पशु रोगों पर राज्य स्तरीय प्रशिक्षण, पशु चिकित्सकों को दी गई जानकारी

# प्रशिक्षण कार्यक्रम से राज्य में रोगों की निगरानी व नियंत्रण की क्षमता होगी मजबूत

- प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अब अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत पशु चिकित्सकों और पैरावेट कर्मचारियों को देंगे प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



पशुओं से इंसानों में फैलने वाली बीमारियों (जुनोटिक रोगों) और नए उभरते पशु रोगों के बढ़ते खतरे को देखते हुए, पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार ने 16-17 जुलाई 2026 को होटल मर्क्यार, गोमतीनगर, लखनऊ में पशु चिकित्सकों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स (टीओटी) कार्यक्रम आयोजित किया है। प्रथम दिवस गुरुवार को प्रशिक्षण चपमहव के सहयोग से झपीगो (छ्वद्धश्वद्वद्द्दश) परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें प्रदेश के 40 जिलों से 80 सरकारी पशु चिकित्सक ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पशुपालन विभाग के विशेष सचिव देवेंद्र कुमार पांडेय ने किया। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद, निदेशक (प्रशासन एवं विकास), डॉ. संगीता तिवारी, निदेशक पशुपालन विभाग तथा विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर देवेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पशु चिकित्सक असामान्य पशु रोगों की पहचान करने वाले पहले प्रमुख अधिकारी (फर्स्ट रिस्पॉडर) होते हैं। रोगों की शीघ्र पहचान, नमूना संग्रह, प्रयोगशाला जांच, निगरानी, रिपोर्टिंग, पशुपालकों को जागरूक करना और रोग प्रकोप नियंत्रण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने और अपने-अपने जिलों में अन्य पशु चिकित्सकों एवं पैरावेट कर्मचारियों को भी प्रशिक्षित करने का आग्रह किया।

दो दिनों के इस प्रशिक्षण में आईसीएआर-आईवीआरआई-बीएचयू तथा ANDUAT, कुमारगंज (अयोध्या) के विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न महत्वपूर्ण रोगों पर तकनीकी सत्र लिए जा रहे हैं। इनमें रेबीज़, बर्ड फ्लू, लेप्टोस्पायरोसिस, जापानी इंसेफेलाइटिस, बोवाइन ट्यूबरकुलोसिस, सीसीएचएफ, एन्थ्रेक्स, स्क्रब टाइफस, ग्लैंडर्स, लंपी स्किन डिजीज, ब्रुसेलोसिस, साल्मोनेलोसिस और डर्माटोफाइटोसिस जैसे रोग शामिल हैं। प्रशिक्षण में रोग निगरानी, मानकीकृत केस परिभाषाएं, प्रयोगशाला जांच, जैव-सुरक्षा, नमूना संग्रह, पैकिंग एवं परिवहन तथा रोग प्रकोप की जांच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी जा रही है। राज्य स्तरीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दोनों चरणों में उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों के 150 सरकारी पशु चिकित्सकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षित किया गया। ये प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर अब अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यरत पशु चिकित्सकों और पैरावेट कर्मचारियों को प्रशिक्षण देंगे। इससे राज्य में पशुओं से इंसानों में फैलने वाली बीमारियों (जूनोटिक रोगों) तथा अन्य महत्वपूर्ण पशु रोगों की निगरानी, रोकथाम और नियंत्रण की क्षमता और अधिक मजबूत होगी। यह पहल पशुपालन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार की पशु चिकित्सकों की क्षमता बढ़ाने, पशु रोगों की निगरानी को मजबूत करने तथा जूनोटिक रोगों के प्रकोप से निपटने की तैयारी को बेहतर बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह कार्य 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण के तहत विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है।

# 'अन्तर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता' में प्रतिभाग के लिए सी.एम.एस. छात्र हाँगकाँग रवाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

सिटी मोन्टेसरी स्कूल का 6 सदस्यीय दल 'प्राइमरी मैथमेटिक्स वर्ल्ड कान्टेस्ट' में प्रतिभाग हेतु हाँगकाँग रवाना हो गया।

इस अवसर पर सी.एम.एस. छात्र दल को विद्यालय के शिक्षकों व अभिभावकों ने अमौसी एअरपोर्ट पर शुभकामनाएं दी। हाँगकाँग रवाना होने वाले सी.एम.एस. छात्रों में सी.एम.एस. महानगर के छात्र अहान कटियार, सी.एम.एस. इन्दिरा नगर प्रथम कैम्पस के छात्र मोहम्मद समद, सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्र आरुष निगम एवं सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की छात्रा अलिश्बा सादिक शामिल हैं। इन चारों छात्रों ने चयन परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



के आधार पर इस अन्तर्राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने की अर्हता अर्जित की है।

हाँगकाँग रवाना होने वाले सी.एम.एस. छात्र दल का नेतृत्व सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिका श्रेया गुप्ता कर रही हैं जबकि डिप्टी लीडर के रूप में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के शिक्षक अबू साद हाँगकाँग रवाना हुए हैं। सी.एम.एस. छात्र दल 19 जुलाई को स्वदेश लौटेगा। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि 'प्राइमरी मैथमेटिक्स वर्ल्ड कान्टेस्ट' का आयोजन हाँगकाँग की ख्याति प्राप्त सामाजिक-शैक्षिक संस्था पो ल्युंग कुक की मेजबानी में किया जा रहा है, जिसमें विश्व के लगभग 45 देशों के 14 वर्ष से कम उम्र के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं।

इस अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का उद्देश्य भावी पीढ़ी को गणित के समग्र ज्ञान से अवगत कराना, गणित विषय में उनकी रुचि जागृत करना, विश्व के विभिन्न देशों के प्राइमरी स्तर के छात्रों में गणित ज्ञान के आदान-प्रदान के साथ ही उनकी गणितीय प्रतिभा का उभारना है।

## खबरें एक नजर में

### शराबी ने महिला को दांत काट कर किया लहूलुहान, रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहांपुर। शराब के नशे में धुत घर में घुस बदनीयती से महिला को दबोचते ही उसके पति के आ जाने पर मकसद में कामयाब न होने पर उसके अंगों को दांतों से काटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्र की एक महिला ने दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि बीती नौ जुलाई की देर शाम करीब साढ़े सात बजे गांव खिरिया माल निवासी शिवम पुत्र नन्हें शराब पीकर उसके दरवाजे पर खड़े होकर गालियां देते हुये घर में घुस आया। आरोप है कि वह बुरी नियत से छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर शिवम ने लात घूंसो व डण्डे से मारा पीटा और मुँह से उसके दोनों आँचलो को काटकर लहू लुहान कर दिया। इसी दौरान घर पहुंचे पीड़िता के पति ने जब उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपी उनपर भी हमलावर हो गया। जिससे वह भी चोटिल हो गए। आरोप है कि शिवम जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर-शाहजहांपुर। दो बाइकों की आमने सामने हुई भिड़ंत में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सीएचसी से गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे मदनापुर क्षेत्र के गांव चाहर पुर निवासी किशनवीर पुत्र देवराज सिंह 26 बाइक से अपने गांव लौट रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही वाइक से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें किशन वीर भीड़ रूप से घायल हो गया। एंबुलेंस से उसे सीएचसी लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से ग्रामीण झुलसा

तिलहर - शाहजहांपुर। छज्जे के ऊपर निकली हाई टेंशन लाइन के नीचे घरेलू बिजली के केबल को डंडे से हिलाने के दौरान करंट लगने से ग्रामीण गंभीर रूप से झुलस गया। जिसे सीएचसी लाया गया। जहां से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मीरानपुर क्षेत्र के गांव भुसौरी निवासी सूरजपाल बुधवार देर रात अपने घर की लाइट खराब होने पर उसे सही करने छत पर चढ़े और छज्जे के ऊपर हाई टेंशन लाइन के ठीक नीचे बिजली केबल को डंडे से हिलाने लगे। इस दौरान हाई टेंशन लाइन के तार में पानी से भीगा डंडा छू गया। करंट लगने से सूरजपाल के दोनों हाथ बुरी तरह झुलस गए।

### दबंग पर सफाई कर्मचारी से मारपीट व सामान छीनने का आरोप, कार्रवाई की मांग

शाहजहांपुर। सिंधौली क्षेत्र के गांव बिलन्दपुर निवासी मुकेश कुमार वाल्मीकि, जो विकासखंड सिंधौली के ग्राम लधौला में सफाई कर्मचारी के पद पर तैनात हैं, गांव के कुछ दबंगों पर मारपीट, जातिसूचक गालियां देने और सफाई कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। पीड़ित का आरोप है कि बुधवार को सफाई के दौरान गांव के एक दबंग ने गाली-गलौज करते हुए सफाई कार्य में इस्तेमाल होने वाले उपकरण छीन लिए। विरोध करने पर आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मुकेश कुमार का कहना है कि आरोपी लंबे समय से उन्हें प्रताड़ित कर रहा है, जिससे वह भय के माहौल में कार्य करने को मजबूर हैं। घटना के बाद पीड़ित ने जिला पंचायत राज अधिकारी के नाम एडीओ तथा निगोही कोतवाली में लिखित तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### दाढ़ी बनवाने के बाद 20 रुपए को लेकर खूनी संघर्ष

**ग्राम प्रधान समेत 7 पर मुकदमा, सैलून संचालक, पिता और भाई घायल**

मदनापुर, शाहजहांपुर। क्षेत्र के बरीखास गांव में 20 रुपये की दाढ़ी के पैसे को लेकर विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि सैलून संचालक अमित श्रीवास्तव पर रास्ते में लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किया गया। बचाने पहुंचे उनके पिता लालू और भाई सूरज भी घायल हो गए। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मदनापुर पुलिस ने बरीखास ग्राम प्रधान अगरपाल, उनके पुत्रों व परिजनों समेत सात लोगों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घायलों को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर में भर्ती कराया गया है। वहीं ग्राम प्रधान अगरपाल ने आरोपों को निराधार बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने बताया कि हम लोग घटना में सम्मिलित नहीं थे,पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पुलिस सुस्त, चोरों ने तोड़ा मंदिर का दानपात्र, आस्था को लगा बड़ा झटका

जलालाबाद, शाहजहांपुर। जनपद के परशुरामपुरी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की बदहाली का एक और चैंकाने वाला मामला सामने आया है। खंडहर रोड स्थित चैहान मार्केट में चोरों ने शंकर महाराज मंदिर के गर्भगृह को निशाना बनाते हुए दानपात्र (गोलक) को तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। भक्तों की सालभर की जमा-पूंजी पर फिरा पानी मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि इस दानपात्र में पिछले एक साल से श्रद्धालु जन्माष्टमी उत्सव और मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बूंद-बूंद करके धन एकत्रित कर रहे थे। जन्माष्टमी के त्योहार से ठीक दो महीने पहले हुई इस घटना ने स्थानीय निवासियों और व्यापारियों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। बुधवार सुबह जब श्रद्धालु पूजा के लिए पहुंचे, तो मंदिर का ताला टूटा और सामान बिखरा देख सन्न रह गए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जलालाबाद क्षेत्र में पुलिस गश्त केवल कागजों में सिमट कर रह गई है। याकूब चैराहे पर हुई लाखों की पिछली चोरी का खुलासा न होना पुलिस की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर रहा है। सुरक्षा के दावों के बीच अपराधियों द्वारा भगवान के घर में ही चोरी को अंजाम देने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी नहीं हुई, तो वे आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

### बिजली संकट से परेशान ग्रामीणों ने जेई का किया घेराव, दी आंदोलन की चेतावनी



जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद क्षेत्र में व्याप्त भीषण बिजली संकट और अघोषित कटौती से आक्रोशित भानपुर, उमरा, जसनपुर, बरेड़ा और रमापुर के ग्रामीणों व किसानों ने गुरुवार को बिजली घर पहुंचकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया। आक्रोशित ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए बिजली घर के जूनियर इंजीनियर (जेई) जगदीश प्रसाद निषाद का घेराव किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शासन द्वारा निर्धारित 12 घंटे की विद्युत आपूर्ति के स्थान पर उन्हें बमुश्किल 2-3 घंटे ही बिजली मिल पा रही है। धान की रोपाई के इस महत्वपूर्ण समय में बिजली की भारी किल्लत के कारण सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इसके अतिरिक्त, लगातार हो रही ट्रिपिंग और तकनीकी फॉल्ट के कारण ग्रामीणों के सामने पेयजल का भी भारी संकट उत्पन्न हो गया है। घेराव के दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि अविलंब विद्युत आपूर्ति सुचारू नहीं की गई, तो वे आमरण अनशन करने के लिए विवश होंगे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जेई जगदीश प्रसाद निषाद ने 24 घंटे के भीतर व्यवस्था में सुधार का आश्वासन दिया है। हालांकि, ग्रामीणों ने इस आश्वासन पर अविश्वास जताते हुए भविष्य में बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान फरमान, आसिफ, फैसल, हिजाब, फरीद, अजीम, गुफरान और सोएब सहित भारी संख्या में किसान व स्थानीय निवासी मौजूद रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सुधार नहीं हुआ, तो वे जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे।

### पंचायतों-स्कूलों में लगेंगे सायरन व बनाए जाएंगे असेम्बली सेंटर

**डीएम की पहल पर बाढ़-आपदा से निपटने की तैयारी तेज**

शाहजहांपुर। जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनडीआरएफ एवं पीएसी फ्लड यूनिट के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में 8वीं वाहिनी एनडीआरएफ, गाजियाबाद के कमांडेंट सुदेश कुमार तथा पीएसी फ्लड यूनिट के टीम लीडर वरिष्ठ निरीक्षक गौरव कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।बैठक में आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिला प्रशासन की पहल पर यह सहमति बनी कि बाढ़ या अन्य आपदा की स्थिति में लोगों को समय रहते सचेत करने के लिए ग्राम पंचायतों एवं विद्यालयों में सायरन लगाए जाएंगे तथा सुरक्षित स्थानों पर असेम्बली सेंटर विकसित किए जाएंगे, ताकि आपात स्थिति में लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया जा सके। बैठक के दौरान एनडीआरएफ कमांडेंट ने बाढ़ एवं आपदा प्रबंधन को लेकर कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिलाधिकारी ने इन सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि सभी बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी, जिससे जिले की आपदा प्रबंधन व्यवस्था और अधिक मजबूत हो सके।

# मंडल कार्यक्रम प्रबंधक ने पुवायां सीएचसी का किया निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान सीएचसी में मिली काफी खामियां**




पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़। मंडल कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम ने सीएचसी का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने सभी वार्डों को भलीभांति देखा ओर मरीजों से हालचाल पूछा उसी दौरान ट्रेनिंग पर आए फार्मासिस्ट के युवकों को बगैर यूनिफॉर्म में देखकर उनकी फटकार लगाई साथ ही कहा कि बगैर यूनिफॉर्म के सीएचसी में न आए। गुरुवार को मंडल कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम बरेली शाहिद हुसैन व रिएजनल मैनेजर अमरीश कुमार ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेडिसिन स्टॉक, दवाओं की उपलब्धता एवं स्नेक बाइट और डॉग बाइट वैक्सीन की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने दवाई स्टोर में रखी दवाइयों के रख रखाव के लिए फार्मासिस्ट नजमा की फटकार लगाई साथ ही कहा कि दवाइयों को व्यवस्थित तरीके से लगाएं, ओर जो दवाइयां न हो तो उन्हें मंगवाओ ओर मरीजों का सुचारू रूप से इलाज करों। दवाइयों की सूची बनाकर दीवार पर लगाएं ताकि आम लोग उसे देखे। उसके बाद शाहिद हुसैन ने मरीजों को देखा जहां उन्हें एक युवक बोतल लगाते मिला तो उन्होंने उस युवक से पूछा कि तुम सीएचसी में कौन हो। उसके बाद उसने जबाब में कहा कि हम ट्रेनिंग पर आए है। जब यह बात सुनी तो उन्होंने उसकी फटकार लगाते हुए कहा कि बगैर ड्रेस में ट्रेनिंग नही होगी। क्योंकि बगैर ड्रेस में कौन समझेगा की तुम सीएचसी से हो या सफाईकर्मी इसलिए यूनिफॉर्म में ही ट्रेनिंग पर आए। उसके बाद उन्होंने जच्चा बच्चा से मिले ओर उन्होंने उनसे पूछा कि तुम्हें दूध या अन्य सामग्री खाने को मिली तो महिला ने कहा कि साहब हमे दूध पीने को मिला है। ओर यहां अच्छी तरह देखभाल की जा रही है।

## बुखार से पीड़ित मरीज को देखने नहीं पहुंचे डॉक्टर, भाई ने वीडियो किया वायरल

**बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर ले गए थे परिजन**

पुवायां, शाहजहांपुर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) एक बार फिर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सुर्खियों में है। कुछ दिन पूर्व एक मेडिकल स्वामी अस्पताल में डॉक्टर के साथ मरीज को दवाई लिख रहा था इसका वीडियो वायरल हुआ था। जिस मामले में जिलाधिकारी ने एसडीएम सदानंद सरोज को अस्पताल का निरीक्षण करने के निर्देश दिए थे। निरीक्षण में तमाम खामियां मिली थी। जिसकी उन्होंने रिपोर्ट डीएम को भेजी थी।लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। नगर के मोहल्ला राम नगर निवासी गौतम ने बताया कि भाई गौरव को बुधवार को तेज बुखार आ गया। वह उन्हें सरकारी अस्पताल लेकर गए। काफी देर तक कोई डॉक्टर उनके भाई को देखने नहीं आया जिससे वह बुखार से कराहता रहा। काफी देर बाद एक ट्रेनिंग पर काम कर रहा व्यक्ति आया। गौतम ने उससे इलाज के लिए कहा तब बीपी नापने वाली मशीन लाया। लेकिन वह मशीन खराब थी। जिससे बीपी की नाप नहीं हो सकी। और इंजेक्शन लगाने के लिए तो उसने कहा कि वह खुद चलकर जाए इंजेक्शन लगवाए। तेज बुखार होने के कारण वह जाने में असमर्थ रहा।तथा उसका सही ढंग से इलाज भी नहीं हुआ। तब भाई गौतम ने डॉक्टर पर समय से इलाज न करने का आरोप लगाते हुए अपनी फेसबुक आईडी से सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करते हुए कह रहा है। की अस्पताल में लेकर आए हुए 2 घंटे हो गए हैं। वह बुखार से तड़प रहे हैं। लेकिन कोई भी डॉक्टर देखने नहीं आया है और डॉक्टर इमरजेंसी कक्ष में कुर्सी पर बैठे हुए आराम फरमा रहे हैं।

## महिला ने पति समेत 6 लोगों पर दहेज उत्पीड़न का लगाया आरोप

**सीओ को पत्र देकर लगे कार्रवाई की गुहार**

पुवायां, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने पति समेत 6 लोगों पर दहेज उत्पीड़न तथा दूसरा विवाह करने का आरोप लगाते हुए सीओ को पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। गांव नाहिल तथा हाल निवासी पूजा पुत्री संजय ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि मेरी शादी लगभग 4 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव जेवां निवासी एक व्यक्ति के साथ हुई थी। शादी के बाद से दोनों लोग दिल्ली में रह रहे थे। और एक पुत्र भी है। अचानक एक दिन उनके पति दिल्ली में ही पंजाबी बाग अशोक पार्क मेन राजपुरा में मुझे और बच्चे को छोड़कर चले गए। उन्होंने काफी तलाश किया और कई बार उनके पास फोन किया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठया। जैसे तैसे वह अपने मायके पहुंची और उन्होंने घटना की जानकारी अपने घर वालों को दी। इसके बाद मायके वालों ने पूजा के पति घर वालों से बात की तब उन्होंने अतिरिक्त दहेज में एक फोर व्हीलर गाड़ी 300000 की मांग की। इसी बीच पति ने 30 मार्च को दूसरी शादी कर ली। जब घर वालों ने उसके पति से बात की तब उसने धमकी दी और कहा कहीं शिकायत की तो तुम्हें और बच्चे को मार देंगे तथा तेजाब से जला देंगे। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

## धान की फसल की रखवाल को गए किसान को सांड ने मार डाला

**आए दिन छुट्टा पशु ले रहे लोगों की जानें, प्रशासन मूकदर्शक बना**



खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के ग्राम उत्तमपुर में गुरुवार तड़के एक दर्दनाक हादसे में आवारा सांड के हमले से किसान की मौत हो गई। घटना से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं मृतक के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, ग्राम उत्तमपुर निवासी सुखलाल (48 वर्ष) पुत्र खेमकरन गुरवार सुबह करीब चार बजे अपने धान की फसल की रखवाली के लिए खेत जा रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर अचानक एक आवारा सांड ने पीछे से उन पर हमला कर दिया। जोरदार टक्कर लगने से सुखलाल गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक की पत्नी सरस्वती थाना खुदागंज पहुंचीं और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य के निर्देशन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव का पंचायतनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। मृतक सुखलाल खेती और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी सरस्वती के अलावा दो पुत्र विश्राम (21 वर्ष), सुमित (18 वर्ष) तथा एक पुत्री नैंसी (20 वर्ष) हैं। पिता की असमय मौत से तीनों बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया, जबकि पत्नी सरस्वती का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में शोक का माहौल बना हुआ है। प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई की है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। फिलहाल मौके पर कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है। घटना के बाद ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ते आवारा पशुओं के आतंक पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि आए दिन आवारा पशु खेतों में नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ लोगों की जान के लिए भी खतरा बन रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से आवारा पशुओं के प्रभावी प्रबंधन की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## फर्राटा पंखे में करंट उतरने से आठवीं की छात्रा की मौत



खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़। थाना क्षेत्र के गांव रामपुर कलां में गुरुवार को करंट लगने से 15 वर्षीय छात्रा की दर्दनाक मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह घर के टीन शेड के नीचे आलू छांट रही थी। सूचना मिलने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव निवासी हरीराम जाटव ने बताया कि उनकी पुत्री पूजा, जो कक्षा आठ की छात्रा थी, गुरुवार सुबह घर पर ही काम कर रही थी। उनकी पत्नी राजेश्री देवी बड़ी बेटी के यहां पीलीभीत जनपद के जोगराजपुर गांव में नाती के जन्म के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में गई हुई थीं। दोनों छोटे बेटे स्कूल चले गए थे, जबकि बड़ी बेटी रोली पड़ोस में रिश्तेदारी में थी। हरीराम स्वयं मजदूरी करने गए थे। दोपहर करीब 12 बजे जब वह खाना खाने घर लौटे तो देखा कि पूजा टीन शेड में गिरी पड़ी थी और उसके ऊपर फर्राटा पंखा पड़ा हुआ था। उसकी गर्दन और बाएं पैर पर करंट से झुलसने के निशान थे तथा सांसें चल रही थीं। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तत्काल 108 एंबुलेंस से उसे सीएचसी खुटार ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक पूछताछ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी।

### तालाब में डूबने से युवक की मौत



जैतीपुर, शाहजहांपुर। जैतीपुर थाना क्षेत्र के गांव भीटारा में गुरवार को तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान 'नरसिंह' पुत्र 'शंकरलाल' निवासी ग्राम भिटारा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि किसी कारणवश वह गांव के तालाब में डूब गया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और उसे बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। नरसिंह अपने पीछे पत्नी 'काजल, पांच वर्षीय पुत्र 'दीपांशु' और तीन वर्षीय पुत्र 'प्रीतम' को छोड़ गए हैं। उनकी माता 'भिरावती' का भी रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक चार भाइयों में एक थे। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### अलग-अलग स्थानों पर दो ग्रामीणों को सांप ने डसा, सीएचसी से मेडिकल कॉलेज रेफर

तिलहर - शाहजहांपुर। क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में सांप के डसने से दो किसान अचेत हो गए। दोनों को सीएचसी लाया गया। जहां से गंभीरावस्था में दोनों को जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। बुधवार देर शाम साढ़े सात बजे रामसेवक पुत्र रामश्रय 35 को धान के खेत में पानी लगाने के दौरान सांप ने डस लिया। परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। वहीं मदनापुर क्षेत्र के ग्राम रजपुरा निवासी ओमेंद्र पुत्र रामपाल 25 को देर रात करीब साढ़े बारह बजे चारपाई से नीचे उतरने के दौरान सांप ने डस लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें भी जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## भूमि की पैमाइश कराने के लिए वर्षों से चक्कर काट रहा दिव्यांग



बंडा, शाहजहांपुर। भूमि की पैमाइश कराने के लिए पीडब्ल्यूडी विभाग के अलावा थाना दिवस और तहसील दिवस के अधिकारियों के वर्षों से चक्कर काट रहे दिव्यांग की अभी तक पैमाइश नहीं हो सकी है। अब मुख्यमंत्री से पैमाइश कराने की गुहार लगाई है। गांव देवकली के दिव्यांग अवधेश अवस्थी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर बताया कि उनकी जमीन गाटा संख्या 275 76 पर कमालपुर रोड निकाल दिया गया जिसका उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला शेष जमीन पर गांव के दो व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण कार्य कर दिया है उन्होंने बताया कि कई बार पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से भी मांग की गई लेकिन उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया इसके बाद कई वर्षों से थाना दिवस से लेकर तहसील दिवस के अधिकारियों से मांग कर चुके हैं लेकिन पैमाइश नहीं कराई जाती है।

## नगर में श्रद्धा और उत्साह के साथ निकली भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा



खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़। खुदागंज नगर में भगवान श्री जगन्नाथ जी की पावन रथ यात्रा गुरुवार को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ निकाली गई। रथ यात्रा का शुभारंभ श्री महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज से विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। रथ यात्रा इंटर कॉलेज से प्रारंभ होकर पुराना शिव मंदिर मार्ग, हामिद अस्पताल वाली गली होते हुए मुख्य बाजार पहुंची। इसके बाद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता के आवास पर भगवान श्री जगन्नाथ जी की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई। श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर भगवान का स्वागत किया और पूरे मार्ग पर "जय जगन्नाथ" के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके उपरांत रथ यात्रा रामसहाय चैराहा से होते हुए महादेवन मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और भगवान श्री जगन्नाथ जी के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह, सौरभ गुप्ता, नीटू, बालिस्टर सिंह, कृष्ण कुमार सक्सेना, मुन्नू सिंह, संजय कुमार गुप्ता, गुरपाल सिंह तथा कृपा शंकर रस्तोगी, राजीव कश्यप, सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। रथ यात्रा के दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार मौर्य समस्त पुलिस बल के साथ पूरे समय मौजूद रहे। पुलिस प्रशासन ने यात्रा मार्ग पर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखा, जिससे रथ यात्रा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हुई।

## बिजली कटौती से भीषण गर्मी में ग्रामीणों का हाल बेहाल

**उर्जा मंत्री से मिले विधायक अरविंद सिंह, बताई बिजली की समस्याएं**



कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़। कुर्रियाकलां क्षेत्र को चैनपुर विद्युत उपकेंद्र से बिजली सप्लाई मिलती है। इस समय बड़े पैमाने पर हो रही बिजली कटौती, लो वोल्टेज और रात में बार बार ट्रिपिंग से भीषण गर्मी में ग्रामीणों का हाल बेहाल है। विद्युत आपूर्ति इस समय पूरी तरह चरमरा गई है। नलकूप बंद रहने से फसलो की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है। उपकेंद्र के चैनपुर समेत कुर्रिया और निकरा फीडर से जुड़े 79 गांवों में 24 घंटे में मात्र पांच से छह घंटे बमुश्किल बिजली मिलने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। रोजाना 18 घंटे बिजली कटौती से घरों में पानी का संकट भी हो रहा है। खेतों में लगे नलकूप, सबमर्सिबल पंप के लिये आवश्यक थ्री फेस बिजली भी सिर्फ चार-पांच घंटे मिलने से धान की सिंचाई प्रभावित हो रही है।इमलिया गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने बुधवार को उपकेंद्र पहुंचकर जेई को ज्ञापन देकर विद्युत आपूर्ति के सुधार की मांग की। ऐसे में युवा सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी आवाज जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाने में लगे हैं। जिसका संज्ञान लेकर विधायक अरविंद सिंह ने ऊर्जा मंत्री से मिलकर उन्हें दरदरौल क्षेत्र के अभाज्ञन फीडर से जुड़े कांट, भैंसटा कलां, बादशाह नगर फीडर के गांवों में बिजली कटौती से अवगत कराकर सुधार की मांग की।

## खुदागंज सरकारी पशु चिकित्सालय परिसर में पसरी अव्यवस्था, झाड़ियों से बढ़ा खतरा



खुदागंज, शाहजहांपुर। खुदागंज ब्लॉक स्थित सरकारी पशु चिकित्सालय का परिसर इन दिनों बदहाल स्थिति में दिखाई दे रहा है। अस्पताल परिसर में जगह-जगह घनी झाड़ियां और ऊंची घास उग आई हैं, वहीं कई स्थानों पर गंदगी भी फैली हुई है। बरसात के मौसम में यह स्थिति और चिंताजनक हो गई है, जिससे परिसर में जहरीले सांप एवं अन्य विषैले जीव-जंतुओं के निकलने की आशंका बनी रहती है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में पशुपालक अपने बीमार पशुओं के उपचार के लिए चिकित्सालय पहुंचते हैं, लेकिन परिसर में फैली अव्यवस्था के कारण उन्हें असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से नियमित साफ-सफाई और झाड़ियों की कटाई न होने से अस्पताल की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी संस्थान होने के बावजूद परिसर का समुचित रखरखाव नहीं किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभाग से शीघ्र साफ-सफाई कराकर झाड़ियों की कटाई कराने की मांग की है, ताकि पशुपालकों, कर्मचारियों एवं चिकित्सकों को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी अरविंद दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जल्द ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई एवं झाड़ियों की कटाई कराकर व्यवस्था दुरुस्त कराई जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत, धड़ चक्के में फंसने के कारण जनता एक्सप्रेस को करीब आधा घंटे रोका गया

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बीती रात एक युवक की ट्रेन से कटकर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक का शव ट्रेन के चक्के में फंसे होने के चलते ट्रेन को रोककर शव निकालने के बाद ट्रेन गंतव्य को रवाना हो सकी। इस दौरान करीब आधा घंटे ट्रेन विलंब से रवाना हो सकी। बुधवार रात करीब पौने नौ बजे सूचना दी गई कि किलोमीटर संख्या 1242/29 – 31 के मध्य अपलाइन ग्राम गोपालपुर में गेट नंबर 27 के पास एक युवक का शव जनता एक्सप्रेस में फंसा हुआ है। जिसके कारण जनता एक्सप्रेस मौके पर रोक दी गई। पुलिस ने जीआरपी तथा आपीएफ के सहयोग से शव को ट्रेन से निकलवाया गया। ट्रेन की चपेट में आने के कारण मृतक का सिर धड़ से अलग हो गया। सर मौके से करीब 10 फीट दूर मिला। तलाशी लेने पर मृतक के बैग से आधार कार्ड के मुताबिक मृतक की आदित्य कुमार पुत्र हरिश्चंद्र निवासी गांव बेलहरा शाहपुर जागीर जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में पहचान हुई। एक मोबाइल भी मिला जिसके माध्यम से मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। मौके पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया।

### रामगंगा नदी के जलस्तर में अचानक वृद्धि होने से कोलाघाट पुल निर्माण का कार्य हुआ प्रभावित



**मिर्जापुर, शाहजहांपुर।** उत्तराखंड के पहाड़ों पर हुई बारिश से क्षेत्र में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने लगा है। जिससे रामगंगा के किनारे मक्का,पेठा आदि की तैयार फसलों पर संकट के बदल मंडराने लगे हैं। हालांकि अभी बाढ़ से कोई खतरा नहीं है। किंतु कोलाघाट में नए पुल के निर्माण की गति जरूर धीमी हो गई है। रामगंगा नदी के बहाव क्षेत्र में फसलें उगाने तथा प्रतिवर्ष भू कटाव होने से नदी की गहराई बहुत कम हो गई है। जिससे मामूली बारिश से ही रामगंगा के जलस्तर में वृद्धि होने से ऐसा लगता है,जैसे रामगंगा में बाढ़ आ गई हो। नदी के तटवर्ती ग्राम बीघापुर सिठौली निवासी आरिफ हसन ने बताया कि रामगंगा बढ़ रहीं हैं। किंतु अभी तक बाढ़ जैसी कोई बात नहीं है। रामगंगा का बहाव क्षेत्र खाली पड़ा है। नदी में ही बाढ़ का पानी तेजी से आने से नदी का बहाव तेज हो गया है। जिससे बाढ़ जैसी स्थिति दिखाई देने लगी है। रामगंगा के किनारे नदी के बहाव क्षेत्र में किसानों की मक्का और पेठा की फसलों पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। जिससे ईश्वर भी पिछले वर्ष की तरह रामगंगा की तलहटी में खरीफ की फसल होने की उम्मीदों पर ग्रहण लग गया है। वैसे भी नदियों के किनारे की कृषि भूमि एक फसली ही रह गई है। मेहनती किसान अपने निजी सिंचाई के साधनों से जायद की फसलें तैयार करके खरीफ की फसल के नुकसान की भरपाई कर लेते हैं। उधर कोलाघाट में रामगंगा नदी पर बन रहे नए पुल के निर्माण का कार्य प्रभावित होना शुरू हो गया है। नदी में चल रहे पुल निर्माण कार्य को फिलहाल रोक दिया गया है। निर्माणकर्मी पुल के ऊपर रेलिंग आदि बना रहे हैं। पुल निर्माण में लगे कर्मचारियों का कहना है कि कुछ दिन नदी न बढ़ती तो पुल के पिलर को एक दूसरे से जोड़ने का कार्य पूरा हो जाता। फिलहाल निर्माणाधीन पुल के ऊपर रेलिंग और सड़क निर्माण का कार्य बाढ़ में भी होता रहेगा।

### प्रबुद्ध सम्मेलन आज

**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी का प्रबुद्ध सम्मेलन आज गुरुवार को पुवायां के गोल्डेन पैलेस में आयोजित किया जाएगा। जिसको लेकर सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा से बलिया सांसद सनातन पाण्डेय रहेंगे। जानकारी सम्मेलन आयोजक सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री ने दी।

### संस्कृत सामान्य ज्ञान बाल वर्ग की प्रतियोगिता 1 सितंबर को होगी

**शाहजहांपुर।** संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ भाषा विभाग उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा जनपद, मंडल एवं राज्य स्तर पर किया जा रहा है। प्रतियोगिता से संबंधित समस्त दिशा निर्देश एवं अध्ययन सामग्री वेबसाइट पर उपलब्ध है। कक्षा 6 से स्नातकोत्तर तक के छात्रों के लिए आवेदन की तिथि 10 जुलाई से 15 अगस्त तक है इसमें सभी विषयों के सभी बोर्ड के विद्यार्थी नि:शुल्क प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विजेताओं को पुरस्कार के रूप में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमश: जनपद स्तर पर 1000, 800, 700, मंडल स्तर पर 3000, 2000, 1000 एवं राज्य स्तर पर 11000, 7000, 5000, 3000 (3 सांत्वना) की धनराशि प्रदान की जाएगी। जनपद स्तरीय संस्कृत गीत एवं संस्कृत सामान्य ज्ञान बाल वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन 1 सितंबर को सुबह 10 बजे से श्री दैवी सम्पद् ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय मुमुक्षु आश्रम में प्राचार्य आदेश कुमार पाण्डेय के आयोजकत्व में होना सुनिश्चित है। नि:शुल्क आवेदन हेतु वेबसाइट– https://upsanskritpratibhakhoj.com पर जानकारी प्राप्त करें। अधिक जानकारी के लिए जनपद संयोजक आचार्य चन्दन कुमार आर्य, सहायक आचार्य, गुरुकुल महाविद्यालय रुद्रपुर– तिलहर, शाहजहांपुर के मोबाइल नंबर 9415947614 पर संपर्क किया जा सकता है। 10 संस्कृत प्रतियोगिताओं में से श्लोकान्त्याक्षरी एवं शास्त्र कंठस्थपाठ प्रतियोगिताओं में राज्य स्तर पर 100 प्रतिभागियों को पांच- पांच हजार की प्रोत्साहन वृत्ति प्रदान की जाएगी।

### व्यापारी नेताओं व सभासदों के हस्तक्षेप पर गांधी ग्राउंड में दुकानों का निर्माण रुका



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिसर स्थित गांधी पार्क में दुकानों का निर्माण कार्य शुरू होते ही सभासदों व व्यापारी नेताओं ने जमकर हंगामा काटते हुए कार्य को रुकवा कर मजदूरों को भगा दिया। ईओ सुनील कुमार के समझाने पर सभी शांत हुए। गुरुवार को ठेकेदार द्वारा टाउन हॉल रोड पर गांधी पार्क की बाउंड्री तोड़कर दुकानों का निर्माण कार्य शुरू करने के लिए खुदाई गई नींव को ईओ ने पटवा दिया। हुआ यूं कि करीब तीन माह पूर्व गांधी ग्राउंड के किनारे दो मंजिला सात दुकानों के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया था। स्वीकृति आने पर पालिका ने टेंडर आमंत्रित किए। ठेकेदार संजीव गुप्ता को वर्क ऑर्डर मिलने पर बुधवार को उन्होंने नींव खुदवाना शुरू की। और पालिका द्वारा बनाए गए शौचालय को ध्वस्त कराया। जिसकी सूचना मिलते ही सभासद पति व व्यापारी नेता हितेश गुप्ता रिंकू , सौरभ गुप्ता रवि , प्रदीप गुप्ता तथा करीब दर्जन भर सभासद मौके पर जा डटे। इस दौरान बोर्ड में बिना प्रस्ताव के ही दुकानों के निर्माण व गांधी ग्राउंड खत्म करने को लेकर सभी आक्रोशित हो उठे। ईओ सुनील कुमार ने मामले को शांत कराया। चर्चा है कि विधायक सलोना ने भी गांधी पार्क में दुकानें न बनने की सहमति जताई है। गुरुवार को ईओ सुनील कुमार ने ठेकेदार श्री गुप्ता को बुलाकर खोदी गई नींव को पटवा दिया और उक्त स्थान पर दुकानों का निर्माण न होने की बात कही। उधर ठेकेदार ने वर्क ऑर्डर के तहत अन्यत्र स्थान पर दुकानों के निर्माण किए जाने की बाबत ईओ को पत्र दिया।

# पर्यावरण संरक्षण: 80 हजार आवासों पर रोपे जाएंगे सहजन के पौधे

- जिलाधिकारी ने तीन दिवसीय पौधरोपण अभियान की शुरुआत मधवामई से की
- हरिशंकरी वृक्षों के संरक्षण- नियमित जियो टैगिंग को निर्देश

प्रभाकर मिश्रा



**शाहजहांपुर।** जनपद को जल संरक्षण, वन संपदा एवं पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए हरा भरा व अच्छा वातावरण युक्त कर प्रदेश में अलग पहचान दिलाने की सोच रखने वाले डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की मुहिम रंग लाने लगी है। इसके परिणाम भी धरातल पर देखने को मिल रहे है। जो हरीशंकरी व सहजन पौध गतवर्ष डीएम के दिशा निर्देश पर जनपद में अलग अलग स्थानों पर रोपित किए गये थे, आज वो पौधे लहलहा कर हरियाली का संदेश दे रहे हैं। इनकी जियो टैंगिग होने से यह पौध अपने जीवित होने का प्रमाण भी दे रहे हैं। इसी हरियाली को जनपद के प्रत्येक गांव तक पहुंचाने एवं गांव शहर के लोगों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़कर उनको अपनी विरासत संजोए रखने की मुहिम एक बार फिर डीएम ने जिले में शुरू की है। जिसके क्रम में उनके निर्देशन पर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवासों पर सहजन के पौधों के रोपण हेतु 16 से 18 जुलाई तक तीन दिवसीय विशेष अभियान का आगाज किया गया है। डीएम, सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी, जिला उद्यान अधिकारी पुनीत पाठक, डीसी मनरेगा हर्षवर्धन सिंह तथा बीडीओ ददरौल के साथ ग्राम पंचायत मधवामई में हरिशंकरी वृक्षों पीपल, बरगद एवं पाकड़ का पौधरोपण किया।

### वृक्षों की सुरक्षा को ईटों से ट्री गार्ड का निर्माण कराया जाए

डीएम ने निर्देश दिए कि हरिशंकरी वृक्षों की सुरक्षा के लिए ईंटों से ट्री गार्ड का निर्माण कराया जाए तथा उन पर आवश्यक विवरण पेंट से लिखवाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पौधों की नियमित देखरेख सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक सप्ताह जियो टैग युक्त फोटोग्राफ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि यह पौधरोपण आने वाली पीढ़ियों के भविष्य में दूरगामी परिणाम साबित होगा। डीएम ने माधवामई में अंत्येष्टि स्थल पर हरिशंकरी वृक्षों का पौधरोपण करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक अंत्येष्टि स्थल पर कल्पवृक्ष एवं चंदन के पौधे भी लगाए जाएं, जिससे पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व वाले वृक्षों का संवर्धन हो सके। डीएम ने ग्राम पंचायत सचिवालय में कराई वॉल पेंटिंग पर अंकित अधिकारियों के दूरभाष नंबरों की स्वयं फोन कर जांच की। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवालय सभागार में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से अपील की कि वे अपने आवास के आसपास उपलब्ध स्थान के अनुसार एक से पांच पौधे अवश्य लगाएं। उन्होंने लाभार्थियों को सहजन के पौधों के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सहजन की पत्तियां एवं फल स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी होते हैं तथा पौधरोपण के लगभग एक वर्ष बाद इसमें फल आना प्रारंभ हो जाता है।

### 161 पंचायतों में लाइब्रेरी बनी

डीएम ने बताया कि जनपद में चलाए जा रहे इस तीन दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लगभग 80 हजार लाभार्थियों द्वारा सहजन के पौधे लगाए जा रहे हैं। ग्राम पंचायत सचिवालय स्थित प्रेरणा केंद्र एवं ई–लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए बताया कि जनपद की 161 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों में बच्चों एवं युवाओं को डिजिटल शिक्षा और ज्ञान से जोड़ने के उद्देश्य से डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित की गई हैं। इन लाइब्रेरी में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्किल डेवलपमेंट से संबंधित सामग्री, पुस्तकें, ई–कोर्स, हाई स्पीड इंटरनेट एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी के नियमित एवं प्रभावी संचालन के निर्देश देते हुए ग्रामीणों से इसका अधिक से अधिक उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर पंचायत सचिव, प्रधान,प्रशासक कुसुम सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विधवा-दिव्यांगों को सरकारी बसों में नि:शुल्क यात्रा की सुविधा मिले

**शाहजहांपुर।** भाजपा ओबीसी मोर्चा तिलहर के मंडल उपाध्यक्ष अरविंद मौर्य रवि ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर मांग की। जनपद में विधवा, बुजर्गों, दिव्यांगजनों को सरकारी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान की जाए। यात्रा के लिए इनके पास जारी किए जाए, जिससे कि इनको सुविधा मिल सके। मांग पत्र में हस्ताक्षर करने वालों में अरविंद कुमार मौर्य, छाया देवीष कौशल कुमार गुप्ता, शोभित पटेल, विनोद आदि मौजूद रहे।

# विकास भवन में मॉडल प्रेरणा कैंटीन का डीएम ने किया शुभारंभ

- अब हर ब्लॉक में खुलेंगी प्रेरणा कैंटीनें

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने गुरुवार को सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी के साथ विकास भवन परिसर में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्थापित मॉडल प्रेरणा कैंटीन का फीता काटकर और शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। उन्होंने कैंटीन में उपलब्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों की जानकारी ली तथा गुणवत्तापूर्ण और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि आमजन, अधिवक्ताओं, अधिकारियों व कर्मचारियों को स्वच्छ खानपान की सुविधा मिल सके। डीएम ने कहा कि जनपद के सभी विकास खंडों में भी प्रेरणा कैंटीन स्थापित की जाएंगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर खाद्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार व स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इस दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, परियोजन निदेशक पीडी डीआरडीए अवधेश राम, डीडीओ ऋषिपाल सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### मां मैं मरने जा रहां हूं...., युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के बारह पत्थर पेट्रोल पंप के पास गुरुवार सुबह एक 42 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपने ही घर के बेसमेंट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घ्रात में मां को किया था आखिरी फोन पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान राकेश (42 वर्ष), पुत्र प्रीतराम, निवासी ग्राम पृथ्वीपुर थाना मिर्जापुर, शाहजहांपुर के रूप में हुई है। राकेश वर्तमान में जलालाबाद में बारह पत्थर पेट्रोल पंप के सामने अपना मकान बनाकर अकेले रह रहे थे, जबकि उनकी पत्नी और बच्चे पानीपत में रहते हैं। घ्बताया जा रहा है कि बीती रात करीब 02रू53 बजे राकेश ने पृथ्वीपुर में रह रही अपनी मां को फोन किया और कहा, ष्हम मरने जा रहे हैं। घबराए परिजनों ने तुरंत जलालाबाद में राकेश के पड़ोस में रहने वाले प्रदीप को इस बात की सूचना दी। बेटे की अनहोनी की आशंका में मां तुरंत मिर्जापुर से जलालाबाद स्थित मकान पर पहुंची। जब उन्होंने भीतर जाकर देखा, तो राकेश का शव मकान के बेसमेंट में छत के कुंडे से प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर लटका हुआ था। मां की चीख–पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए, जिसके बाद तुरंत डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी गई। सुबह करीब 6.15 बजे 112 के माध्यम से घटना की सूचना मिली थी। मैं तत्काल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा। मृतक की मां के प्रार्थना पत्र के आधार पर फौती (मर्ग) दर्ज कर ली गई है। मौके पर शांति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को मौके पर बुलाया। थ्ैस् टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए हैं। पुलिस द्वारा मौके की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी भी कराई गई है। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया के तहत शव का पंचायतनामा (पंचनामा) भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। पुलिस मामले के कारणों की जांच कर रही है।

# जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत

- जल संरक्षण- भूजल संवर्धन को जागरूक अभियान का शुभारम्भ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




शासन के आदेशानुसार भूगर्भ जल सप्ताह 16 से 22 जुलाई तक के अन्तर्गत जनपद में जल संरक्षण एवं भूजल संर्वधन के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रचार-प्रसार अभियान का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत भूगर्भ जल विभाग द्वारा आयोजित भूजल संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान के को प्रचार-प्रसार वाहन को डीएम धर्मेद्र प्रताप सिंह द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। शहरी क्षेत्रों सभी विकास खण्डों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल संरक्षण हेतु जनमानस को जागरूक करायेंगे। डीएम ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही भूजल स्तर को संरक्षित एवं संवर्धित किया जा सकता है। उन्होंने आमजन से वर्षा जल संचयन अपनाने, जल का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा जल संरक्षण अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। डीएम ने बताया कि भूजल सप्ताह मे इस बार का विचार बिन्दु जल संरक्षण का करें संकल्प इसका नही है कोई विकल्प रखा गया है। प्रचार-प्रसार वाहन जनपद के विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर भूजल सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण तथा जल संरक्षण के उपायों का व्यापक प्रचार-प्रसार करेगा। वाहन के माध्यम से आमजन को जल संरक्षण का संदेश देते हुए उन्हें अभियान से जोड़ने का कार्य किया जाएगा।गौरतलब है कि शासन के निर्देशानुसार 16 से 22 जुलाई तक पूरे प्रदेश में भूजल सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत, विकास खंड, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम एवं जनपद स्तर पर जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन, पौधारोपण, जन-जागरूकता रैली, शपथ, कार्यशाला तथा अन्य विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर एडीएम वित्त अरविन्द कुमार, सीनियर हाइड्रोजियोलॉजिस्ट सौरभ साह तथा लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के साथ अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### कृषि यंत्रों पर अनुदान हेतु 10 अगस्त तक करें बुकिंग: डीडी

**शाहजहांपुर।** डीडी कृषि पीके मिश्रा ने बताया कि वेबसाइट पर वर्ष 2026-27 में कृषि विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओ के अन्तर्गत कृषको द्वारा 16 जुलाई से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण, कृषि ड्रोन, फसल अवशेष प्रबन्धन के कृषि यंत्र, कस्टम हायरिंग सेन्टर, हाई टेक हब फार कस्टम हायरिंग, फार्म मशीनरी बैंक की स्थापना इत्यादि कृषि यंत्रों की बुकिंग की जा रही है। उन्होंने किसानों से अपील कि विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध शासनादेश के अनुसार दिये निर्देशों की पात्रता के अनुसार बुकिंग की जानी है। लक्ष्य से अधिक बुकिंग की स्थिति में कृषकों का चयन नियमानुसार ई-लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा।

### हाईवे पर मारपीट कर वैगन आर छीन ले जाने का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे किनारे मारपीट कर कार एवं मोबाइल लूट ले जाने का आरोप लगाते हुए एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव चाहरपुर निवासी अनुज सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती 14 जुलाई को गांव के ही कुछ लोगों ने उसकी वैगन आर किराए पर ले जाने के लिए बुकिंग की थी। आरोप है कि तिलहर हाईवे चैराहे पर उन्होंने गाड़ी ड्राइवर धनपाल व उसके भाई मुन्ना सिंह को मारा पीटा और गाड़ी छीन कर चले गए। आरोप है कि गाड़ी में घरेलू सामान एवं तीन मोबाइल भी थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामला गांव के आपसी विवाद का है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। गाड़ी शीघ्र बरामद कर ली जाएगी।

# जलालाबाद को जल्द मिलेगी हाईटेक बस अड्डे की सौगात

- 15 अगस्त से संचालन शुरू होने की उम्मीद

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। वर्षों से खटारा स्टैंड और अव्यवस्थाओं के बीच सफर करने को मजबूर यात्रियों को जल्द ही आधुनिक सुविधाओं वाला नया रोडवेज बस अड्डा मिलने जा रहा है। घ्मंगलवार को हरदोई रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक (आरएम) गौरव वर्मा ने निर्माणधीन डिपो का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गति और गुणवत्ता का बारीकी से जायजा लिया। आरएम ने कार्यदायी संस्था को स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस यानी 15 अगस्त तक हर हाल में काम पूरा कर लिया जाए, ताकि इस दिन से बसों का विधिवत संचालन शुरू किया जा सके।घ् शासन की प्राथमिकताओं में शामिल इस प्रोजेक्ट पर 5 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत आ रही है। यह बस अड्डा न केवल जलालाबाद, बल्कि शाहजहांपुर और हरदोई रीजन के बीच आवागमन करने वाले हजारों यात्रियों के लिए एक बड़ा केंद्र साबित होगा। दो मंजिला भवन में यात्रियों के लिए वर्ल्ड-क्लास सुविधाएं होंगी। इसमें एक अत्याधुनिक वेटिंग लाउंज, हाईटेक कैंटीन, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, और आधुनिक शौचालय शामिल हैं। दिव्यांगजनों की सुविधा के लिए रैंप और पर्याप्त संख्या में श्बस वेश् बनाए गए हैं।आरएम गौरव वर्मा ने बताया कि इस आधुनिक डिपो के शुरू होने से न केवल यात्रियों को सुरक्षित और सुगम सरकारी परिवहन सेवा का लाभ मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में सक्रिय अवैध डग्गामार वाहनों पर भी प्रभावी लगाम लग सकेगी। उन्होंने इंजीनियरों को हिदायत दी कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उम्मीद है कि 15 अगस्त से यह बस अड्डा आम जनता के लिए पूरी तरह समर्पित हो जाएगा।


### सूचना

मेरी पत्नी निगहत उर्फ रानी व दो बच्चे उमैमा, जैनुल, साली वरशा इन सभी लोगों को मेरी ससुराल से इमरान उर्फ चांद पुत्र अनवर नि.ग्रा. इन्द्रानगर गुरसहायगंज गदानापुर चौधरी कन्नौज 12 जुलाई 2026 को ले गया है। काफी तलाश के बाद यह लोग नही मिले, यदि कोई घटना इन लोगों के साथ होती है तो इमरान जिम्मेदार होगा। **शाहजाद खां पुत्र एजाज खां नि.मो. हयातपुरा थाना कोतवाली शाहजहांपुर**


## हथौड़ा स्टेडियम बनकर तैयार

# शहीदों की माटी से निकलेंगे राष्ट्रीय खिलाड़ी

- 26.33 करोड़ की लागत से बना स्टेडियम, खिलाड़ियों के लिए कल से खुलेगा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



''हथौड़ा स्टेडियम में 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक्स ट्रैक, तरणताल, बैडमिंटन हॉल, कबड्डी इंडोर हॉल, सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट, खिलाड़ियों के बैठने को पवेलियन पर शेड, सीसी कैमरे और आरओ वाटर की सुविधा विकसित की गई है। मुख्य भवन, चहारदीवारी और शौचालयों का भी जीर्णोद्धार कराया गया है।''

एसपी बमनिया, जिला खेल अधिकारी

परमवीर चक्र नायक जदुनाथ सिंह हथौड़ा अत्याधुनिक स्टेडियम पूरी तरह से बनकर खिलाडियों के लिए तैयार हो चुका है। अब शाहजहांपुर शहीदों की धरा से भी राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय खिलाड़ी निकलेगें और देश व प्रदेश स्तर पर खेल कर अपने जनपद का नाम रोशन करेगे। लगभग डेढ़ वर्ष से चल रहे हथौड़ा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण व जीर्णोद्धार कार्य अब पूरा कर लिया गया हैं। वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना 18 जुलाई यानि कि कल सुबह 9:30 बजे स्टेडियम का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए खोल दिया जाएगा। 26 करोड़ 33 लागत से स्टेडियम का पूरी तरह से कायाकल्प कराया गया है। अब यहां के खिलाड़ियों हर प्रकार के खेल की प्रैक्टिस करने के लिए कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बैडमिंटन हॉल, कबड्डी हॉल और 400 मीटर सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक बहुत अच्छी तरह से बनाया गया है। खिलाडियों की सुरक्षा को लेकर पूरा स्टेडियम सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। बता दें कि आधुनिक खेल सुविधाओं से सुसज्जित यह स्टेडियम जिले के खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएगा और उन्हें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन का अवसर मिलेगा। जनपद में एकमात्र इतना बड़ा व आधुनिक सुविधाओं से मुक्त स्टेडियम होगा। जहां पर प्रकार के खेल खेलने की पिच खिलाडियों को मिल सकेगा।

# शादी का झांसा देकर 11 साल तक यौन शोषण करने का आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शादी का झांसा देकर 11 सालों तक शारीरिक शोषण करने तथा कानूनी कार्रवाई किए जाने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बता दें कि एक महिला ने बीती सात जुलाई को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी जान पहचान 11 साल पहले गांव बंथरा नगला निवासी अजय पाल पुत्र रामविलास से हुई थी। उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक सम्बन्ध बनाए। और हरिद्वार में उसके साथ एक ही कमरे में रहता रहा। आरोप है कि अजय ने तीन बार उसे गर्भवती किया। और परिवार के साथ मिलकर जबरन गर्भपात करा दिया। विरोध किया गया तो घर वालो के सामने दिखावटी रूप से शादी कर ली। आरोप है कि उसे जान से मार डालने की धमकी दी और अकेला छोड़कर भाग आया। जब वह अजय प्रताप के घर पहुंची तो अजय प्रताप, ने भाई विजय प्रताप, मां आशा देवी व वहन महिमा के साथ उसे मार डालने की कोशिश की। गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।


### CHANGE OF NAME

I, SOUMYA M R, WIFE OF ARMY NO 2613068K, RANK HAV, NAME SAJESH SASI, PRESENTLY RESIDING AT VILL & PO - EDAVAKA, TEH- MANANTHAVADY, DIST- WAYANAD, STATE- KERALA, PIN - 670645. I HAVE CHANGED MY NAME FROM SOUMYA M R TO SAUMYA M R AS PER AADHAR RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE

## आयात की अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति ट्रंप बयान देते हैं और देशों की अर्थव्यवस्थाएं हिचकोले खाने लगती हैं। बाजार धड़ाम से गिरते हैं। तेल, गैस, उर्वरक और अन्य सामान की किल्लत बढ़ने लगती है, लिहाजा संकट भी व्यापक और विकराल होने लगते हैं। मंदी और महंगाई भी बढ़ने लगती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान के अलग-अलग ठिकानों और परमाणु केंद्रों पर लगातार 21 दिन तक हमलों की योजना का ऐलान किया है। फिलहाल औसतन 4 घंटे हररोज हमले किए जा रहे हैं। ईरान ने भी नई मिसाइल से खाड़ी देशों के अमरीकी ठिकानों पर विनाशक हमले जारी रखे हैं। अमरीका के वायु बेस, नौसेना बेड़े, रडार सिस्टम, मिसाइल-ड्रोन ठिकानों पर हमले कर ईरान ने साफ कर दिया है कि वह युद्ध के मोर्चे पर अभी तैनात है और लड़ रहा है। बहरहाल इन हमलों का पहला असर यह है कि कच्चे तेल के दाम 86 डॉलर प्रति बैरल तक उछल गए हैं। ये दाम 71 डॉलर तक लुढ़क आए थे, जब समझौते के सहमति-पत्र पर हस्ताक्षर किए गए थे। एकबारगी लगा था कि युद्ध का अंत निकट है, लेकिन यह पहले की तरह ही विनाशक और वीभत्स हो रहा है। अब तेल-बाजार में जो शिपमेंट (लदान) बुक की जा रही है, वह 86-87 डॉलर के हिसाब से की जा रही है। बीते 15 दिनों में ही भारत के खजाने पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए का बोझ बढ़ चुका है, क्योंकि आयात-बिल बढ़ा है। भारत को कच्चा तेल 105 डॉलर प्रति बैरल पर खरीदना पड़ रहा है। इसमें युद्ध-बीमा, परिवहन की बढ़ी दरें और ईरान का टोल-टैक्स आदि भी शामिल हैं। यदि लाल सागर की ओर हूती लड़ाकों ने 'बाब-अल-मंदेब' मार्ग को बंद कर दिया, तो 12 फीसदी वैश्विक आपूर्ति और प्रभावित होगी, नतीजतन तेल की कीमतें 200 डॉलर तक उछल सकती हैं, ऐसा विशेषज्ञों का दावा है। दरअसल अर्थशास्त्रियों के विश्लेषण हैं कि भारत की अर्थव्यवस्था आयात-केंद्रित हो चुकी है। घरेलू उत्पादन से बेहतर आयात लगता है और वह अभी तक आसान भी रहा है। आयात न केवल घरेलू बाजार, एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) पर, बल्कि निर्यात पर भी हावी हो चुका है। भारत का आयात 16 फीसदी बढ़ चुका है। अनुमान है कि आयात 17-18 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच सकता है, जो बीते साल में 11 लाख करोड़ रुपए रहा है। भारत खाड़ी देशों को 19 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निर्यात करता रहा है, लेकिन ईरान युद्ध और खाड़ी देशों तक आपूर्ति के व्यवधान और जोखिमों के कारण निर्यात काफी प्रभावित हो रहा है। इन परिस्थितियों में भारत का व्यापार-घाटा बढ़ रहा है। यदि कच्चा तेल 10 फीसदी भी महंगा होता है, तो चालू खाता घाटा देश के जीडीपी का 0.4 फीसदी बढ़ जाता है। सीईआईसी के मुताबिक, भारत में जहां मैन्युफैक्चरिंग की स्थिति पूर्ववत है, वहीं निर्माण-कार्यों और सेवा क्षेत्र के व्यापार और परिवहन में भारी गिरावट दर्ज की गई है। गांव के गरीबों, किसानों को शहर के निर्माण-कार्यों में रोजगार मिलता रहा है, लेकिन गिरावट के बाद उन्हें गांव की ओर लौटना पड़ रहा है। सूखे से खेती पर भी असर पड़ना तय है, लिहाजा कई फसलें इस बार कम बोई गई हैं। इस तरह ग्रामीण अर्थव्यवस्था कई तरह कुचली जाएगी। महंगाई की जो दरें उच्चतम स्तर पर पाई गई हैं, उनमें गांव में महंगाई अपेक्षाकृत बढ़ी है। बहरहाल भारत में कच्चे तेल की आमद तो संतोषजनक है, क्योंकि रूस सप्लाई कर रहा था। भारत अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका आदि देशों से तेल की 'स्पॉट खरीददारी' भी कर रहा है। संकट एलएनजी का है। करीब 60 फीसदी एलएनजी होर्मुज के रास्ते भारत तक आती थी, लेकिन बीते शनिवार, 11 जुलाई, के बाद एलएनजी की सप्लाई भारत में नहीं हुई है। हालांकि अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, नॉर्वे आदि देशों से एलपीजी (रसोई गैस) की आपूर्ति जारी है, लेकिन उसका आयात महंगा पड़ रहा है। गैस पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध भी नहीं है, नतीजतन एलपीजी का पहले जैसा संकट भी सामने आ सकता है। अभी भारत सरकार के बयान का इंतजार है कि कितने भंडारण शेष हैं, लेकिन एलपीजी का भंडारण तो अधिकतम पौने दो दिन तक ही किया जा सकता है। बहरहाल, अमरीका और ईरान के बीच यह लड़ाई जल्द खत्म होती, नहीं लगती है। दोनों ओर से हमले पर हमले हो रहे हैं। ईरान के साथ-साथ अमरीका का भी काफी नुकसान हो चुका है, लेकिन कोई भी पक्ष समझौते के लिए तैयार नहीं है। अमरीका बार-बार धमकी दे रहा है कि अगर ईरान ने जल्द समझौता नहीं किया, तो उसे तबाह कर दिया जाएगा। ऐसे में शांति की उम्मीद नहीं है।

# भारत-यूके एफटीए से वैश्विक आर्थिक समृद्धि



एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत आज विकसित भारत- 2047 के लक्ष्य की ओर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। जिसका प्रमाण,14 जुलाई 2026 से केंद्रीय रेलवे मंत्रालय ने रेलवे पोर्टल की भी शुरुआत की क्योंकि विजन को प्राप्त करने के लिए आंतरिक भ्रष्टाचार मुक्त पारदर्शिता, जवाबदेही, कर्तव्यों कों बढ़ाकर सुशासन लाना जरूरी है, तो दूसरी ओर 56 से अधिक देशों सेएफटीए जिसमें दिनांक 15 जुलाई 2026 से ब्रिटेन यूके एफटीए की शुरुआत हुई, 99 प्रतिशत वस्तुएं कर मुक्त होगी और इसी दिन मुंबई व कोलकाता के बंदरगाहों से निर्यात शुरू हो गया हैं। मैं यह मानता हूं कि भारत- यूके मुक्त व्यापार समझौता,व भारतीय रेलवे की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। विकसित भारत 2047 की दिशा में यह दोनों आर्थिक व पारदर्शिता का ऐतिहासिक कदम हैं।

इस लक्ष्य की प्राप्ति में नई रेल लाइनेंडेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, तीसरी-चौथी लाइन, स्टेशन पुनर्विकास, बुलेट ट्रेन और अन्य आधारभूत परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर भूमि अधिग्रहण किया जा रहा है।लेकिन वर्षों से भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को लेकर किसानों भूमि धारकों और आम नागरिकों के बीच अनेक शिकायतें और विवाद सामने आते रहे हैं। इन्हीं समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से रेलमंत्री द्वारा 14 जुलाई 2026 से रेल भूमि पोर्टल की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य भूमि अधिग्रहण और मुआवज़ा भुगतान की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल, पारदर्शी, समयबद्ध और जवाबदेह बनाना है।

साथियों बात अगर हमभारत-यूके मुक्त व्यापार समझौता विकसित भारत 2047 की दिशा में ऐतिहासिक आर्थिक कदम कों समझने की करें तो 15 जुलाई 2026 से भारत और यूनाइटेड किंगडम (यूके) के बीच व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता प्रभावी होने को इसी दिन मुंबई और कोलकाता बंदरगाहों से विशेष कार्यक्रम के माध्यम से निर्यात की नई शुरुआत की गई।

इस समझौते के तहत यूके ने भारत के लगभग 99 प्रतिशत निर्यातित उत्पादों को शून्य या शुल्क-मुक्त बाजार पहुंच प्रदान की है, जिससे वस्त्र, चमड़ा, इंजीनियरिंग, समुद्री उत्पाद, रत्न-आभूषण, फार्मा, कृषि एवं एमएसएमई क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। दूसरी ओर भारतीय व्यापारियों को विशाल ब्रिटिश बाजार में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त, निवेश और रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे, जबकि उपभोक्ताओं को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद, अधिक विकल्प और दीर्घकाल में प्रतिस्पर्धी कीमतों का लाभ मिल सकता हैयह समझौता निर्यात, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और विदेशी निवेश को गति देकर भारत की अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा देगा तथा विकसित भारत-2047 के लक्ष्य, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया और भारत को वैश्विक व्यापारिक शक्ति बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सटीकता से मील का पत्थर सिद्ध होगा।

साथियों भूमि किसी किसान के लिए केवल संपत्ति नहीं होती, बल्कि उसकी आजीविका पहचान और आने वाली पीढ़ियों का आधार होती है। इसलिए जब किसी सार्वजनिक परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहित की जाती है,तब यह आवश्यक हो जाता है कि पूरी प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और कानून सम्मत हो। भारत में यह प्रक्रिया उचित मुआवज़ा एवं भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास और पुनर्स्थापन में पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार संचालित होती है, जिसमें किसानों को उचित मुआवज़ा, पुनर्वास तथा पुनर्स्थापन का अधिकार दिया गया है। हालाँकि व्यवहारिक स्तर पर भूमि अधिग्रहण के दौरान समय-समय पर अनेक प्रकार की अनियमितताओं के आरोप भी सामने आते रहे हैं।




कई मामलों में यह आरोप लगाए गए कि अधिग्रहण की प्रारंभिक सूचना या प्रस्ताव सार्वजनिक होने के बाद संबंधित भूमि के राजस्व रिकॉर्ड में परिवर्तन कराने, कृषि भूमि को गैर-कृषि अथवा व्यावसायिक श्रेणी में परिवर्तित कराने, कृषि भूमि स्टेटस से भूमि का मूल्य बढ़ाने अथवा अधिक मुआवज़ा प्राप्त करने के उद्देश्य से दस्तावेज़ों में बदलाव कराने के प्रयास किए जाते रहे हैं, जो मैंने हमारी भूमि ज़ब रेलवे अधिकरण में गई थी तो उस समय पूरा नज़ारा मैंने स्वयं देखा था कि किस तरह पड़ित जमीन को, चालू व कमर्शियल दिखाकर मिली भगत से पैसे वसूले गए, कुछ मामलों में संबंधित अधिकारियों या अन्य हितधारकों की भूमिका पर भी प्रश्न उठे हैं। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि ऐसे आरोपों की सत्यता प्रत्येक मामले में जांच और न्यायिक प्रक्रिया से ही निर्धारित होती है, इसलिए सभी मामलों या सभी अधिकारियों के बारे में सामान्य निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा।

साथियों, यही वह पृष्ठभूमि है जिसमें रेल भूमि पोर्टल एक महत्वपूर्ण सुधार के रूप में सामने आया है।यदि अधिग्रहण की अधिसूचना, भूमि की मूल स्थिति, भूमि उपयोग की श्रेणी,स्वामित्व, राजस्व रिकॉर्ड, मूल्यांकन, दस्तावेज़ों में हुए परिवर्तन तथा मुआवज़े की पूरी प्रक्रिया डिजिटल रूप से समय-मुद्रित (टाइम-स्टाम्पड ) होकर दर्ज होगी, तो अधिसूचना के बाद किए गए किसी भी संदिग्ध परिवर्तन की पहचान करना पहले की तुलना में कहीं अधिक आसान हो जाएगा। इससे रिकॉर्ड मेंछेड़छाड़ फर्जी दस्तावेज़, मनमाना वर्गीकरण तथा अनियमित मुआवज़े जैसी संभावित गड़बड़ियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा।

साथियों, रेल भूमि पोर्टल का सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि अब भूमि स्वामी स्वयं अपने अधिग्रहण की स्थिति ऑनलाइन देख सकेंगे। उन्हें यह जानकारी मिलेगी कि उनकी फाइल किस स्तर पर है, कौन-सा दस्तावेज़ लंबित है, मूल्यांकन कब हुआ, मुआवज़े की राशि कितनी निर्धारित हुई और भुगतान किस चरण में है। इससे सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर कम होंगे और पूरी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी बनेगी। इस नई व्यवस्था का एक और महत्वपूर्ण पक्ष यह है कि रेलवे, जिला प्रशासन और राज्य सरकार के बीच समन्वय अधिक मजबूत होगा। पहले अलग-अलग विभागों में फाइलों के आदान- प्रदान में महीनों लग जाते थे, जिससे परियोजनाएँ भी प्रभावित होती थीं और किसानों को मुआवज़ा मिलने में भी देरी होती थी। अब डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर सभी संबंधित विभाग वास्तविक समय में जानकारी साझा कर सकेंगे।

साथियों किसानों के लिए यह भी अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वे अपने भूमि अभिलेख, खसरा-खतौनी, आधार, बैंक खाता, नामांतरण तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज़ों को अद्यतन रखें। डिजिटल प्रणाली में सही रिकॉर्ड होने से मुआवज़ा भुगतान की प्रक्रिया अधिक तेज़ और विवादरहित होगी। यदि किसी किसान को भूमि के मूल्यांकन, मुआवज़े की राशि अथवा अधिग्रहण प्रक्रिया पर आपत्ति हो, तो वह संबंधित भूमि अधिग्रहण अधिकारी, जिला प्रशासन अथवा कानून के अंतर्गत उपलब्ध अपील के अधिकार का उपयोग कर सकता है। डिजिटल रिकॉर्ड होने से ऐसे मामलों की जांच भी अधिक पारदर्शी और साक्ष्य-आधारित हो सकेगी।

साथियों, यह समझना भी आवश्यक है कि केवल डिजिटल पोर्टल बन जाने से सभी प्रकार कीअनियमितताएँ स्वतः समाप्त नहीं हो जाएँगी। इसकी वास्तविक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि राज्य सरकारों के भूमि अभिलेख पूरी तरह डिजिटाइज़ हों, सभीपरिवर्तनों का ऑडिट ट्रेल उपलब्ध हो, जवाबदेही तय की जाए, शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण हो और किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। यदि इन सभी पहलुओं पर समान रूप से ध्यान दिया गया, तो रेल भूमि पोर्टल भूमि अधिग्रहण व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन ला सकता है।

साथियों, भारत में रेलवे केवल परिवहन का माध्यम नहीं बल्कि आर्थिक विकास का इंजन है। नई रेल लाइनें बनने से किसानों को अपनी उपज के लिए बेहतर बाज़ार मिलता है, उद्योगों को सस्ता परिवहन उपलब्ध होता है, रोजगार के अवसर बढ़ते हैं और क्षेत्रीय विकास को नई गति मिलती है। इसलिए यह आवश्यक है कि विकास और किसानों के अधिकार दोनों के बीच संतुलन बना रहे।यदि रेल भूमि पोर्टल का प्रभावी और ईमानदारीपूर्वक क्रियान्वयन किया गया, तो भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में वर्षों से चली आ रही अनेक समस्याओं पर अंकुश लगाया जा सकेगा। इससे वास्तविक भूमिधारकों को समय पर उचित मुआवज़ा मिलेगा, रिकॉर्ड में अनियमित परिवर्तन की संभावनाएँ कम होंगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और सार्वजनिक परियोजनाओं पर जनता का विश्वास भी मजबूत होगा।

साथियों, अंतरराष्ट्रीय अनुभव भी यही बताते हैं कि डिजिटल भूमि प्रबंधन प्रणाली भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कमकरती है परियोजनाओं की गति बढ़ाती है और नागरिकों का विश्वास मजबूत करती है। जापान, दक्षिण कोरिया तथा अनेक यूरोपीय देशों में डिजिटल भूमि रिकॉर्ड और ऑनलाइन अधिग्रहण प्रणाली ने आधारभूत संरचना विकास को अधिक पारदर्शी बनाया है। भारत का यह कदम भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण सुधार माना जा रहा है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन का रास्ता विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि कहा जा सकता है कि रेल भूमि पोर्टल केवल एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म नहीं, बल्कि भारत में भूमि अधिग्रहण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीक-आधारित बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक सुधार है। यदि इसे कानून के कठोर पालन,सशक्त डिजिटल निगरानी और प्रभावी प्रशासनिक जवाबदेही के साथ लागू किया गया, तो यह किसानों के अधिकारों की रक्षा करते हुए विकास परियोजनाओं को नई गति देने वाला एक मील का पत्थर सिद्ध हो सकता है।

विचार

# भारत में धर्म और राजनीति को अलग क्यों नहीं देखा गया?

*दीपक कुमार द्विवेदी*

आज के बौद्धिक विमर्शों में एक विचार बार-बार सुनाई देता है, वह है- राज्य का कोई धर्म नहीं होना चाहिए। धर्म व्यक्ति का निजी विषय है और राजनीति को उससे अलग रखा जाना चाहिए। यह अवधारणा आधुनिक लोकतांत्रिक विमर्श का महत्वपूर्ण हिस्सा है, किंतु क्या यह भारतीय सभ्यता की मूल चेतना से मेल खाती है? यही प्रश्न आज गंभीर चर्चा की मांग करता है। दरअसल, भारतीय और पश्चिमी राजनीतिक दर्शन की आधारभूमि अलग-अलग रही है। भारत में जिस धर्म की चर्चा होती है, वह पश्चिम के रिलीजन का पर्याय नहीं है। इसी मूलभूत अंतर की अनदेखी ने लंबे समय से वैचारिक भ्रम उत्पन्न किया है।

भारतीय दर्शन में धर्म का अर्थ किसी विशेष मत, संप्रदाय या पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं है। महर्षि वेदव्यास ने कहा है, धारणाद् धर्ममित्याहुः, अर्थात जो समाज और सृष्टि को धारण करे, वही धर्म है। सत्य, न्याय, कर्तव्य, मर्यादा, करुणा और लोककल्याण, ये सभी धर्म के अंग हैं। इसी कारण भारतीय परंपरा में स्वधर्म, राजधर्म, राष्ट्रधर्म और सनातन धर्म जैसी अवधारणाएँ विकसित हुईं। यहाँ धर्म व्यक्ति के निजी जीवन से आगे बढ़कर समाज और राज्य की नैतिक दिशा निर्धारित करता है।

**सेक्युलरिज्म की उत्पत्ति और भारतीय संदर्भ :** यूरोप में सेक्युलरिज्म का जन्म चर्च और राजसत्ता के बीच सदियों तक चले संघर्ष की पृष्ठभूमि में हुआ। धार्मिक संस्थाओं के राजनीतिक हस्तक्षेप से उत्पन्न टकराव ने राज्य और चर्च को अलग करने की आवश्यकता पैदा की। भारत का अनुभव इससे बिल्कुल भिन्न रहा। यहाँ राजा स्वयं धर्म के अधीन माना गया। महाभारत से लेकर अर्थशास्त्र और रामायण तक भारतीय ग्रंथों में राजा की शक्ति का स्रोत धर्म और न्याय को माना गया है, न कि उसकी व्यक्तिगत इच्छा को, इसलिए भारतीय चिंतन में राजनीति का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि धर्मसम्मत शासन और लोकमंगल रहा है।



**राजधर्म : भारतीय शासन-दर्शन की आत्मा:-** भारतीय इतिहास में आदर्श शासक वही माना गया जिसने राजधर्म का पालन किया। भगवान श्रीराम को मर्यादा पुरुषोत्तम इसलिए कहा गया क्योंकि उन्होंने व्यक्तिगत सुख से ऊपर राजधर्म को रखा। महाभारत में भीष्म, विदुर और श्रीकृष्ण बार-बार शासक को धर्माधारित शासन का उपदेश देते हैं। कौटिल्य का अर्थशास्त्र भी स्पष्ट करता है कि राज्य का अस्तित्व केवल शक्ति प्रदर्शन के लिए नहीं, बल्कि प्रजा की सुरक्षा, न्याय और समृद्धि के लिए है। यही कारण है कि भारतीय राजनीति में धर्म का अर्थ किसी धार्मिक वर्चस्व से अधिक नैतिक उत्तरदायित्व रहा है।

**ऋतम् और पुरुषार्थ : संतुलित जीवन का दर्शन:-** वैदिक साहित्य में समस्त सृष्टि एक शाश्वत व्यवस्था के अधीन मानी गई है, जिसे ऋतम् कहा गया है। इसी व्यवस्था के अनुरूप मानव जीवन के चार पुरुषार्थ- धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष–निर्धारित किए गए। इनमें धर्म को प्रथम स्थान इसलिए दिया गया क्योंकि वही अर्थ और काम को मर्यादित करता है। यदि समाज से धर्म का नैतिक नियंत्रण समाप्त हो जाए, तो आर्थिक विकास भी स्वार्थ का माध्यम बन सकता है और व्यक्तिगत स्वतंत्रता अराजकता में बदल सकती है। भारतीय दर्शन इसी संतुलन पर बल देता है।

**विज्ञान और अध्यात्म : विरोध नहीं, समन्वय:-** भारतीय परंपरा आधुनिक विज्ञान का विरोध नहीं करती, बल्कि ज्ञान के व्यापक स्वरूप को स्वीकार करती है। आधुनिक विज्ञान मुख्यतः भौतिक जगत की व्याख्या करता है, जबकि भारतीय दर्शन चेतना, प्रकृति और ब्रह्मांड के आध्यात्मिक आयामों पर भी विचार करता है। उपनिषदों और भगवद्गीता का संदेश है कि भौतिक प्रगति आवश्यक है, किंतु उसके साथ आत्मबोध और नैतिकता का संतुलन भी उतना ही आवश्यक है। यही कारण है कि भारतीय ज्ञान परंपरा में विज्ञान और अध्यात्म को परस्पर पूरक माना गया है।

**भारतीय आख्यानों को उनके संदर्भ में समझने की आवश्यकता:-** भारतीय महाकाव्यों और पुराणों की अनेक कथाओं को केवल आधुनिक वैज्ञानिक कसौटी पर परखने से उनके सांस्कृतिक और दार्शनिक अर्थ छूट जाते हैं। परंपरागत आचार्यों ने इन प्रसंगों को प्रतीकात्मक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदर्भों में समझाया है। भारतीय ज्ञान परंपरा का आग्रह है कि किसी भी ग्रंथ का मूल्यांकन उसकी अपनी दार्शनिक पृष्ठभूमि में किया जाए, न कि केवल आधुनिक पश्चिमी दृष्टिकोण से। आज भारत तीव्र वैश्वीकरण, तकनीकी परिवर्तन और सांस्कृतिक संक्रमण के दौर से गुजर रहा है। परिवार व्यवस्था, सामाजिक मूल्यों और सांस्कृतिक पहचान पर नए प्रश्न खड़े हो रहे हैं। धर्मांतरण, सांस्कृतिक अस्मिता, जनसांख्यिकीय परिवर्तन और सामाजिक समरसता जैसे विषय सार्वजनिक विमर्श का हिस्सा बने हुए हैं। इन विषयों पर विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक दृष्टिकोण हो सकते हैं, किंतु एक बात निर्विवाद है कि किसी भी राष्ट्र की दीर्घकालिक स्थिरता उसके सांस्कृतिक आत्मविश्वास, नैतिक मूल्यों और सामाजिक एकता पर निर्भर करती है।

**धर्म का वास्तविक अर्थ:-** कर्तव्य और उत्तरदायित्वः भारतीय संस्कृति में धर्म का अर्थ केवल मंदिर जाना या धार्मिक अनुष्ठान करना नहीं है। माता-पिता की सेवा, सत्य का पालन, राष्ट्र के प्रति निष्ठा, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और दुर्बलों की रक्षा भी धर्म के ही स्वरूप हैं। महाराणा प्रताप का संघर्ष, राजा दिलीप का त्याग, आदि शंकराचार्य का राष्ट्रव्यापी सांस्कृतिक अभियान और भगवान श्रीराम का आदर्श शासन, इन सबमें धर्म जीवन-मूल्यों के रूप में प्रकट होता है, किसी संकीर्ण धार्मिक पहचान के रूप में नहीं। कुल निष्कर्ष रूप में कहें तो भारत में धर्म और राजनीति को कभी दो विरोधी संस्थाएं नहीं माना गया। भारतीय राजनीतिक दर्शन का मूल सिद्धांत यह रहा कि राजसत्ता धर्म अर्थात न्याय, मर्यादा और लोककल्याण के अधीन रहे। यही राजधर्म भारतीय राज्य-चिंतन की आत्मा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि धर्म और रिलीजन के बीच के अंतर को समझा जाए तथा भारतीय सभ्यता की अवधारणाओं का मूल्यांकन उसकी अपनी वैचारिक पृष्ठभूमि में किया जाए। आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों और भारतीय सांस्कृतिक दर्शन के बीच संतुलन स्थापित करके ही ऐसा समाज निर्मित किया जा सकता है, जो प्रगतिशील भी हो और अपनी सभ्यतागत जड़ों से जुड़ा भी रहे। *(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*


साहित्य



## बेटियों का वर्चस्व...!

**संजय एम तराणेकर**

*जो राह कभी कठिन लगी थी,*
*आज वही पहचान बनी है।*
*आई टी आई के हर प्रांगण में,*
*बेटियों की नई उड़ान बनी है।*
*उन हाथों में अब हुनर सजा है,*
*आँखों में भी विश्वास जगा है।*
*वेल्डिंग या मशीनों की धड़कन,*
*हरेक क्षेत्र में परचम लहरा है।*
*बेटियाँ अब केवल सपना नहीं,*
*परिश्रम का ही साकार रूप है।*
*कन्या हर चुनौती को जीत रही,*
*यह साहस अनमोल स्वरूप है।*
*यहाँ रूढ़ियों की दीवारें हैं टूटीं,*
*बदली है सोच, बदल गए द्वार।*
*हर एक उपलब्धि यह कहती है—*
*बेटियाँ हैं भारत का आधार।*
*जब भी बेटी आत्मनिर्भर होगी,*
*प्रत्येक घर में उजियारा होगा।*
*श्रम, ज्ञान और आत्मविश्वास से,*
*भारत का भविष्य सुनहरा होगा।*
*आओ मिलकर सभी यह प्रण लें,*
*घर की हर बेटी को अवसर देंगे।*
*शिक्षा, कौशल और सम्मान से,*
*एक नवभारत का निर्माण करेंगे।*
(संदर्भ - आईटीआई में बेटियों का बढ़ता वर्चस्व)



## राशिफल

**मेषः-** आज का दिन शुभ और फलदायी होगा। महत्तवपूर्ण निर्णय न लेने की सलाह है। यात्रा के योग हैं। लेखनकार्य के लिए अच्छा दिन है। महिला के साथ विवाद में न उतरें।

**वृषभः-** मन को स्थिर रखने की सलाह गणेशजी देते हैं, क्योंकि अनिर्णय की मनोदशा से अवसर गवां सकते हैं। प्रवास का आयोजन टाल दें। नए कार्य प्रारंभ न करें।

**मिथुनः-** लक्ष्मीजी की कृपा से दिन लाभदायी होगा। उत्तम भोजन, सुंदर वस्त्र व अपनों के साथ से दिन आनंददायी होगा। धन अधिक व्यय न करें।

**कर्कः-** कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय न लें। संबंधियों से मनमुटाव हो सकता है। वाणी पर संयम रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानहानि एवं धनहानि से बचें।

**सिंहः-** आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ और पर्यटन की संभावना है। हाथ आया अवसर जा सकता है, इसलिए निर्णय टाल दें। व्यापार एवं आर्थिक लाभ के योग हैं।

**कन्याः-** आज दिन शुभ है। नए कार्य संपन्न होंगे। व्यापारी व नौकरीपेशा लोगों के लिए समय अच्छा है। व्यापार में लाभ व नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होगा।

**तुलाः-** व्यावसाय में लाभ की संभावना है ऐसा गणेशजी कहते हैं। नौकरी व व्यापार में सहकर्मियों से सहयोग नहीं मिलेगा। लंबी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**वृश्चिकः-** आज शांति व सावधानीपूर्वक रूप से रहने की गणेशजी की सलाह है। नए कार्यों में असफलता के योग हैं। क्रोध पर संयम रखें।

**धनुः-** आज का दिन आनंदपूर्वक बीतेगा। सहवास का आनंद मिलेगा। प्रवास, पर्यटन होगा। लेखनकार्य के दिन अनुकूल है। साझेदारी से लाभ होगा।

**मकरः-** व्यापार में विकास के लिए आज का दिन लाभकारी रहेगा। धन के लेनदेन में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा।

**कुंभः-** आप की वाणी व विचारों में शीघ्र परिवर्तन होगा। बौद्धिक चर्चा में शामिल होंगे। आकस्मिक खर्च की आशंका है। पाचन न होने जैसी बीमारियों से परेशान होंगे।

**मीनः-** गणेशजी कहते हैं कि आप में उत्साह व स्फूर्ति की कमी होगी। परिजनों के साथ विवाद न करें। अस्वस्थ महसूस करेंगे। नौकरी में चिंता रहेगी।

# जगन्नाथ रथयात्रा : उतार-चढ़ाव, विध्वंस व पुनर्निर्माण के बीच अमर है आस्था की परंपरा

*रमेश शर्मा*

पुरी की विश्वविख्यात भगवान जगन्नाथ रथयात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता, सामाजिक समरसता और सनातन परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है। इस वर्ष रथयात्रा शुरू हो गई है जोकि 24 जुलाई तक आयोजित होगी। 25 जुलाई को नीलाद्री बीजे के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की मुख्य मंदिर में वापसी होगी तथा 27 जुलाई से पुनः दर्शन आरंभ होंगे। हर वर्ष लाखों श्रद्धालु इस महापर्व में सहभागी बनते हैं और यह सिद्ध करते हैं कि भारत की आध्यात्मिक चेतना समय, सत्ता और परिस्थितियों से कहीं अधिक शक्तिशाली है।

पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर चार धामों में से एक है तथा आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित गोवर्धन मठ का भी केंद्र है। मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जगन्नाथ के रूप में अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ विराजमान हैं। आषाढ़ शुक्ल द्वितीया को तीनों देवता भव्य रथों पर आरूढ़ होकर गुंडिचा मंदिर की यात्रा करते हैं और कुछ दिनों बाद पुनः श्रीमंदिर लौटते हैं। भगवान जगन्नाथ नंदीघोष, बलभद्र तालध्वज और देवी सुभद्रा दर्पदलन रथ पर विराजते हैं। लाखों श्रद्धालु लगभग 50 मीटर लंबी रस्सियों से इन रथों को हाथों से खींचते हैं। रथ को खींचना ईश्वर की सेवा और पुण्य का कार्य माना जाता है। यही कारण है कि इस अवसर पर जाति, वर्ग, भाषा और क्षेत्र की सभी सीमाएं स्वतः समाप्त हो जाती हैं।

**पर्यावरण और लोककला का अद्भुत संदेशः-** रथयात्रा की तैयारी अक्षय तृतीया से प्रारंभ होती है। प्रत्येक वर्ष नए रथ बनाए जाते हैं और उनका निर्माण पूरी तरह पारंपरिक शिल्पकला से होता है। आधुनिक मशीनों के स्थान पर स्थानीय कारीगर अपनी पीढ़ियों से चली आ रही कला का उपयोग करते हैं। रथों के निर्माण में मुख्यतः काष्ठ का प्रयोग होता है और प्रकृति के संतुलन का विशेष ध्यान रखा जाता है। यह परंपरा भारतीय संस्कृति के उस विचार को पुष्ट करती है कि धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के पूरक हैं। साथ ही यह स्थानीय शिल्पकारों और लोककला को जीवित रखने का भी प्रभावी माध्यम है।

**सामाजिक समरसता का अनुपम उदाहरणः-** रथयात्रा का सबसे प्रेरक दृश्य वह होता है जब पुरी के गजपति महाराज स्वयं स्वर्ण झाड़ू से रथों के मार्ग की सफाई करते हैं। इस परंपरा को छेरा पहरा कहा जाता है। राजा के साथ राजपुरोहित तथा सबर जनजाति के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहते हैं। राजा द्वारा झाड़ू लगाना यह संदेश देता है कि ईश्वर के समक्ष कोई बड़ा या छोटा नहीं है। मंदिर की सेवा-व्यवस्था में भी विभिन्न समाजों और परंपराओं के लोगों की सहभागिता रहती है। यही कारण है कि जगन्नाथ धाम भारतीय सामाजिक समरसता और समावेशी संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक माना जाता है।

**पौराणिक कथा में छिपा सांस्कृतिक संदेशः-** मान्यता है कि यह क्षेत्र प्राचीनकाल में सबर जनजाति का था। उनके प्रमुख विश्वावसु भगवान नीलमाधव के उपासक थे। राजा इंद्रद्युम्न को स्वप्न में भगवान ने मंदिर निर्माण का आदेश दिया। बाद में समुद्र से प्राप्त दिव्य काष्ठ से भगवान की प्रतिमा बनाने का निर्देश मिला। स्वयं विश्वकर्मा बढ़ई के रूप में प्रतिमा निर्माण के लिए आए और अधूरी प्रतीत होने वाली उन्हीं प्रतिमाओं की स्थापना की गई। आज भी भगवान जगन्नाथ की विशिष्ट काष्ठ प्रतिमाएं उसी परंपरा का प्रतीक हैं।

**भारत की सांस्कृतिक एकात्मता का प्रतीकः-** जगन्नाथ परंपरा भारत की सांस्कृतिक अखंडता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा में, कर्मभूमि द्वारका में और जगन्नाथ रूप में उनका प्रतिष्ठान पुरी में है। मान्यता है कि प्रथम काष्ठ समुद्र के माध्यम से द्वारका से पुरी पहुँचा। दूसरी ओर, देवी सुभद्रा का संबंध हस्तिनापुर से माना जाता है, जबकि विभीषण की आराधना से जुड़ी परंपरा दक्षिण की सांस्कृतिक स्मृतियों को जोड़ती है। इस प्रकार पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण- संपूर्ण भारत की सांस्कृतिक चेतना इस एक मंदिर और रथयात्रा में समाहित दिखाई देती है। साथ ही भगवान अपने भाई और बहन के साथ विराजमान होकर भारतीय परिवार व्यवस्था और पारिवारिक समन्वय का भी संदेश देते हैं।



**विध्वंस और पुनर्निर्माण का संघर्षपूर्ण इतिहासः-** जगन्नाथ मंदिर का इतिहास भक्ति के साथ ही संघर्ष और पुनर्जागरण का भी इतिहास है। 14वीं शताब्दी से लेकर मुगल काल तक मंदिर पर अनेक आक्रमण हुए। इलियास शाह, फिरोज शाह तुगलक, इस्माइल गाजी, अफगान आक्रमणकारी काला पहाड़ तथा बाद में कई मुगल सेनापतियों ने मंदिर को क्षति पहुँचाई। सबसे भीषण आक्रमण 1568 में काला पहाड़ और बाद में औरंगज़ेब के शासनकाल में हुआ। अनेक बार मंदिर को ध्वस्त किया गया, लूटपाट हुई और श्रद्धालुओं का नरसंहार भी हुआ। किंतु हर संकट के समय पुजारियों और भक्तों ने भगवान की प्रतिमाओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाकर परंपरा को जीवित रखा। यही कारण है कि मंदिर का इतिहास विध्वंस से अधिक पुनर्निर्माण और अटूट आस्था का इतिहास बन गया। मुगल सत्ता के पतन के बाद मराठा शासनकाल में मंदिर के पुनरुद्धार का कार्य गति पकड़ता है। आगे चलकर इंदौर की धर्मपरायण महारानी अहिल्याबाई होल्कर सहित अनेक शासकों और श्रद्धालुओं के प्रयासों से मंदिर को पुनः उसका गौरव प्राप्त हुआ।

**आज भी उतना ही प्रासंगिक है यह संदेशः-** आज जब समाज अनेक प्रकार की विभाजक प्रवृत्तियों का सामना कर रहा है, तब जगन्नाथ रथयात्रा हमें समरसता, सेवा, समानता और राष्ट्रीय एकात्मता का संदेश देती है। लाखों लोग बिना किसी भेदभाव के एक ही रस्सी को पकड़कर भगवान के रथ को आगे बढ़ाते हैं। यही दृश्य भारतीय संस्कृति के उस आदर्श को साकार करता है, जिसमें समूचा समाज एक परिवार माना गया है, इसीलिए जगन्नाथ रथयात्रा केवल ओडिशा का पर्व नहीं, बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय एकता और अजेय आस्था का महापर्व है। सदियों तक आक्रमण, विध्वंस और विपरीत परिस्थितियों का सामना करने के बाद भी यह परंपरा आज उसी श्रद्धा, वैभव और उत्साह के साथ जीवित है। यही इसकी सबसे बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि और भारत की सांस्कृतिक शक्ति का सबसे सशक्त प्रमाण है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
For News : samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com For Official : chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### अजय सोनी बने स्वर्णकार विकास परिषद के जिलाध्यक्ष



फतेहपुर। अखिल भारतीय स्वर्णकार विकास परिषद के नव मनोनीत जिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह कटरा अब्दुल गनी धर्मशाला रोड चौक में ओम सहाय सोनी के आवास में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष हंसराज सोनी और कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महासचिव अनिल वर्मा ने करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश सोनी को प्रदेश कार्यकारिणी में स्थान दिए जाने का स्वागत किया। नव मनोनीत जिलाध्यक्ष अजय कुमार सोनी एवं उनके जिला कार्यकारिणी के मनोनीत पदाधिकारी में राकेश कुमार सोनी जिला महामंत्री, रामनरेश सोनी जिला कोषाध्यक्ष, जिला मंत्री रमेश कुमार सोनी, अनिल कुमार सोनी, मिंटू सोनी, अमित कुमार सोनी, संगठन मंत्री तरुण सोनी एवं धीरज सोनी, जिला कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रामलाल सोनी, सुरेश कुमार सोनी, ननकू लाल सोनी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। जिला उपाध्यक्ष के पद पर रोशन लाल सोनी, रामकुमार सोनी, डॉक्टर नवरंग सोनी के नाम की घोषणा की गई। बैठक में स्वर्णकार समाज से आशीष वर्मा, मुन्ना सोनी, सूर्यकुमार सोनी, मूलचंद सोनी, विष्णु सोनी, बबलू सोनी, मनीष कुमार सोनी, गिरजा शंकर सोनी, भास्कर सोनी, दीपक कुमार सोनी, मिंटू सोनी, विशाल सोनी, ऋषभ सोनी, सुभाष सोनी, पप्पू सोनी सहित सैकड़ों स्वर्णकार समाज के लोग उपस्थित रहे।

### नपं. अध्यक्ष के प्रयास से शुरु हुआ खेल मैदान का निर्माण कार्य

**विधायक चरखारी बृजभूषण राजपूत ने पहुँचकर लिया खेल मैदान कार्य का जायजा**



कुलपहाड़/महोबा। नगर में एक बड़े खेल मैदान की मांग वर्षों से चल रही थी, जिसको लेकर वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष के अथक प्रयास से अब नगर में भूतेश्वर के पास खेल मैदान बनना शुरू हो गया है। जिसका निरीक्षण चरखारी विधायक द्वारा किया गया। नगर में खेलकूद प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने के लिए एक खेल मैदान की आवश्यकता थी, जिसकी मांग लोगों द्वारा वर्षों से की जा रही थी, लेकिन आजादी के 75 साल से अधिक बीत जाने के बावजूद खेल मैदान नहीं बन सका था। लेकिन अब वर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया द्वारा चुनाव के समय खेल मैदान बनाने का वायदा किया गया था। जिसको पूरा करते हुए उन्होंने खेल मैदान का निर्माण शुरू करा दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि खेल मैदान भटेवरा रोड पर स्थित भूतेश्वर के निकट बनवाया जा रहा है, जिसे एक महीने के अंदर पूरा कर लिया जाएगा। चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत ने गुरुवार को खेल मैदान का निरीक्षण किया और निर्माण संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि इस खेल मैदान के बनने से खेलों में रुचि रखने वाले अपनी आकांक्षाएं पूरा कर सकेंगे।

### कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी, जनसेवा ही अधिकारी की सबसे बड़ी पहचानः जिलाधिकारी

**स्थानांतरित उप जिलाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर दी गई भावभीनी विदाई**




उरई (जालौन)। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक गरिमामय विदाई समारोह में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने अन्य जनपदों में स्थानांतरित हुए पांच उप जिलाधिकारियों हेमंत पटेल, विशेश्वर सिंह यादव, अमित शेखर, वीरेंद्र गुप्ता एवं ज्योति सिंह को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी। इस अवसर पर उनके कार्यकाल के दौरान जनहित एवं प्रशासनिक क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में तैनाती के दौरान सभी उपजिलाधिकारियों ने निष्ठा, लगन और मेहनत के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सफलता टीम भावना से कार्य करने में निहित होती है और अधिकारियों की मेहनत एवं समर्पण के कारण ही जनपद शासन की विभिन्न रैंकिंग में लगातार टॉप-5, टॉप-10 सहित शीर्ष स्थान पर रहा है। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने कहा गया कि एक अधिकारी का वास्तविक मूल्यांकन उसके पद से नहीं, बल्कि जनता के प्रति उसकी संवेदनशीलता, कार्यशैली और निष्पक्ष निर्णयों से होता है। अपर पुलिस अधीक्षक ईशान सोनी ने कहा कि सभी अधिकारी अपने नए तैनाती स्थल पर भी इसी प्रतिबद्धता, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने भी अधिकारियों की कार्यशैली की सराहना की। स्थानांतरित उप जिलाधिकारियों ने भी जनपद जालौन में मिले सहयोग एवं स्नेह के लिए जिलाधिकारी, प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राय, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ ईशान सोनी, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार आदि अधिकारी सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

### डीएम ने मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी का किया निरीक्षण

उरई। गुरुवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, उरई पहुंचकर नव प्रारंभ हुई सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध कराई जा रही विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने चिकित्सकों एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं सहज चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि उन्हें उपचार के लिए अन्य जनपदों की ओर न जाना पड़े। जिलाधिकारी ने ओपीडी व्यवस्थाओं, पंजीकरण, चिकित्सकीय परामर्श, दवा वितरण तथा मरीजों की सुविधा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक मरीज को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना प्राथमिकता है तथा उपचार के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं के प्रारंभ होने से जालौन सहित आसपास के जनपदों के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी तथा गंभीर एवं जटिल बीमारियों के उपचार के लिए दूरस्थ शहरों की निर्भरता कम होगी।

### सुबह टहलने निकले युवक को जहरीले सांप ने डसा, हालत बिगड़ी

रामपुरा (जालौन)। निनावली जागीर निवासी गंगाप्रसाद का पुत्र शिवम गौतम (18) प्रतिदिन की तरह गुरुवार सुबह करीब 5 बजे खेतों की ओर टहलने गया था। इसी दौरान रास्ते में एक जहरीले सांप ने उसके पर में काट लिया। शिवम ने किसी तरह घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ने लगी, जिस पर परिजन बिना देर किए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रदीप राजपूत ने बताया कि सर्पदंश से पीड़ित युवक गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया था। चिकित्सकों की टीम ने तत्काल उपचार शुरू किया, जिससे उसकी स्थिति में सुधार हुआ। उन्होंने बताया कि फिलहाल मरीज खतरे से बाहर है और चिकित्सकीय निगरानी में उसका उपचार जारी है।

# डॉ. माधुरी साहू को सीएम योगी ने किया सम्मानित

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास एवं स्वरोजगार के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान को मिली प्रदेश स्तर पर सराहना लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन के प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा विश्व युवा कौशल दिवस-2026 के अवसर पर इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित भव्य राज्य स्तरीय समारोह में जनपद फतेहपुर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्थान की संस्थापक निदेशक एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुर की ब्रांड एंबेसडर डॉ. माधुरी साहू ने सहभागिता कर जनपद का गौरव बढ़ाया। समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रदेशभर से चयनित उत्कृष्ट प्रशिक्षकों, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, उद्योग प्रतिनिधियों, प्रशिक्षण विशेषज्ञों एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। डॉ. माधुरी साहू द्वारा महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास, स्वरोजगार, आत्मनिर्भरता, सामाजिक उत्थान एवं सांस्कृतिक संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे दीर्घकालिक एवं प्रभावी कार्यों की विस्तृत प्रोफाइल प्रस्तुत की गई, जिसकी उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डॉ. माधुरी साहू के कार्यों की प्रशंसा करते हुए उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम द्वारा डॉ. माधुरी साहू को विश्व युवा कौशल दिवस-2026 का प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ. माधुरी साहू ने भावुक स्वर में कहा आज का यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन हजारों महिलाओं, बेटियों और युवाओं का सम्मान है, जिन्होंने संघर्ष को अपनी शक्ति और कौशल को अपना भविष्य बनाया है। उन्होंने कहा कि एक छोटे से ब्यूटी पार्लर से प्रारंभ हुई उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा आज निखार वूमेन्श ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट व थंडर इंसटीटयूट तक पहुँची है। इन संस्थानों का उद्देश्य केवल कौशल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि महिलाओं एवं युवाओं में नैतिक मूल्यों, आत्मविश्वास, महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार, उद्यमिता तथा आत्मनिर्भर भारत की भावना को सशक्त करना है। उन्होंने कहा कि संस्थान का संकल्प अधिक से अधिक महिलाओं एवं युवाओं को कौशल, रोजगार एवं सम्मानजनक जीवन से जोड़ना है। डॉ. माधुरी साहू ने इस सम्मान के अवसर पर सर्वप्रथम परमपिता परमेश्वर को नमन करते हुए अपने पूज्य दिवंगत माता-पिता तथा ससुर के प्रति श्रद्धापूर्वक कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने विशेष रूप से प्रशिक्षण निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निदेशक डी. के. सिंह, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, फतेहपुर के प्राचार्य डॉ. राजकुमार यादव, सिविल लाइंस प्राचार्य मोहनीश कुमार का आभार व्यक्त किया।

## अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई, 10 ट्रैक्टर-जेसीबी को किया पुलिस के सुपुर्द

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के थाना महोबकंठ क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम टुण्डर में तालाब की भूमि से अवैध खनन के खिलाफ तहसील प्रशासन व थाना पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए जेसीबी सहित अवैध खनन करते 10 ट्रैक्टरों को नायब तहसीलदार महोबकंठ ने थाना पुलिस के सुपुर्द किया है जिससे खनन माफियों में हडकम्प मच गया है। बता दें कि उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर के निर्देशन में तहसील क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर लगातार कार्यवाही का दौर जारी है इसी कडी में जनपद के थाना महोबकंठ क्षेत्र के ग्राम टुण्डर में नायब तहसीलदार महोबकंठ मुकुल कुमार राय व थाना पुलिस टीम ने छापा मारकर गाटा संख्या 209 रकवा 2.873 जो तालाब के रुप में दर्ज कागजात है, इस तालाब की भूमि से अवैध खनन करते हुए 10 ट्रैक्टर व जेसीबी को पकडकर थाना महोबकंठ के सुपुर्द किये जाने से हड़कंप मच गया है। नायब तहसीलदार का कहना है उपजिलाधिकारी आदेश सिंह सागर के निर्देशानुसार पर इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### सर्पदंश के शिकार किशोर की उपचार के दौरान मृत्यु

जालौन (उरई)। बारह दिन पूर्व सर्पदंश में घायल किशोर की इलाज के दौरान गुरुवार को मौत हो गई। किशोर की मौत के बाद के बाद घर पर परिजनों का रो रोकर बेहाल हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे निवासी गौरव कुशवाहा (16) पुत्र मनोज कुमार बीती चार जुलाई की रात घर में सो रहा था। सोते समय उसे सांप ने काट लिया था। उसने सर्पदंश की जानकारी परिजनों को दी। परिजन तत्काल उसे घायल अवस्था में मेडिकल कालेज लेकर पहुचें। जहां उसे भर्ती कर लिया गया। बाद में परिजन उसे उपचार के लिए प्राइवेट चिकित्सालय झांसी ले गए। जहां पांच जुलाई से उसका उपचार चल रहा था। गुरूवार की दोपहर इलाज के दौरान गौरव की मृत्यु हो गई। किशोर की मौत की जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। मां पुष्पा देवी, बड़े भाई सौरभ व बड़ी बहन मुस्कान रो रोकर बेहाल हैं।

## ममता गुप्ता की पुण्य तिथि पर भावना दिव्यांग के बच्चों को किया सम्मानित



- दिव्यांग बच्चों को पटका एवं प्रतीक चिन्ह देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

श्रीराम राज्याभिषेक मंडल की संस्थापिका एवं अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद द्वारा मरणोंपरांत महिला वैश्य रत्न से सम्मानित स्व. ममता गुप्ता की तृतीय पुण्य तिथि पर भावना विकलांग केंद्र के दिव्यांग बच्चों को उपहार देकर किया सम्मानित, खुशी से चहके बच्चे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं ममता जी के तैलीय चित्र में मल्यार्पण के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। भावना विकलांग केंद्र के बच्चों ने ईश प्रार्थना की तथा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने उनके तैलीय चित्र पर माल्यार्पण करते हुये श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराया। स्व. ममता गुप्ता के व्यक्तित्व में प्रकाश डालते हुये परिषद के संरक्षक गिरधारी लाल गुप्ता ने कहा कि स्व. ममता गुप्ता का जीवन सामाजिक चिंतन के प्रति सदैव रहा है उन्होंने संगठन में सदैव सक्रिय भूमिका का निर्वाहन करते हुये संगठन के कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। उनका असमय हम लोगों से बिछडना अत्यंत कष्टकारी है। अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के प्रदेश युवा अध्यक्ष शैलेंद्र शरन सिंपल ने कहा कि परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद गुप्ता की पत्नी स्व. ममता गुप्ता हम सभी के लिये आदर्श थी। आज उनकी तृतीय पुण्य तिथि पर हम सभी उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प दोहराते हैं। परिषद के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव विनोद कुमार गुप्त ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुये कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं है बल्कि ज्ञान, कौशल एवं जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रक्रिया है व्यक्ति के व्यवहार और सोंच में सकारात्मक परिवर्तन लाती है। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिव्यांग जनसशक्तिकरण अधिकारी प्रगति मिश्रा ने कहा कि समाज में ऐसे अनगिनत दिव्यांग लोग हैं आप उन्हें कुछ आर्थिक सहयोग के साथसाथ जिस क्षेत्र मे वो निपुण हो उससे संबंधित उन्हें रोजगार दिलाये और उन्हें स्वावलंबी बनाये। परिषद के संरक्षक संजय गुप्ता ने कहा कि मनुष्य का भौतिक शरीर न रहने पर उसकी यश कीर्ति रूपी देह सदैव बनी रहती है। आपका कार्यशील जीवन वन्दनीय था। आपके उंचे एवं सच्चे आदर्श आज भी हमारा जीवन पथ आलोकित कर रहे है। हम उन्ही आदर्शो का अनुकरण करते हुये संगठन के सभी पदाधिकारी आपको श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। श्रीराम राज्याभिषेक मंडल के अध्यक्ष फरहत अली सिददीकी ने कहा कि भावना विकलांग केंद्र के बच्चों ने कार्यक्रम के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है उसके लिये विद्यालय परिवार का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा नगर अध्यक्ष/सभासद संजय लाला, रामस्वरूप गुप्ता, नारायण गुप्ता, आशीष गुप्ता, नीतीश गुप्ता, नैन्सी गुप्ता, इच्छा गुप्ता, कविता गुप्ता, ज्योत्सना गुप्ता, गुड्डू मोदनवाल, गीता गुप्ता, सुमन गुप्ता, ममता गुप्ता, रज्जन गुप्ता, अमित गुप्ता, वीरेंद्र साहू, संतोष गुप्ता, आनंद गुप्ता, सत्येंद्र अग्रहरि, गुड्डू राइन, दिलीप मोदनवाल, शानवी गुप्ता सहित तमाम पदाधिकारी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## क्षेत्रीय अध्यक्ष राम किशोर साहू का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



भाजपा के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू का पनवाड़ी आगमन रामदुलारे पेट्रोल पंप पर एवम महान नरसिंग होम में हुआ स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष मोहनलाल कुशवाहा, विधायक बृजभूषण राजपूत, पूर्व सांसद, एमएलसी जीतेन्द्र सिह सेंगर, ब्लॉक प्रमुख अंजना अनुरागी, महामंत्री श्रीप्रकाश, नीरज दुवे, तुलसीदास दुवे, श्री प्रकाश मिश्रा, धीरज अनुरागी, मौनू वर्मा, अजय भैया आदि ने अध्यक्ष का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू के प्रथम पनवाड़ी आगमन पर क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। स्थित रामदुलारे पेट्रोल पंप, विकास खण्ड में उनका फूल-मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा ब्लॉक परिसर में उनके सम्मान में भव्य स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया, महोबकंठ मंडल क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भी स्वागत कार्यक्रम निर्धारित किए गए है स्थित रावत पेट्रोल पंप सहित अनेक स्थानों पर क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महा मंत्री डॉ मंगल महान के महान नर्सिंग होम में भी जोर दार स्वागत अभिनंदन किया गया। क्षेत्रीय अध्यक्ष के प्रथम दौरे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मार्ग पर स्वागत द्वार, पुष्पवर्षा और अभिनंदन कार्यक्रमों की तैयारियों के चलते संगठन में उत्साह का माहौल बना हुआ था।

### दो सड़क दुर्घटनाओं में महिला सहित युवक घायल

जालौन (उरई)। अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक महिला और एक युवक बाइक से गिरकर घायल हुए। घायलों को राहगीरों की मदद से सीएचसी पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहाव निवासी दीपक किसी काम के चलते अपनी पत्नी रिंकी को बाइक पर बैठाकर जालौन आ रहे थे। जब वह बाइक लेकर सहाव मोड़ के पास पहुंचे तभी रिंकी अचानक असंतुलित होकर चलती हुई बाइक से गिरकर घायल हो गई। उधर, करनपुरा निवासी जवान सिंह गुरूवार की दोपहर किसी काम के चलते बाइक लेकर जालौन की ओर आ रहे थे। रास्ते में अचानक से बाइक के सामने जानवर आने पर उन्होंने बाइक को रोकने का प्रयास किया। अचानक ब्रेक लगाने से बाइक फिसल गई और वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी पहुंचाया गया।

## शिकायतकर्ता पर ही शराब के नशे में होने का लगा आरोप

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

- वायरल वीडियो वाली दबँग एएनएम को बचाने का जिम्मेदार कर रहे प्रयास, सीएमओ स्पष्टीकरण नोटिस जारी कर एएनएम का वेतन रोकने की कह रहें है बात

जनपद के सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र बेलाताल अन्तर्गत गर्भवती बहु को टीका लगवाने पहुँचे ससुर के साथ अभद्रता करने का वीडियो वायरल होने के मामले में जिम्मेदारों द्वारा जांच के नाम पर शिकायतकर्ता पर ही शराब के नशे में होने का आरोप लगा दबंग एएनएम को बचाने का प्रयास किया जाने लगा है। जबकि वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एएनएम नियमों को ठेंगा दिखा निजी मकान के बाहर बैठ सरकारी काम करते समय खुलेआम दबंगई कर गर्भवती बहु को टीका लगवाने पहुंचे ससुर को चप्पल से पीटने और छेड़छाड़ जैसे गंभीर और फर्जी मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देती नजर आ रही है। बाबजूद इसके जिम्मेदार अधिकारी शिकायतकर्ता को ही दोषी ठहराने का प्रयास कर दबंग एएनएम को बचाने की पूरी कोशिश करते नजर आ रहे हैं।

बता दें कि मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलाताल अंतर्गत इंद्रहटा गांव का है। जहां बीते दिनों कैम्प लगाकर टीकाकरण करने का अभियान चलाया जा रहा था इसी दौरान गांव के रहने वाले महेन्द्र कुमार अपनी तीन माह की गर्भवती बहू को टीका लगवाने के लिए कैम्प में पहुंचे लेकिन कैम्प का संचालन कर रही एएनएम ने अभद्रता करते हुए महेंद्र को चप्पल से पिटाई करने और फर्जी मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी इतने पर भी उसका मन नहीं भरा और जिले के जिम्मेदार अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराने और कुछ भी ना बिगाड़ पाने की बात कहती नजर आ रही है। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ, इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर सीएमओ डॉ विनय कुमार ने मामले की जांच के लिए टीम गठित कर जांच रिपोर्ट मांगी। जाँच टीम की रिपोर्ट सामने आने के बाद जनपद के जिम्मेदार दबंग एएनएम को बचाने की कोशिश करते नज़र आ रहे हैं। बताया है कि जांच अधिकारियों ने शिकायतकर्ता पर ही शराब के नशे में होने और अभद्रता करने का इल्जाम लगा दिया और आरोपी दबँग एएनएम को बचाने की पूरी कोशिश कर डाली। हालांकि सोशल मीडिया में वायरल वीडियो जांच रिपोर्ट के विपरीत कहानी बयां कर रहा है,लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं बद से बदतर होती जा रही हैं,जिसका खामियाजा जनपद के ग्रामीण अंचलों में रहने वाले ग्रामीणों को उठाना पड़ रहा है। बहरहाल सीएमओ डॉ विनय कुमार एएनएम को स्पष्टीकरण देने का नोटिस जारी कर वेतन रोकने की बात कह रहे हैं,लेकिन जिस तरीके का वीडियो वायरल हुआ है यह अपने आप में स्वास्थ्य विभाग में फैले भ्रष्टाचार और लापरवाही को उजागर करता नजर आ रहा है।

### घर के बाहर खेल रहे मासूम को तेज रफ्तार कार ने कुचला, हुई मौत

रामपुरा (जालौन)। रामपुरा नगर स्थित साधन सहकारी समिति के पास किराये के मकान में रहने वाले अनुराग पाल का चार वर्षीय पुत्र यशपाल गुरुवार सुबह अपने घर के बाहर फुटपाथ पर खेल रहा था। इसी दौरान साधन सहकारी समिति की ओर से रानी के तालाब की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार (नंबर यूपी 92 वी 5011) ने बच्चे को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी तेज थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे में मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया तथा उसके मुंह और नाक से अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। घटना के तुरंत बाद पिता अनुराग पाल घायल बेटे को गोद में उठाकर अस्पताल की ओर दौड़े, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के अनुसार कार रामपुरा निवासी सम्मन सोनी चला रहा था। आरोप है कि हादसे के बाद चालक कार को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। मृतक के पिता अनुराग पाल मूल रूप से ग्राम जमालपुरा के निवासी हैं और वर्तमान में रामपुरा में अशोक याज्ञिक के मकान में किराये पर रहकर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे।

# जल प्रकृति की अमूल्य धरोहर इसका संरक्षण सभी का नैतिक दायित्वः वर्मा

- भू-जल सप्ताह में निकली जागरूकता रैली, हर बूंद बचाने का दिया संदेश
- प्रधानमंत्री के आह्वान पर जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



प्रधानमंत्री के ''कैच द रेन-हर बूंद बचाएं, भविष्य बनाएं'' अभियान के आह्वान पर जनपद में भू-जल सप्ताह के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट परिसर से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली का उद्देश्य आमजन को भू-जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन एवं जल के विवेकपूर्ण उपयोग के प्रति जागरूक करना तथा जल संरक्षण को जनभागीदारी का अभियान बनाना था।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने कहा कि जल प्रकृति की अमूल्य धरोहर है और इसका संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दिया जा रहा है। यदि प्रत्येक नागरिक वर्षा जल संचयन, जल के सदुपयोग एवं जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि भू-जल स्तर में सुधार के लिए वर्षा जल संचयन, जल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण तथा जल का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति जल संरक्षण के इस महाअभियान का सहभागी बन सके। रैली में महिलाओं के साथ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों ने कलेक्ट्रेट परिसर से टाउन हॉल तक हाथों में जल संरक्षण संबंधी संदेशों वाली तख्तियां एवं बैनर लेकर रैली निकाली तथा जल है तो कल है, हर बूंद बचाएं, भविष्य बनाएं, कैच द रेन, वर्षा जल का करें संचयन जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर कैच द रेन सेल्फी एवं रील प्रतियोगिता का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आमजन से अपील की गई कि वे वर्षा जल संरक्षण के अपने प्रयासों को सेल्फी अथवा रचनात्मक रील के माध्यम से साझा कर प्लेटफॉर्म पर प्रतियोगिता में भाग लें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के अंत में जनपदवासियों से आह्वान किया गया कि वे जल का अनावश्यक दोहन रोकें, वर्षा जल संचयन को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं और हर बूंद बचाएं, भविष्य बनाएं के संकल्प के साथ जल-सुरक्षित एवं सतत विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

### जल की हर बूंद का संरक्षण ही सुरक्षित भविष्य की गारंटी

उरई। जनपद में 16 से 22 जुलाई तक आयोजित भू-जल सप्ताह के शुभारंभ अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में जल गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष, प्रशासक डॉ. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ़ विधायक मूलचंद्र निरंजन जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित कैच द रेन अभियान का उद्देश्य वर्षा की प्रत्येक बूंद को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाना तथा जल संकट का स्थायी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। सभी लोगों से वर्षा जल संचयन को अपनाने तथा जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कहा कि ''जहां गिरे, जब गिरे, वर्षा जल को वहीं संचित करें'' के मूल मंत्र को अपनाकर ही जल संकट का प्रभावी समाधान संभव है। उन्होंने बताया कि भू-जल सप्ताह के दौरान जनपद में जागरूकता रैलियां, गोष्ठियां, प्रतियोगिताएं, पौधरोपण एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### सूचना

मेरा यूपी बोर्ड हाईस्कूल (रोल नं. 0922949, प्रमाणपत्र सं. 3113500) तथा इंटरमीडिएट (रोल नं. 0481833, प्रमाणपत्र सं. 3105273) के मूल अंकपत्र/प्रमाणपत्र कही खो गए हैं। **विकास वर्मा, पुत्र ब्रजकिशोर वर्मा, निवासी-ग्राम देवरिया, पोस्ट-ककरहा, थाना-हैदराबाद, तहसील-गोला, जनपद- लखीमपुर खीरी**

# मतदेय स्थलों के सम्भाजन पर जनप्रतिनिधियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

## निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप तैयार प्रस्तावों पर हुआ विस्तृत विचार-विमर्श



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा मतदेय स्थलों के सम्भाजन (Rationalization) के संबंध में जारी निर्देशों के क्रम में गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों एवं निर्वाचन अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के मतदेय स्थलों के सम्भाजन, नवीन मतदेय स्थलों के गठन तथा भवन परिवर्तन से संबंधित तैयार प्रस्तावों पर विस्तार से विचार-विमर्श करते हुए राजनीतिक दलों से सुझाव एवं आपत्तियां प्राप्त की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ऐसे सभी मतदेय स्थल, जहां मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक है, उनका सम्भाजन कर नए मतदेय स्थलों का गठन किया जा रहा है। साथ ही जिन मतदान केंद्रों के भवन अनुपयुक्त अथवा आधारभूत सुविधाओं से वंचित हैं, उन्हें बेहतर एवं सुविधायुक्त भवनों में स्थानांतरित करने के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सुविधा, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों एवं महिला मतदाताओं की सुगमता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। बैठक में बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 2,870 मतदेय स्थल एवं 1,704 मतदान केंद्र संचालित हैं।

# रामसनेहीघाट तहसील को मिले नए एसडीएम

- फरियादियों को समय पर न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता, लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** कानपुर विकास प्राधिकरण से स्थानांतरित होकर आए बृजेंद्र उपाध्याय ने गुरुवार को रामसनेहीघाट तहसील में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक कर शासन की मंशा के अनुरूप पारदर्शी, संवेदनशील और जवाबदेह कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए। एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध और निष्पक्ष निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गरीब, जरूरतमंद और वंचित लोगों को त्वरित न्याय दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि उनके कार्यालय के द्वार प्रत्येक फरियादी के लिए हमेशा खुले रहेंगे। कर्मचारियों से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यदि प्रत्येक कर्मचारी प्रतिदिन कम से कम एक व्यक्ति की समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित करे, तो लंबित मामलों का बोझ तेजी से कम होगा और आमजन का प्रशासन पर विश्वास भी मजबूत होगा।

कार्यभार ग्रहण करने के अवसर पर तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय, नायब तहसीलदार उमेश द्विवेदी, सुधाकर पांडे सहित तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों ने नवागत एसडीएम का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

# दहेज के लिए विवाहिता को कमरे बन्द कर पिटाई करने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ के रायपुर गांव में दहेज की मांग की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटने के बाद रात भर कमरे में बंद रखा। यहां की निवासिनी रुचि तिवारी ने पुलिस से अपनी व्यथा बताई। बताया कि एक वर्ष पहले उसका विवाह रायपुर गांव निवासी अभिषेक तिवारी के साथ हुआ।विवाह में कम दहेज की बात को लेकर पति अभिषेक,सास,ससुर सुधीरचंद व देवर रामू आए दिन प्रताड़ित करते चले आ रहे हैं। ग्यारह जुलाई की रात उसके पति उसे जमकर पीटा और कमरे में बंद कर दिया। सुबह कमरे से बाहर निकाल कर सास-ससुर व देवर ने भी प्रताड़ना दी।

# डीएम ने गुण्डा एक्ट के तहत 8 व्यक्तियों को 6 माह के लिए किया जिला बदर

**समृद्धि न्यूज़, रायबरेली।**

जिला मजिस्ट्रेट सरनीत कौर ब्रोका ने अपने न्यायालय में सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम, 1970 की धारा-03 के अंतर्गत 08 व्यक्तियों के विरुद्ध जिला बदर की कार्रवाई की गई। न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार संबंधित व्यक्तियों को 06 माह की अवधि के लिए जनपद रायबरेली की सीमा से बाहर निष्कासित किया गया है।

जिला बदर किए गए व्यक्तियों में (1) राजवीर उर्फ राज पुत्र रामआसरे निवासी ग्राम निहुरी मजरा दीनशाहगौरा थाना गदागंज (2) अतिन्दर उर्फ मन्ना पुत्र स्वर्गीय जंगबहादुर सिंह निवासी ग्राम बरहा थाना खीरों (3) मो. कादर खान पुत्र शमशाद निवासी ममुनी थाना सलोन (4) संदीप कुमार शुक्ल पुत्र हरिकेश निवासी लोनापार मजरा डीहा थाना नसीराबाद (5) शैलेन्द्र सिंह पुत्र माताफेर निवासी ग्राम मोन थाना महराजगंज (6) सतेन्द्र सोनकर उर्फ राजा सोनकर पुत्र रामपाल सोनकर निवासी नई बस्ती देवानन्दपुर थाना मिलएरिया (7) लवकुश मौर्य पुत्र शिवराम मौर्य निवासी ग्राम पूरे लाला प्रथम मजरा अशरफपुर थाना नसीराबाद (8) अमित शुक्ला पुत्र इन्द्रनारायण शुक्ला निवासी ग्राम कोड़री पोस्ट घरई थाना सलोन जनपद रायबरेली शामिल हैं।

# प्रधान के घर चोरों ने किया हाथ साफ

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।** ग्राम प्रधान के घर घुसे चोरों ने सोने के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। मामला कोतवाली क्षेत्र के उमरामऊ गांव का है। जहां के रहने वाले ग्राम प्रधान राहुल सिंह अपनी पत्नी के साथ घर के प्रथम तल पर बने कमरे में सो रहे थे। वहीं उनकी माता-पिता व बेटे घर के निचले हिस्से में बने कमरों में सो रहे थे। घर के पीछे मवेशियों को बांधने के लिए टीन शेड रखा है। उसी के सहारे चोर घर की छत पर चढ़ आए, और वहां बने कमरे को खोलकर उसमें रखे बक्सों से एक सोने की जंजीर व एक अंगूठी समेत डिब्बों में रखी आर्टिफिशियल ज्वैलरी गायब कर दी। ग्राम प्रधान ने बताया कि रात में लाइट चले जाने की वजह से सुबह इनवर्टर खत्म हो गया। जिस पर उनकी पत्नी कमरे से बाहर निकली तो छत पर सामान बिखरा देखा तो चोरी की जानकारी हुई।

# आकांक्षी नगर योजनाः दिल्ली की विशेषज्ञ टीम ने रामसनेहीघाट का किया स्थलीय निरीक्षण



- विकास कार्यों की संभावनाएं परखी, नागरिकों से लिए सुझाव, वार्ड और औद्योगिक इकाई का भी किया भ्रमण

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**

आकांक्षी नगर योजना के तहत नगर पंचायत रामसनेहीघाट में प्रस्तावित विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से दिल्ली से आई विशेषज्ञ टीम ने शुक्रवार को नगर का स्थलीय निरीक्षण किया। टीम ने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर स्थानीय परिस्थितियों का आकलन किया और विकास की संभावनाओं का अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने नगर के उन क्षेत्रों की पहचान करने का प्रयास किया, जहां आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और नवाचार आधारित विकास कार्यों की आवश्यकता है। इस दौरान विशेषज्ञों ने स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर उनकी समस्याएं, सुझाव और अपेक्षाएं भी जानीं। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी संतोष चौधरी ने टीम का स्वागत किया और उन्हें स्थानीय नागरिकों से परिचित कराया। टीम ने आशीष मिश्रा, सुरेंद्र मिश्रा, अंजनी साहू सहित अन्य लोगों से नगर के समग्र विकास, आधारभूत सुविधाओं और भविष्य की विकास योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। इसके बाद विशेषज्ञ टीम ने नगर पंचायत के वार्ड संख्या-14 भिटरिया का निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय औद्योगिक इकाई सुमोद फ्लोर मिल का भ्रमण कर वहां उपलब्ध संसाधनों, औद्योगिक गतिविधियों और विकास की संभावनाओं का भी आकलन किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने पेयजल, सड़क, जल निकासी, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं से टीम को अवगत कराया।

# चोरी की घटनाओं का पुलिस ने किया खुलासा, दो चोर गिरफ्तार



**हैदरगढ़, बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** हैदरगढ़ पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की दो घटनाओं का खुलासा किया है। गिरफ्तार आरोपितों रामनेवल और पवन के कब्जे से 10 कीपैड मोबाइल, जेवरात तथा 560 रुपये नकद बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपित गांवों और कस्बों में रेकी कर चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पूछताछ में उन्होंने बीजापुर गांव में एक घर और हैदरगढ़ कस्बे की एक मोबाइल दुकान में चोरी की घटना स्वीकार की। बरामदगी के आधार पर संबंधित मुकदमों में बीएनएस की धारा 317 (2) की बढ़ोतरी की गई है। रामनेवल के खिलाफ पूर्व से कई आपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं।

## खबरें एक नजर में

### रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रही महिला को पुलिस ने सकुशल बचाया

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बुधवार की रात्रि को करीब साढ़े ग्यारह बजे डायल-112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र अमेठी के अंतर्गत ककवा रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास एक महिला आत्महत्या करने के लिए रेलवे पटरी पर जा रही है। सूचना मिलते ही महिला पीआरवी-6903 द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर महिला को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया गया। पूछताछ में महिला ने बताया कि वह पारिवारिक विवाद के कारण मानसिक रूप से परेशान होकर आत्महत्या करने जा रही थी। घटना के संबंध में थाना अमेठी से समन्वय स्थापित कर उक्त महिला को थाने लाया गया तथा आवश्यक काउंसलिंग एवं समझाने के उपरान्त पुलिस टीम द्वारा महिला को सकुशल उसके घर पहुंचाया गया जहां उसकी पुत्री मौजूद मिली। पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही एवं समझाने के बाद महिला को उसकी पुत्री के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस एवं यूपी-112 की तत्परता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध कार्रवाई से एक महिला का जीवन सुरक्षित बचाया गया।

### अज्ञात बालक-बालिकाओं के परिजनों से 15 दिन के भीतर संपर्क करने की अपील

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी वीरेंद्र प्रताप वर्मा ने बताया कि जिले में मिले पांच अज्ञात बालक-बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के उपरांत उनके सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए राजकीय विशेषीकृत बाल गृह, मोहान रोड, लखनऊ में संरक्षण प्रदान किया गया है। उन्होंने बताया कि इनमें तीन अज्ञात बालक शामिल हैं, जिनकी आयु लगभग 15 वर्ष है। इन बालकों को चाइल्ड हेल्पलाइन अमेठी द्वारा क्रमशः 16 अगस्त 22, 1 अक्टूबर 25 तथा 20 मार्च 26 को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। इसके अतिरिक्त थाना कमरौली के अंतर्गत मिली लगभग 17 माह की एक अज्ञात बालिका को पुलिस द्वारा 31 जुलाई 23 को तथा थाना संग्रामपुर के ग्राम गजियापुर में मिले लगभग 8 माह के एक अज्ञात बालक को 14 नवंबर 23 को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि यदि उक्त बालक-बालिकाओं के वास्तविक माता-पिता, अभिभावक अथवा कोई सगा संबंधी मौजूद हैं, तो वे आवश्यक एवं सुसंगत साक्ष्यों के साथ 15 दिनों के भीतर बाल कल्याण समिति, अमेठी अथवा जिला बाल संरक्षण इकाई में उपस्थित होकर अपना दावा प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्धारित अवधि के भीतर कोई दावा प्राप्त न होने की स्थिति में संबंधित संस्था द्वारा नियमानुसार बालक-बालिकाओं को स्वतंत्र घोषित किए जाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी जाएगी।

### आवारा कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** पूरेडलई विकासखंड क्षेत्र के चिर्रा गांव में गुरुवार को आवारा कुत्तों के हमले में राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कुत्तों को भगाया, लेकिन तब तक मोर दम तोड़ चुका था। ग्रामीणों के अनुसार, मोर जंगल और झाड़ियों के बीच टहल रहा था। आशंका है कि वह पानी की तलाश में आबादी की ओर आया था। इसी दौरान आवारा कुत्तों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया और गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# 10 महीने से लापता महिला और दो बच्चों को पुलिस ने परिजनों को सौंपा



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** थाना पीपरपुर पुलिस ने करीब 10 महीने से लापता एक महिला और उसके दो बच्चों को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन में सर्विलांस और अन्य माध्यमों से लगातार की जा रही तलाश के बाद यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार थाना पीपरपुर क्षेत्र की रहने वाली नीरज पाण्डेय अपने दो बच्चों आदर्श और मानवी के साथ करीब 10 माह पूर्व घर से लापता हो गई थीं। इस संबंध में महिला के भाई अनिल पाण्डेय पुत्र सहदेव प्रसाद निवासी ग्राम पूरे राम प्रसाद रायपुर फुलवारी थाना अमेठी ने प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि महिला और दोनों बच्चों की गुमशुदगी का मुकदमा पहले से ही थाना पीपरपुर में दर्ज है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवती की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र गौरीगंज के अंतर्गत पूरे भगवान दुबे मजरे तुलसीपुर गांव निवासी गुलबा देवी पुत्री कालिका प्रसाद प्रजापति किसी काम से घर से बाहर निकली थीं। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में युवती गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवती को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

इस संबंध में गौरीगंज कोतवाल ने बताया कि वाहन और चालक की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है।

# खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों का अपर मुख्य सचिव ने किया निरीक्षण



- योजनाओं के व्यापक प्रचार के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** अपर मुख्य सचिव, उद्यान, रेशम एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश शासन बी.एल. मीना ने गुरुवार को विकासखंड सिधौली के ग्राम सलेमपुर, मनवा और गाजीपुर का दौरा कर खाद्य प्रसंस्करण एवं उद्यान विभाग की योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 के तहत अनुदानित हिलेरी फ्लफ प्रा. लि. इकाई का निरीक्षण किया तथा पौधरोपण भी किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के अंतर्गत विवेक सिंह चौहान के ड्रिप सिंचाई पद्धति पर विकसित अमरूद बाग तथा एकीकृत बागवानी विकास मिशन के तहत जेवीकेएस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी द्वारा संचालित सहजन की खेती एवं प्रसंस्करण इकाई का भी जायजा लिया। अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यान विभाग की सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए।

### तीन सचिवों को नोटिस, फिर भी जांच अधूरी? अब प्रशासन के फैसले पर निगाहें

**सीतापुर।** विकासखंड गोंदलामऊ में पंचायत सचिव प्रदीप कुमार, आसिफ अली सिद्दीकी एवं हरेंद्र कुमार से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं के मामलों की जांच एक बार फिर चर्चा में है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) द्वारा 30 जून 2026 को जारी नोटिस में तीनों सचिवों से तीन कार्यदिवस के भीतर वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत करने को कहा गया था। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि निर्धारित अवधि बीतने के बाद भी उन्हें जांच में कोई ठोस प्रगति की जानकारी नहीं दी गई। उनका कहना है कि यदि संबंधित अभिलेख अब तक प्राप्त नहीं हुए हैं, तो नियमानुसार आगे क्या कार्रवाई की गई, क्या दूसरा नोटिस जारी हुआ, अथवा अन्य वैधानिक कदम उठाए गए–इसकी जानकारी सार्वजनिक की जानी चाहिए। शिकायतकर्ताओं ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी से मांग की है कि पूरे प्रकरण की समीक्षा कर जांच की वर्तमान स्थिति स्पष्ट की जाए, अभिलेखों की उपलब्धता की पुष्टि की जाए तथा यदि किसी स्तर पर अनावश्यक विलंब हुआ है तो उसकी जवाबदेही भी तय की जाए।

# छुट्टा सांडों पर राघवपुर में बढ़ा विवादः जांच रिपोर्ट में धार्मिक मान्यता का जिक्र

- किसानों ने उठाए सवाल
- पंचायत प्रस्ताव के हस्ताक्षरों पर भी सवाल, वायरल कथित ऑडियो चर्चा का विषय बना

**समृद्धि न्यूज़, रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।**

बनीकोडर विकासखंड की राघवपुर ग्राम पंचायत में छुट्टा सांडों को पकड़ने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान के बीच शिकायत की जांच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत के प्रस्ताव और सोशल मीडिया पर वायरल कथित ऑडियो ने पूरे मामले को चर्चा में ला दिया है। ग्राम निवासी गणेश कुमार की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) संस्कृता मिश्रा ने मामले की जांच कराई। जांच रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि गांव के लोगों में छुट्टा सांडों को लेकर गहरी धार्मिक आस्था और लोक मान्यताएं हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ग्रामीणों का मानना है कि सांडों को पकड़वाने से दैवीय संकट आ सकता है, इसलिए अधिकांश लोग इसके पक्ष में नहीं हैं।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि ग्राम पंचायत की बैठक में प्रधान संतोष कुमार की अध्यक्षता में छुट्टा सांडों को न पकड़ने का प्रस्ताव पारित किया गया। वहीं, प्रस्ताव पर दर्ज हस्ताक्षरों को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं। शिकायतकर्ता का दावा है कि कुछ हस्ताक्षर ऐसे लोगों के हैं जो ग्राम पंचायत के निवासी नहीं हैं, जबकि कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि उनसे बिना पूरी जानकारी दिए हस्ताक्षर कराए गए। इसी बीच ग्राम पंचायत सचिव रोहित वर्मा और शिकायतकर्ता के बीच हुई कथित बातचीत का एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ऑडियो में सचिव कथित रूप से कैटल कैचर वाहन खराब होने, कर्मचारियों की कमी और छुट्टा सांडों को पकड़ने में आ रही दिक्कतों का जिक्र करते सुनाई दे रहे हैं।

हालांकि, समृद्धि न्यूज वायरल ऑडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करता।

शिकायतकर्ता गणेश कुमार का कहना है कि छुट्टा सांडों के कारण किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं, लेकिन समस्या के स्थायी समाधान के बजाय जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई नहीं कर रहा है। इस संबंध में बीडीओ संस्कृता मिश्रा से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया।

उन्होंने जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि रिपोर्ट सक्षम अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। विस्तृत जानकारी देने से उन्होंने इनकार किया। छुट्टा सांडों की समस्या को लेकर क्षेत्र के किसानों में नाराजगी है। वहीं, पंचायत के प्रस्ताव, जांच रिपोर्ट और वायरल कथित ऑडियो के बाद मामले ने नया मोड़ ले लिया है। अब ग्रामीण प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

# थार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिले में एक बार फिर तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। कमरौली थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार थार वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक पर सवार दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए ट्रॉमा सेंटर भेजा गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला की हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे ट्रॉमा सेंटर जगदीशपुर से तिलोई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है जहां उसका इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।



# पारिवारिक विवाद सुलझाने पहुंचे रिश्तेदारों पर लाखों के जेवर ले जाने का आरोप

- विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप, पुलिस ने दर्ज किया केस



**रामसनेहीघाट (बाराबंकी)।** पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए घर आए रिश्तेदारों पर लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर लेकर फरार होने का आरोप लगा है। पीड़ित की तहरीर पर रामसनेहीघाट कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के जगदीशपुर मजरा थोरथिया गांव निवासी संगीत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी सगी मौसी रजनी देवी से करीब दो तोला सोने को लेकर लंबे समय से पारिवारिक विवाद चल रहा था। आरोप है कि मंगलवार शाम करीब छह बजे रजनी देवी अपनी पुत्रियों निर्मला और रानी तथा दामाद सूरज उर्फ मनिया के साथ उनके घर विवाद सुलझाने के लिए पहुंचीं। शिकायत के अनुसार, बातचीत के दौरान आरोपियों ने मौका पाकर घर में रखे सोने-चांदी के जेवर समेट लिए। इनमें हंसुली, जंजीर, दो कड़े, कमर पेटी, पायल, बिछिया, अंगूठियां समेत अन्य कीमती आभूषण शामिल बताए गए हैं। पीड़ित का आरोप है कि जब परिवार के लोगों ने इसका विरोध किया तो आरोपी जेवर लेकर भागने लगे। रोकने का प्रयास करने पर उन्होंने जान से मारने की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### जल साक्षरता कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को किया गया जागरूक

**समृद्धि न्यूज़, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के हजरतपुर गांव में जल संरक्षण सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार को पंचायत भवन और प्राथमिक विद्यालय में ग्रामीणों तथा छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऑन मियां और पंचायत सचिव सुरेश कुमार यादव ने यह शपथ दिलाई।इस दौरान पानी बचाने के महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई।पंचायत सचिव सुरेश कुमार यादव ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार 15 से 22 जुलाई तक जल संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है।इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को जल बचत के प्रति जागरूक करना है।उन्होंने भूगर्भ जल स्तर में तेजी से आ रही गिरावट पर चिंता व्यक्त की।जल संरक्षण के लिए वर्षा जल संचयन,नल की टोटी बंद रखने,खेतों में फव्वारा विधि से सिंचाई और कम पानी वाली फसले अपनाने पर जोर दिया गया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ऑन मियां ने जल को जीवन का आधार बताते हुए कहाकि आने वाली पीढ़ी के लिए पानी बचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने प्रत्येक घर में कम से कम एक बाल्टी पानी बचाने की अपील की।इस कार्यक्रम मे विद्यालय के शिक्षक,पंचायत सदस्य और बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियो ने जल का दुरुपयोग न करने का संकल्प लिया।



# कोर्ट के आदेश पर चला बुलडोजर, अवैध कब्जा हटाकर भू-स्वामी को सौंपी जमीन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र गौरीगंज में कोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने अवैध कब्जे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के सोरांव गांव स्थित गाटा संख्या 966 पर किए गए अवैध कब्जे को बुलडोजर की मदद से हटाकर भूमि उसके वास्तविक मालिक को सौंप दी गई। मिली जानकारी के अनुसार सोरांव निवासी चंद्र पाल यादव पुत्र बैजू की भूमि पर राकेश विश्वकर्मा द्वारा कई स्थानों पर छप्पर डालकर कथित रूप से अवैध कब्जा कर लिया गया था। मामले में पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली थी। जिसके बाद अदालत ने कब्जा हटाने का आदेश जारी किया। न्यायालय के निर्देश पर नायब तहसीलदार गौरीगंज अनुश्री त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व विभाग और मुंशीगंज पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और जमीन को कब्जा मुक्त कराया। कार्रवाई के दौरान लेखपाल रंजीत, गौरव, कुलदीप सहित अन्य राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने बुलडोजर से अवैध छप्परों को हटाकर करीब एक घंटे में पूरी भूमि को कब्जा मुक्त करा दिया। कार्रवाई पूरी होने के बाद जमीन का कब्जा उसके वास्तविक मालिक चंद्र पाल यादव को सौंप दिया गया। नायब तहसीलदार अनुश्री त्रिपाठी ने कहा कि शासकीय अथवा निजी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और न्यायालय के आदेशों का पूरी सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

# डिजिटल जनगणना के सच्चे सिपाही हैं फील्ड कर्मी: डीएम

कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




- जनगणना-2027 के प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान
- डीएम ने 48 अधिकारियों-कर्मचारियों को किया सम्मानित

भारत की जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) के शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध सफल समापन पर गुरुवार को कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार्ज अधिकारियों, सुपरवाइजरों, प्रगणकों और कम्प्यूटर ऑपरेटरों को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों और कर्मचारियों की मेहनत व समर्पण के कारण कन्नौज ने प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है। डीएम ने कहा कि जनगणना देश के नीति-निर्धारण और समग्र विकास की बुनियाद है। पहली बार डिजिटल माध्यम से हुई जनगणना के प्रथम चरण को 22 मई से 20 जून के बीच निर्धारित समय सीमा में पूरा करना फील्ड स्टाफ की कड़ी मेहनत, तकनीकी दक्षता और निष्ठा का परिणाम है। उन्होंने सभी कर्मियों को डिजिटल जनगणना का सच्चा सिपाही बताते हुए उनके कार्य की सराहना की। समारोह में तहसीलदार सदर अवनीश कुमार सिंह, तहसीलदार छिबरामऊ अभिनव वर्मा, तहसीलदार तिर्वा अवनीश कुमार, विभिन्न नगर निकायों के अधिशासी अधिकारियों, जिला प्रभारी जनगणना अंशु साहू, मास्टर ट्रेनरों, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर और जनगणना सहायक सहित कई अधिकारियों को सम्मानित किया गया। प्रथम चरण का कार्य सबसे पहले पूरा करने वाली प्रगणक पूजा तिवारी और सुपरवाइजर सुनील सिंह समेत कुल 48 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंत में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी देवेन्द्र सिंह ने सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण (जनसंख्या गणना) में भी कन्नौज प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगा।

## खुले बिजली बॉक्स में दौड़ा करंट, मासूम झुलसा

**तिर्वा/कन्नौज।** तिर्वा कस्बे के बौद्ध नगर बिहार बस्ती में खुले पड़े बिजली बॉक्स में करंट उतरने से एक मासूम गंभीर रूप से झुलस गया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, हालांकि इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ले में बच्चे साइकिल चला रहे थे। इसी दौरान एक बच्चे का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खुले पड़े बिजली बॉक्स से टकरा गया। बॉक्स में करंट होने के कारण वह उसकी चपेट में आ गया। बच्चे को तड़पता देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने लकड़ी के डंडे की मदद से उसे करंट से अलग किया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना के बाद क्षेत्रीय लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताई। उनका कहना है कि कई स्थानों पर बिजली के बॉक्स लंबे समय से खुले पड़े हैं और शिकायतों के बावजूद उन्हें सुरक्षित नहीं कराया गया।

# कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय बैठक की तैयारियां जोरों पर

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



- अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक

जिला उपाध्यक्ष नरेश चन्द्र वर्मा सर्राफ के प्रतिष्ठान पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 22 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे नगर के गंगोत्री गेस्ट हाउस में प्रस्तावित कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय बैठक को भव्यता के साथ सफल बनाने पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। प्रदेश मंत्री एवं जिलाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्त ने बताया कि इस क्षेत्रीय बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, प्रदेश महामंत्री शोभित टंडन, प्रदेश युवा अध्यक्ष अतुल गुप्ता, प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष अनीता जायसवाल सहित कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के सभी 12 जिलों के प्रमुख पदाधिकारी एवं जनपद कन्नौज के समस्त जिला पदाधिकारी, नगरों एवं कस्बों के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में आम सहमति से जनपदीय कार्यकारिणी सहित नगरों एवं कस्बों की कार्यकारिणी को पूर्ववत् बनाए रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। साथ ही क्षेत्रीय बैठक को भव्य एवं सफल बनाने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया गया। बैठक में राजीव दुबे क्षेत्रीय प्रभारी व जिला महामंत्री, नरेश चन्द्र वर्मा जिला उपाध्यक्ष, रामानंद वर्मा जिला उपाध्यक्ष, राजेश सक्सेना जिला उपाध्यक्ष, सुरेश वर्मा जिला उपाध्यक्ष, नेमीचंद राठौर जिला उपाध्यक्ष, मुकेश गुप्ता जिला उपाध्यक्ष, दिलीप गुप्ता नगर अध्यक्ष, भास्कर चतुर्वेदी नगर उपाध्यक्ष, नवनीत वर्मा, प्रदीप दुबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बौद्ध कथा वाचक बौद्धाचार्य का प्रभात गौतम ने किया सम्मान



**छिबरामऊ, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम गिरधरपुर में आयोजित बौद्ध कथा कार्यक्रम में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर बौद्धाचार्य जयदेव शास्त्री को पगड़ी पहनाकर तथा बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रभात गौतम ने कहा कि बौद्ध कथाओं से समाज में तेजी से जागरूकता बढ़ रही है और लोगों को बौद्धाचार्य द्वारा बताए गए विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म वैज्ञानिक सोच, समानता और मानवता पर आधारित धर्म है, जिसमें छुआछूत, आडंबर और अंधविश्वास के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने बाबा साहब के संविधान में मतदान के अधिकार को सबसे बड़ी ताकत बताते हुए लोगों से किसी भी लालच, दबाव या प्रभाव में आए बिना योग्य और ईमानदार प्रत्याशी को वोट देने की अपील की। कार्यक्रम में युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह, अनुज रावण, प्रशांत गौतम, कप्तान सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विद्यालय परिसर में मक्का सुखाने का विरोध करने पर रसोइया से मारपीट

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत जाफराबाद स्थित कंपोजिट विद्यालय तुलसीपुर में विद्यालय परिसर में मक्का सुखाने को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि मक्का हटाने के लिए कहने पर दबंगों ने दलित महिला रसोइया के साथ गाली-गलौज, जातिसूचक टिप्पणी और मारपीट की। पीड़िता फूलन देवी ने बताया कि गांव के आलोक यादव और सुमित यादव ने विद्यालय परिसर तथा रसोइया घर के बाहर मक्का फैला रखा था। जब उन्होंने मक्का हटाने का अनुरोध किया तो दोनों आरोपी भड़क गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट करने लगे। आरोप है कि उन्होंने पीड़िता को विद्यालय में भोजन न बनाने की धमकी भी दी और अपने चार अज्ञात साथियों को बुला लिया। शोर-शराबा सुनकर प्रधानाचार्य राहुल मिश्रा और विद्यालय का स्टाफ मौके पर पहुंचा। बीच-बचाव करने पर आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। बाद में पीड़िता ने भाजपा विधायक अर्चना पांडेय से मिलकर शिकायत की। विधायक के निर्देश पर छिबरामऊ कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है।

## गुजरात में सब्जी व्यापारी युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** गुजरात में सब्जी का कारोबार कर रहे ठठिया क्षेत्र के युवक नीरज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि पत्नी ने संपत्ति के लालच में उसे जहर देकर मार डाला। मृतक की मां सोनतारा ने बताया कि नीरज पत्नी के साथ गुजरात में रहकर काम कर रहा था। दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। जब नीरज की तबीयत बिगड़ी तो बहू ने उन्हें गुजरात आने से रोक दिया। तबीयत बिगड़ने के करीब 10 घंटे बाद ही युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, 12 जुलाई को नीरज के भाई अनुज के अस्पताल पहुंचने पर नीरज ने पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए थे और संपत्ति के लिए उसे किसी भी हद तक जाने की चेतावनी दी थी। सोनतारा ने ठठिया थाना प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## लखनऊ में मनाया गया सपा व्यापार सभा जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर का जन्मदिन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** लखनऊ में समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर का जन्मदिन सादगीपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दकी के आवास पर केक काटकर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा प्रियतेश सिंह तोमर के स्वस्थ, सफल और दीर्घ राजनीतिक जीवन की कामना की। समारोह में वरिष्ठ सपा नेता शैलेंद्र बबल प्रधान, समाजवादी व्यापार सभा के जिला उपाध्यक्ष अवनीश गुप्ता, सपा नेता गोविंद यादव, संजय यादव सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने संगठन को मजबूत बनाने में उनके योगदान की सराहना की। इस दौरान आपसी सौहार्द, संगठनात्मक एकजुटता और सामाजिक समर्पण पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम का वातावरण पूरी तरह आत्मीय, सौहार्दपूर्ण और उत्साह से भरा रहा तथा उपस्थित सभी लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

## खबरें एक नजर में

### एनएच-34 पर ट्रक पलटा, राहगीर की मौत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के प्रेमपुर चौकी अंतर्गत एनएच-34 पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में अज्ञात राहगीर की मौत हो गई। यह दुर्घटना प्रेमपुर स्थित मैदा मिल के सामने हुई, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार ट्रक छिबरामऊ से बेवर की ओर जा रहा था। मैदा मिल के पास पहुंचते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित ट्रक पहले सड़क किनारे लगे साइनबोर्ड से टकराया और फिर पलट गया। इसी दौरान सड़क किनारे से गुजर रहा एक अज्ञात राहगीर उसकी चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही प्रेमपुर चौकी प्रभारी विशेष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी भिजवाया। पुलिस के अनुसार हादसे के बाद चालक और परिचालक मौके से फरार हो गए। उनकी तलाश की जा रही है। वहीं मृतक की पहचान के लिए आसपास के गांवों में पूछताछ की जा रही है।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** छिबरामऊ-विशुनगढ़ मार्ग पर गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में 20 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने सबका पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार विशुनगढ़ के मोहल्ला जिला पुरी निवासी निखिल शर्मा (20) पुत्र राकेश शर्मा सुबह कपड़े खरीदने के लिए छिबरामऊ आया था। गुरुवार शाम करीब 5 बजे वह बाइक से अपने घर लौट रहा था। महमूदपुर के पास श्रीनाथ कोल्ड स्टोर के सामने पीछे से आए अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके पिता राकेश शर्मा भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं, जबकि माता का नाम कमलेश कुमारी है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी।

### सर्पदंश के मरीज को झाड़-फूंक में समय न गंवाएं तुरंत डॉक्टर के पास लाएं : डॉ हरि माधव

- एक महीने में 40 से अधिक मरीज जिला अस्पताल पहुंचे

**कन्नौज।** बरसात शुरू होते ही जिले में सर्पदंश के मामलों में तेजी आने लगी है। पिछले करीब एक महीने में 40 से अधिक लोग सांप के काटने के बाद इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचे हैं। चिकित्सकों के अनुसार बारिश के दौरान खेतों, झाड़ियों और जलभराव वाले क्षेत्रों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे सर्पदंश का खतरा भी बढ़ गया है। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. हरि माधव ने बताया कि प्रतिदिन चार से पांच मरीज सर्पदंश के बाद उपचार के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं। वर्तमान में तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनका इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि समय पर अस्पताल पहुंचने से सभी मरीजों का सफल उपचार किया जा रहा है और अब तक सर्पदंश से किसी की मौत नहीं हुई है। डॉ. हरि माधव ने लोगों से अपील की कि बरसात के मौसम में खेतों, झाड़ियों और घास वाले स्थानों पर जाते समय विशेष सावधानी बरतें। यदि किसी व्यक्ति को सांप काट ले तो झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय बर्बाद करने के बजाय तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचें, ताकि समय पर इलाज मिल सके।



## दारासराय में मदीना रेस्टोरेंट का हुआ उद्घाटन

**समधन, समृद्धि न्यूज।** नगर के दारासराय मेन रोड़ पर मदीना रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया गया। बीता बुधवार शाम नगर पंचायत अध्यक्ष आसमा बेगम और युवा सपा नेता जुनैद सिद्दीकी ने फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। यह नया रेस्टोरेंट दारासराय मेन सड़क पर स्थित लखनऊ सहयोग हॉस्पिटल के पास खोला गया है। इसके खुलने से आसपास के क्षेत्रीय लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है। उद्घाटन के अवसर पर जुनैद सिद्दीकी ने कहा कि व्यापार में ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की जरूरत है। क्योंकि ग्राहक ही व्यापार की कुंजी होते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस नए रेस्टोरेंट के खुलने से स्थानीय व क्षेत्रीय लोगों को सुविधा मिलेगी उन्होंने व्यापार में लगन और मेहनत से काम करने की प्रेरणा दी और कहा कि कोई भी काम छोटा बड़ा नहीं होता व्यापार को व्यापार समझकर करने से ही सफलता मिलती है। इस अवसर पर रेस्टोरेंट के मालिक मोहम्मद बासिब,फैजान हुसैन,शाहिल,राजू , महबूब सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में 72 मरीजों की हुई जांच, 22 में मिला मोतियाबिंद

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।



शंकरा आई हॉस्पिटल, चौबेपुर (कानपुर) की अनुभवी चिकित्सकीय टीम ने ग्राम पंचायत नौगाई के पंचायत घर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद परामर्श शिविर आयोजित किया।

शिविर में 72 मरीजों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 22 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित पाए गए। इनमें से 7 मरीजों को निःशुल्क ऑपरेशन के लिए कानपुर भेजा गया। वहीं उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित कुछ मरीजों को स्वास्थ्य सामान्य होने के बाद ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई। पंचायत सहायक आकांक्षा दुबे ने ग्रामीणों से आंखों की किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करने और समय-समय पर नेत्र विशेषज्ञ से जांच कराने की अपील की।

शंकरा मित्र देव कुमार यादव ने कहा कि आंखें ईश्वर का अनमोल उपहार हैं।

बढ़ती उम्र, मोबाइल और कंप्यूटर के अधिक उपयोग से नेत्र रोग तेजी से बढ़ रहे हैं, इसलिए समय पर जांच और उपचार आवश्यक है। शिविर में बताया गया कि मोतियाबिंद ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को लेंस, दवाएं, भोजन तथा कानपुर आने-जाने की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान डॉ. अभिषेक कुशवाह, प्रांशु यादव, अमन यादव, नितिन सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## प्रधानाचार्य अनिल मिश्रा बने जिले के विशिष्ट प्रधानाचार्य



**तिर्वा/कन्नौज।** सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन की ओर से गुरुवार को तिर्वा स्थित श्री जी होटल एंड रिसॉर्ट में विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री रहे। समारोह में वर्ष 2026 की यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद की मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति शील्ड और स्कूल बैग भेंट कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा को गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण, अनुशासित शिक्षण व्यवस्था और विद्यार्थियों की लगातार उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए जनपद के विशिष्ट प्रधानाचार्य सम्मान से नवाजा गया। उन्हें शॉल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रेरणास्रोत के रूप में फील्ड जनरल मैनेजर अरविंद मोहन तिवारी, निवेदक कौशल किशोर महाराज तथा संरक्षक एवं तिर्वा नगर के पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता मौजूद रहे। मुख्य अतिथि सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि प्रतिभा का सम्मान समाज को नई दिशा देता है। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही उन्हें सफलता के शिखर तक पहुंचाता है। ऐसे आयोजन अन्य विद्यार्थियों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने फाउंडेशन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय-समय पर मिलने वाला सम्मान विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाता है।

# सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन ने किया तीन विद्यार्थियों का सम्मान

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।



सनातन धर्म सेवा फाउंडेशन, कन्नौज द्वारा आयोजित विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 में आकाश एजुकेशन सेंटर, गुरसहायगंज के तीन मेधावी विद्यार्थियों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। संस्था के छात्र अनीस, अलौकिक राजपूत एवं अनुभव पांडे को समारोह में प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी गईं। यह सम्मान जिले के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर आकाश एजुकेशन सेंटर के प्रबंधक आरके कटियार एवं समस्त शिक्षकों ने सम्मानित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम का परिणाम है, बल्कि संस्था के लिए भी गर्व का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये छात्र भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेंगे तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे। संस्था के निदेशक आकाश कटियार ने कहा कि आकाश एजुकेशन सेंटर सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी संस्था विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करती रहेगी। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के अभिभावकों एवं शुभचिंतकों ने भी सम्मानित विद्यार्थियों तथा आकाश एजुकेशन सेंटर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

# 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगेगा, दूर होगी बिजली समस्या

गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।

बिजनेस प्लान 2025-26 के तहत गुरसहायगंज के तिर्वा रोड फीडर पर बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नया 250 केवीए वितरण ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गुरसहायगंज के तत्वावधान में मोहल्ला सर्विस रोड, तिर्वा रोड पर यह कार्य शुरू किया गया है। यहां पहले 100 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था, जिस पर क्षेत्र का लोड अधिक होने के कारण शक्तिक्षेप और विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी। विद्युत विभाग के कर्मियों द्वारा ट्रांसफार्मर स्थापना के लिए पिलर निर्माण का कार्य पूरा कर लिया गया है। अब मिट्टी भराव और ऋष्टष्ट का कार्य शेष है। विभाग का लक्ष्य है कि कार्य जल्द पूरा कर क्षेत्रवासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाए। नए 250 केवीए ट्रांसफार्मर के लगने से तिर्वा रोड, सर्विस रोड और आसपास के क्षेत्र में लो-वोल्टेज और ट्रिपिंग की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र गुरसहायगंज के अवर अभियंता राज कुमार ने बताया कि बिजनेस प्लान 2025-26 के अंतर्गत तिर्वा रोड फीडर पर 100 केवीए के स्थान पर 250 केवीए क्षमता का अतिरिक्त वितरण ट्रांसफार्मर लगाया जा रहा है। कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। हमारा प्रयास है कि कार्य को समय से पूर्ण कर क्षेत्र में निरंतर और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

# बैंकॉक में शूट के दौरान अभिनेत्री सिम्मी दीक्षित का हुआ उत्पीड़न

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।




- आयोजकों पर लगाया संदिग्ध गतिविधियों का आरोप
- अभिनेत्री सिम्मी अंतरा दीक्षित ने सुनाई आपबीती

नगर के पास असालत नगर गांव की निवासी अभिनेत्री सिम्मी अंतरा दीक्षित ने बैंकॉक में शूटिंग के दौरान आयोजकों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आपबीती सुनाई और युवाओं को सावधान रहने की सलाह दी। टीवी एवं बॉलीवुड अभिनेत्री सिम्मी अंतरा दीक्षित ने मनोरंजन जगत से जुड़े दिल्ली स्थित इवेंट आयोजक और बैंकॉक में हुए एक अंतरराष्ट्रीय शूट से जुड़े लोगों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि ऑडिशन सफलतापूर्वक पास करने के बावजूद उन्हें एक प्रतिष्ठित कार्यक्रम में काम दिलाने के बदले कथित रूप से व्यक्तिगत समझौता करने का दबाव बनाया गया, जिसे उन्होंने अस्वीकार कर दिया। एक साक्षात्कार में सिम्मी ने कहा कि मनोरंजन और मॉडलिंग उद्योग में कई बार कलाकारों को काम के बदले अनुचित मांगों और शोषण का सामना करना पड़ता है। उनके अनुसार, दिल्ली के मोती नगर क्षेत्र के एक इवेंट आयोजक एमसी ने कथित रूप से उन्हें एक क्लाइंट के साथ समझौता करने के लिए कहा। सिम्मी का कहना है कि उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और अवसर छोड़ना स्वीकार किया, लेकिन अपनी गरिमा से समझौता नहीं किया। अभिनेत्री ने बैंकॉक यात्रा का भी उल्लेख किया। उनके अनुसार, उन्हें एक अंतरराष्ट्रीय शूट के लिए बुलाया गया था, लेकिन वहां पहुंचने के बाद परिस्थितियां पूरी तरह बदल गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि उनका पासपोर्ट अपने कब्जे में ले लिया गया और उन पर लगातार दबाव बनाया गया। उन्होंने कहा कि तय पारिश्रमिक नहीं दिया गया तथा उनसे पहले से तय शर्तों से अलग कार्य करने के लिए कहा गया, जिसे उन्होंने करने से इनकार कर दिया।

सिम्मी के अनुसार, स्थिति बिगड़ने पर उन्होंने अपने खर्च पर भारत लौटने का निर्णय लिया। वापसी से पहले आयोजकों ने उन्हें एक बैग भारत ले जाने के लिए कहा और दबाव भी बनाया। बैग की सामग्री को लेकर संदेह होने पर उन्होंने अपने परिवार से सलाह ली और किसी दूसरे का सामान ले जाने से इनकार कर दिया। बाद में परिवार और परिचितों की मदद से उन्हें अपना पासपोर्ट वापस मिला और वे सुरक्षित भारत लौट आईं। उन्होंने बताया कि कुछ सप्ताह बाद मीडिया में बैंकॉक से मुंबई पहुंची एक मॉडल के पास से करोड़ों रुपये मूल्य के मादक पदार्थ बरामद होने की खबर सामने आई।

## रिमझिम फुहारों के बीच निकाली गई भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा

**कन्नौज।** गाजे बाजे के साथ नाचते गाते श्रद्धालुओं ने प्रभु जगन्नाथ की शोभायात्रा (रथयात्रा) निकाली। गुरुवार को जिले के तिर्वा नगर स्थित राम जानकी ठाकुर द्वारा मंदिर से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा सायं 5 बजे शुरू हुई। यात्रा नगर के तिर्वागंज स्थित धर्मशाला मार्ग से होती हुए सर्राफा बाजार और इसके बाद मुख्य तिर्वा कन्नौज मार्ग स्थित गांधी चौक चौराहे पर पहुंची। यहां से यात्रा खैरनगर मार्ग होते हुए उप मंडी समिति से बढ़ते हुए मुन्ना लाल दुबे के शिवालय पर पहुंचकर पूरी हुई। शिवालय में उमड़ी भक्तों की भीड़ ने जहां प्रभु की यात्रा का आगमन होने के बाद पूजा अर्चना की, वहीं इससे पूर्व उपरोक्त मार्ग पर यात्रा का नगर क्षेत्र के लोगों ने पूजन अर्चन और प्रसाद आदि पूजन समाग्री का चढ़ावा चढ़ाकर आगवानी की। गाजे बाजे के बीच नाचते गाते और थिरकते हुए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ के बीच निकाली गई।

# पीड़ित बोला रिपोर्ट लिखाने गए थे, चौकी प्रभारी ने जड़ा थप्पड़

तिर्वा/कन्नौज समृद्धि न्यूज।



पीड़ितों को न्याय दिलाने का संकल्प लेने वाली पुलिस ही जब विवादों के घेरे में आ जाए तो सवाल उठना लाजमी है। माता पिता के घर से गायब होने की रिपोर्ट लिखाने गए एक युवक ने हंसेरन चौकी प्रभारी पर अभद्रता करने और थप्पड़ मारने का आरोप लगाया है। मामले का वीडियो वायरल होने के बाद जिले में चर्चा का विषय बन गया। बताते चलें कि, जिले के थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के हुसैन नगर गांव निवासी हरिओम ने बताया कि, विगत दिन वह अपने माता पिता के घर से गायब होने की रिपोर्ट लिखाने पुलिस की शरण में गया था। हरिओम के मुताबिक मामले की रिपोर्ट लिखने के बजाय हंसेरन चौकी प्रभारी राम शंकर पंचाल ने उसके साथ अभद्रता करते हुए उसके थप्पड़ जड़ दिया। इतना ही नहीं पीड़ित पर ही कार्यवाही करते हुए उसका चलान भी कर दिया। मामले का वीडियो वायरल हुआ तो चर्चा का विषय बन गया।

वहीं मामले को लेकर चौकी प्रभारी का कहना है कि, हरिओम का आरोप गलत है। शराब के नशे में हरिओम ने अपने माता पिता से मारपीट की और इसी डर से उसके माता पिता घर छोड़कर खेतों की बगिया में रहने चले गए। दोनों पति पत्नी सुरक्षित हैं। मामले में मां का आरोप है कि, हरिओम अक्सर शराब के नशे में गलीगलौज और मारपीट करता है। हरिओम की भाषाशैली अच्छी नहीं थी और दोषी होते हुए भी भ्रमित कर गलत रिपोर्ट भी लिखाने आया था। उसको केबल सख्ती से समझाया गया, कि वह अपने माता पिता के साथ दुर्व्यवहार और अमर्यादित व्यवहार ना करे। बाकी आरोप बेबुनियाद हैं। फिलहाल चौकी प्रभारी द्वारा समझाने को लेकर थप्पड़ मारने का वीडियो जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। मामले में पुलिस क्षेत्राधिकारी कुलवीर सिंह का कहना है कि, मामला उनके संज्ञान में नहीं है, फिर भी मामले की जांच पड़ताल कराई जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन ने अपना मानदेय बाढ़ राहत योजना के लिए किया दान

**सर्वसम्मति से ब्लाक के विकास कार्यों की बैठक हुई सम्पन्न**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

ब्लाक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान विकास खण्ड अधिकारी भी मौजूद रहे।

विकासखंड कार्यालय सभागार में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान की देखरेख में ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम ब्लॉक प्रमुख डॉ.अनीता रंजन के साथ पहुंचे मेडिकल कालेज के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा प्रधान से उनकी कुशलता की जानकारी ली। उन्होंने अच्छा कार्यकाल व्यतीत होने के लिए सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों, सभी ग्राम प्रधानों तथा विकासखंड के अधिकारियों कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। वहीं डॉ. जितेंद्र सिंह यादव ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों तथा ग्राम प्रधानों की सहमति से उन्होंने पिछले कार्यकाल का ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन का मानदेय कोविड योजना में दान कर दिया था।

अब इस कार्यकाल का मानदेय सभी के राजी से तथा ब्लॉक प्रमुख की अनुमति से अपना तथा ब्लॉक प्रमुख का मानदेय बाढ़ राहत योजना में खर्च करने के लिए दान दिया। बाढ़ राहत में पैसा खर्च करने की लिए सभी ने धन्यवाद दिया कि यह पैसा एक अच्छे कार्य में खर्च हो रहा है, ऐसे कार्य के लिए किसी को कोई भी आपत्ति नहीं होगी।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख डॉ. अनीता रंजन, डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेश सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर अनुज शुक्ला, सीडीपीओ सुपरवाइजर सुनीता उपाध्याय, ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह यादव, सुमित् शाक्य, गोविंद गंगवार, मनोज यादव, अजय राज यादव, राजीव यादव, राजन गंगवार, क्षेत्र पंचायत सदस्य जोगेंद्र सिंह, अनुराग यादव, छोटू यादव, समस्त ग्राम पंचायत प्रधान तथा समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य बैठक में मौजूद रहे। वहीं ग्राम पंचायत सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला, आकांक्षा सक्सेना, अरविंद कुमार, बृजेश यादव, कुलदीप राजपूत, सुनील कुमार, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ लिपिक आलोक दीक्षित, एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर, मनरेगा सहायक विनीत कुमार, कनिष्ठ लिपिक राज भारती, मनोज कुमार सहित समस्त विकासखंड के कर्मचारी मौजूद रहे।




बैठक को संबोधित करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव मौजूद डॉ. अनीता रंजन



क्षेत्रीय लोगों से मुलाकात करते डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव व डॉ. अनीता रंजन

# ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कार्यशाला सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं संबंधित प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने कहा कि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 का उद्देश्य स्वच्छ, स्वस्थ एवं पर्यावरण अनुकूल व्यवस्था स्थापित करना है। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को घर स्तर पर कचरे का पृथक्करण करना चाहिए तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचते हुए वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन को अपनाना चाहिए। किसी भी प्रकार का अपशिष्ट खुले में न फेंका जाए, न जलाया जाए और न ही नालियों अथवा जलाशयों में डाला जाए। सभी संबंधित विभागों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यशाला का संचालन करते हुए क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, कानपुर नगर अजीत कुमार सुमन ने उच्चतम न्यायालय के निर्देशों तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए स्रोत स्तर पर कचरे के पृथक्करण, वैज्ञानिक प्रबंधन, परिवहन एवं सुरक्षित निस्तारण पर विशेष बल दिया।

उन्होंने नगर निकायों द्वारा गीले, सूखे, घरेलू सैनिटरी एवं विशेष अपशिष्ट के लिए पृथक-पृथक रंगों के कंपार्टमेंट विकसित किए जाने तथा मिश्रित अपशिष्ट के परिवहन से बचने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बताया गया कि बड़े अपशिष्ट उत्पादकों को अपने अपशिष्ट का प्रबंधन एवं प्रसंस्करण स्वयं करना होगा।

साथ ही नगर निकायों, नगर पंचायतों एवं अन्य संबंधित संस्थाओं को केंद्रीय ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण कर नियमित रिपोर्टिंग करनी होगी, जिससे अपशिष्ट के उत्पादन से अंतिम निस्तारण तक डिजिटल ट्रैकिंग संभव हो सके।



बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

# पिकअप की टक्कर से वृद्ध किसान की मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

ट्रैक्टर ट्राली पर त्रिपाल डालते समय तेज रफ्तार से आ रहे पिकअप ने वृद्ध किसान को टक्कर मार दी। जिससे किसान गंभीर रुप से घायल हो गया। आनन-फानन में उपचार के लिए डॉ. राममनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। थाना राजेपुर क्षेत्र के नगला घाघ बिलालपुर निवासी 73 वर्षीय राजाराम अपने पुत्र सुरजीत के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली से मक्का बेचने जलालाबाद मंडी जा रहे थे। शाहजहांपुर के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र में पहुंचने पर बूंदाबांदी शुरू हो गई। मक्का भीगने से बचाने के लिए राजाराम ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़क किनारे खड़ी कर दी और त्रिपाल डालने लगे। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। पिकअप इतनी तेज थी कि राजाराम लगभग 8 फिट दूर जा गिरे और गंभीर रुप से घायल हो गये। पुत्र सुरजीत ने आनन-फानन में उपचार के लिए डा0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया और सूचना पुलिस को दे दी।



रोते बिलखते मृतक के परिजन

## खबरें एक नजर में

### सोसाइटी का ताला तोड़कर उपकरण चोरी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड शमसाबाद गांव मंझना में संचालित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति लिमिटेड सोसाइटी को बुधवार रात चोरों ने अपना निशाना बनाया। चोर सोसाइटी के मेन गेट व चैनल का ताला तोड़ अंदर घुस गए। चोरों ने उसमें रखा इनवर्टर, बैटरी, एक ब्लूमेट्रिक पेनड्राइव चोरी कर लिया। गुरुवार सुबह सोसाइटी पहुंचे कर्मचारियों को गेट खुले व उसमें रखे उपकरण गायब देख घटना की जानकारी हुई। घटना की सूचना सचिव सत्यप्रकाश को दी गई। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर गुरुवार सुबह लगभग 11 बजे थाना प्रभारी राजीव कुमार मौके पर पहुंचे और उन्होंने कर्मचारियों से घटना की जानकारी ली। सोसाइटी के सचिव सत्यप्रकाश ने बताया कि लेखाकार अवनीश कुमार बुधवार शाम लगभग साढ़े पांच बजे कार्यालय बंद कर चले गए। रात किसी समय चोरों ने गेट व चैनल के ताले तोड़कर उसमें रखे उपकरण चोरी कर लिए।

### पत्नी ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** शमसाबाद थाना क्षेत्र के गाँव नीवलपुर निवासी अनीता उम्र 23 वर्षीय क पति छविनाथ से विवाद होगया जिसके चलते गुस्साए पत्नी ने कमरे मे फाँसी लगाकर आत्म हत्या क प्रयास किया हालत विगडने पर परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे लेकर आए जहाँ उपचार जारी है।

### कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक सवार घायल

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र में आज एक दर्दनाक हादसा हुआ। कुत्ते को बचाने के चक्कर में बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गएजानकारी के मुताबिक झब्बूपुर गांव निवासी जितेंद्र अपनी पत्नी शिवानी उम्र 27 वर्ष के साथ बाइक पर कायमगंज आ रहे थे। रास्ते में अचानक कुत्ता सामने आ गया। उसे बचाने में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक चला रहे जितेंद्र और पीछे बैठी शिवानी दोनों को चोटें आईं। आसपास के लोगों ने तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। जहां दोनों का उपचार जारी है।

### राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार हेतु आवेदन करने का शिक्षकों के लिए आज अंतिम मौका

**पुरस्कार मिलने वाले शिक्षकों को नौकरी में मिलता है तीन वर्ष का सेवा विस्तार**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय शिक्षक पुरुस्कार 2026 के लिए आवंटन करने का आज अंतिम मौका है। जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रधानाचार्यों ने अभी पुरुस्कार के लिए आवेदन नहीं किया है, वह आज 17 जुलाई को अपना आनलाइन आवेदन कर सकते है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय शिक्षक पुरुस्कार के लिए पूरे प्रदेश में अपेक्षाकृत बहुत कम आवेदन हुए है, 15 जुलाई तक आवेदन करने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं की संख्या 124 है। कम आवेदन को लेकर बेसिक शिक्षा और माध्यमिक शिक्षक निदेशकों सभी मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशकों (जे.डी.) और जिला विद्यालय निरीक्षकों तथा बेसिक शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया गया है वे अपने-अपने जिलों में अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय शिक्षक पुरुस्कार के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं और प्रधानाचार्यों का आन लाइन आवेदन आज 17 जुलाई को अवश्य कराना सुनिश्चित करें। 15 जुलाई तक पूरे प्रदेश में मात्र 124 आवेदन किये गये है, जो प्रतिवर्ष होने वाले आवेदनों की तुलना में अपेक्षाकृत बहुत कम है। आज आवेदन करने का आखिरी मौका है। विदित है कि राष्ट्रीय शिक्षक पुरुस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षक को नौकरी में तीन वर्ष का सेवा विस्तार मिलता है।

# गूलर पेड़ की डाल टूटकर बाइक पर गिरी, एक की मौत, दो घायल

**क्रिकेट मैच खेल कर लौटते समय घटी घटना**

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना मेरापुर के ग्राम दहेलिया में क्रिकेट मैच खेल कर घर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों पर अचानक गूलर पेड़ की डाल टूट कर गिर गयी। जिससे दबकर एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो साथी गंभीर रुप से घायल हो गये।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया तथा घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी के अनुसार थाना नवाबगंज के गांव गढ़िया बबना निवासी 32 वर्षीय अतुल कुमार उर्फ मोनू पुत्र कश्मीर सिंह गुरुवार अपने चचेरे भाई 28 वर्षीय अजय कुमार पुत्र राजवीर व गांव के ही निवासी 20 वर्षीय रतनेश पुत्र रक्षपाल के साथ थाना मेरापुर के गांव दहेलिया में हो रहे क्रिकेट मैच को खेलने गए थे। यहां से मैच खेलकर दोपहर बाद लगभग साढ़े तीन बजे तीनों बाइक से घर लौट रहे थे। गांव बिजौरी के निकट पहुंचते ही तेज हवा में सड़क के किनारे खड़े गूलर के पेड़ की डाल टूटकर सड़क से निकल रही बाइक के ऊपर गिर गई। डाल के गिरने से बाइक सवार अतुल कुमार उर्फ मोनू, अजय कुमार, रतनेश कुमार बाइक समेत सड़क पर गिरकर दब गए। इस दौरान तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान अतुल कुमार उर्फ मोनू की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगो की सूचना पर पहुंची थाना मेरापुर व यूपी 112 पुलिस ने घायल अजय कुमार, रतनेश कुमार को एंबुलेंस से सीएचसी नवाबगंज भिजवाया। सीएचसी पर मौजूद फार्मासिस्ट आलोक कुमार ने प्राथमिक उपचार कर घायल अजय कुमार, रतनेश कुमार की हालत गंभीर देख लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची मृतक अतुल कुमार उर्फ मोनू की मां सुषमा देवी, पत्नी रेखा देवी समेत परिजन शव पर चीत्कार करने लगे।

मृतक अपने भाइयों अनिल कुमार, रोहित कुमार व दो बहनों में बड़ा था। उसके 15 वर्षीय पुत्र बोबी, 14 वर्षीय पुत्री अंजली, 11 वर्षीय पुत्र आर्यन है। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।



मृतक का फाइल फोटो



रोते बिलखते परिजन

# खाद्य सुरक्षा विभाग की जागरूकता कार्यशाला 18 को

**कायमगंज,समृद्धि न्यूज।**

कार्यशाला नव भारत सभा भवन में आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य जिले के खाद्य और मेडिकल व्यापारियों को स्वच्छता और शुद्धता के मानकों का प्रशिक्षण देना है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर और मैनपुरी के अधिकारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि सभी खाद्य विक्रेता और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े व्यापारी इसमें भाग ले सकते है कायमगंज में खाद्य सुरक्षा को लेकर बड़ी तैयारी। 18 जुलाई को नव भारत सभा भवन में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग का उद्देश्य जिले के खाद्य और मेडिकल व्यापारियों को शुद्धता और स्वच्छता के मानकों के बारे में प्रशिक्षित करना है। इसकी तैयारी के लिए सिटी सेंटर मार्केट में व्यापारियों और स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के साथ बैठक भी की गई खाद्य सुरक्षा अधिकारी जावेद अख्तर और मैनपुरी के अधिकारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यशाला में सभी खाद्य विक्रेताओं को आमंत्रित किया गया है। मेडिकल क्षेत्र के व्यापारी भी इसमें हिस्सा ले सकते हैं कार्यशाला का मुख्य मकसद उपभोक्ताओं तक सुरक्षित और शुद्ध खाद्य सामग्री पहुंचाना है।

# पुलिस ने साइबर ठग को किया गिरफ्तार

**मोबाइल में मिले 20 क्यूआर कोड के स्क्रीनशॉट**

**पांच राज्यों से जुड़ी शिकायतों की जांच**

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने साइबर ठगी के आरोप में 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोबाइल फोन, सिम कार्ड, नकदी और साइबर ठगी से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य बरामद किए हैं। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 15 जुलाई को अभिषेक सिंह पुत्र राजेश सिंह 19 वर्ष निवासी ग्राम नौगंवा, थाना अल्लाहगंज, जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन, एक सिम कार्ड तथा 3,050 रुपये नकद बरामद हुए। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के मोबाइल की गैलरी खंगाली, जिसमें 20 अलग-अलग बारकोड कोड के स्क्रीनशॉट मिले। पुलिस का मानना है कि इन क्यूआर कोड का इस्तेमाल साइबर ठगी की रकम अलग-अलग खातों में मंगाने के लिए किया जाता था। जांच में आरोपी के मोबाइल और उससे जुड़े नंबर के संबंध में पांच साइबर शिकायतें सामने आईं। इन शिकायतों में पीड़ितों से करीब 50 हजार रुपये की ऑनलाइन ठगी किए जाने की जानकारी मिली है। पुलिस ने धारा 317(2), 318(4) तथा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66डी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से पूछताछ के आधार पर साइबर ठगी से जुड़े अन्य लोगों और संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। साथ ही मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की फोरेंसिक जांच कराई जाएगी, जिससे इस गिरोह से जुड़े और अहम खुलासे होने की संभावना है।

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति द्वारा भेजे गए क्यूआर कोड स्कैन न करें, संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें और बैंक खाते, एटीएम, ओटीपी या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार होता है तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन या राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए।



पुलिस हिरासत में आरोपी

# पांचाल नगर में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

**भक्तों ने कीर्तन-जयकारों के साथ किया नगर भ्रमण**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल नगर में पहिण्ड-विजय एवं दिव्य रथ यात्रा संचालन के अंतर्गत भगवान जगन्नाथ का रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।

राधा माधव मंदिर, गांधी कूचा में भगवान जगन्नाथ जी, माता सुभद्रा एवं बलभद्र जी की आरती की गई। इसके बाद परिकरों ने भगवान को गोद में लेकर नाचते-गाते जय जगन्नाथ स्वामी, जगदीश हरे के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा को श्री राधा शक्ति श्याम मंदिर, लोहाई रोड तक पहुंचाया। वहां विश्राम के बाद आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने आरती एवं पूजन किया। भक्तों द्वारा भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं बलभद्र जी को उनके-अपने रथों पर विराजमान कर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया गया। रथों का विवरणः आगे बलभद्र जी हरे रंग, मध्य में सुभद्रा जी लाल रंग और पीछे जगत के स्वामी भगवान जगन्नाथ पीताम्बरी रंग में विराजमान थे। डीजे की धुन पर श्रद्धालु नृत्य करते हुए चले। यात्रा लोहाई रोड से होते हुए चौक, नेहरू रोड, नितगंजा बाजार, सेठ गली, रेलवे रोड होते हुए पुनः राधा माधव मंदिर पर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह आरती, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

भक्तों ने प्रसाद वितरण किया। यात्रा के समापन पर भगवान जगन्नाथ की महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के संरक्षक श्रीमन्माध्वगौडेश्वराचार्य डॉ. मनमोहन गोस्वामी ने कहा कि जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा समता समरसता और विश्व शांति का संदेश देती है। जगत का अर्थ सम्पूर्ण भू-मंडल है। वसुधैव कुटुंबकम् की भावना से ही समाज आगे बढ़ सकता है।

वहीं चेयरमैन वत्सला अग्रवाल व पूर्व एमएलसी मनोज अग्रवाल ने यात्रा का स्वागत किया। दीप संस्था प्रमुख निमिष टंडन ने अपने प्रतिष्ठान पर भगवान जगन्नाथ यात्रा पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वहीं नेहरु रोड पर अपने प्रतिष्ठान के बाहर व्यापारी नेता संजय गर्ग ने शोभायात्रा की आरती उतारी और पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार मेहरोत्रा, डॉ. ऋषीन्द्र नाथ गौड़, सुरेन्द्र सफ्फर, अंजुम दुबे, अनिल रस्तोगी, महेश वर्मा, अशोक अग्रवाल, शशिकांत गुप्ता, विजय वर्मा, सुनील मेहरोत्रा, राजेंद्र नाथ गुप्त, अनिल मेहरोत्रा, प्रवीण रस्तोगी, अनुराग पाण्डेय, जय कुमार सारस्वत, पंकज अग्रवाल, दीपचंद्र वर्मा, रविंद्र भदोरिया, प्रदीप गुप्ता, गोपाल जी टंडन, रोहित गोयल, आलोक रस्तोगी, विनोद अग्निहोत्री, सिकंदर, अजय वर्मा, चैतन्य रस्तोगी, पवन बंसल, कौस्तुभ अग्रवाल, पंकज कपूर, गौरव मित्तल, हिमांशु मिश्र, सौरभ मित्तल, सोनी शुक्ला, बबिता पाठक, प्रीती तिवारी, गायत्री मिश्रा, नेहा मिश्रा, अर्चना वर्मा सहित श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



यात्रा में शामिल चिन्मय गोस्वामी, डॉ. मनोज मेहरोत्रा आदि



रथयात्रा में भाग लेती महिलायें



चौक पर भजन कीतर्न करते भक्तगण

# जिला जज, डीएम व एसपी ने केंद्रीय कारागार व जिला कारागार का किया निरीक्षण

- सफाई कार्य कर रहे बंदियों से की बातचीत
- स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जिला कारागार एवं केन्द्रीय कारागार में जेल चिकित्सालय, पुरुष एवं महिला बंदियों की बैरक सहित संपूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जेल में निरूद्ध बन्दियों के भोजन, स्वास्थ्य व्यवस्था, साफ-सफाई आदि को चेक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

फतेहगढ़ स्थित केंद्रीय कारागार और जिला कारागार का गुरुवार को जिला जज नीरज कुमार, जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह तथा मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने निरीक्षण किया। कारागारों की सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, अस्पताल, बैरकों तथा बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों ने कारागार प्रशासन से विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ-साथ बंदियों से भी सीधे संवाद किया। सफाई कार्य करने वाले बंदियों से किसी प्रकार का जबरन कार्य न कराया जा रहा हो तथा जाति के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव न किया जा रहा हो। केंद्रीय कारागार और जिला कारागार की बैरकों का निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों के रहने की व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। अधिकारियों ने



निरीक्षण के दौरान जिला जज, डीएम व एसपी

कारागार परिसर की स्वच्छता व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को नियमित सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल परिसर में स्वच्छ वातावरण बनाए रखना स्वास्थ्य और सुरक्षा दोनों दृष्टि से आवश्यक है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने विशेष रूप से उन बंदियों से बातचीत की जो कारागार परिसर में सफाई कार्य कर रहे थे। उन्होंने बंदियों से पूछा कि क्या वे अपनी इच्छा से यह कार्य कर रहे हैं या उन पर किसी प्रकार का दबाव है।

बंदियों से हुई बातचीत के दौरान सभी ने बताया कि वे स्वेच्छा से सफाई कार्य कर रहे हैं और इस कार्य में विभिन्न जातियों के बंदी शामिल हैं। किसी भी बंदी ने जबरन कार्य कराए जाने या भेदभाव की शिकायत नहीं की। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के बाद जानकारी देते हुए बताया कि जिला कारागार में 12 बंदी तथा केंद्रीय कारागार में लगभग 60 बंदी सफाई कार्य में लगे हुए मिले। निरीक्षण के समय अस्पतालों में उपलब्ध दवाओं, उपचार व्यवस्था, चिकित्सा उपकरणों और बंदियों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने अस्पताल में भर्ती बंदियों की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आनंद उपाध्याय ने कारागार प्रशासन से कहा कि किसी भी बंदी को स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आवश्यक दवाओं का पर्याप्त भंडार हमेशा उपलब्ध रहे तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही गंभीर रोगियों को आवश्यकता पड़ने पर उच्च चिकित्सा संस्थानों में रेफर करने की प्रक्रिया भी समयबद्ध हो। अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी निर्धारित मानकों का पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कारागारों में बंदियों के साथ मानवीय व्यवहार सुनिश्चित किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बंदियों को कानून के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा उनके अधिकारों का सम्मान किया जाए।

यदि किसी बंदी को किसी प्रकार की शिकायत हो तो उसका समयबद्ध और निष्पक्ष समाधान किया जाना चाहिए। बैरकों, रसोई, अस्पताल और सार्वजनिक स्थानों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की संभावना भी कम होती है। निरीक्षण में व्यवस्थाएं संतोषजनक पाए जाने के बावजूद अधिकारियों ने कारागार प्रशासन को सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, स्वच्छता और बंदियों के अधिकारों को लेकर निरंतर सतर्क रहने के निर्देश दिए।

## दरवाजे पर सो रहे अधेड़ पर सियार ने किया हमला, घायल



मौके पर मौजूद ग्रामीण

**शमशाबाद,समृद्धि न्यूज।**

कुआं खेड़ा खास गांव में बीती रात करीब 9 बजे एक ग्रामीण अपने घर के बाहर दरवाजे पर सो रहे थे, तभी एक एक जंगली सियार ने हमला कर दिया। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने मौके पर ही सियार को मार गिराया। जानकारी के अनुसार कुआं खेड़ा खास निवासी 50 वर्षीय रामेश्वर दयाल अपने घर के दरवाजे पर चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान जंगल की ओर से आए एक जंगली सियार ने अचानक उनके पैर पर हमला कर दिया। रामेश्वर दयाल को पहले लगा कि कोई कुत्ता उनके पैर को काट रहा है। उन्होंने जोर से शोर मचाया, जिससे आसपास के लोग उनकी मदद के लिए दौड़ पड़े। ग्रामीणों के मौके पर पहुंचने से पहले ही सियार ने बचाव कर रहे रामेश्वर दयाल के हाथ पर भी हमला कर दिया। हमले की सूचना पर पूरे गांव के लोग लाठी-डंडे लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए। लोगों ने घायल रामेश्वर दयाल को सियार से बचाते हुए उसे घेर लिया और मौके पर ही मार गिराया।

परिजन घायल रामेश्वर दयाल को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉ0 विपिन सिंह ने बताया कि जानवर के काटने के कारण आवश्यक इंजेक्शन और दवाएं दी। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से जंगल से सियार और अन्य जंगली जानवर आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ रहे हैं। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और जंगली जानवरों को पकड़कर जंगल में छोड़ने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## नवाबगंज मण्डल में शक्ति केंद्र पर भाजपा की बैठक सम्पन्न



बैठक में मौजूद भाजपा नेता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मंडल क्षेत्र के शक्ति केंद्र नवाबगंज सोना जानकीपुर शक्ति केंद्र बूथ पर अध्यक्ष व बूथ प्रभारी, शक्ति केंद्र संयोजक की बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा रहे। उन्होंने संगठन को मजबूती व केंद्र व प्रदेश सरकार की विकास कार्यों की जानकारी दी। सभी ने बढ़-चढ़कर बैठक में भाग लिया और आगामी कार्य योजना पर चर्चा हुई। इस मौके पर जिला मंत्री मंडल प्रभारी मनोज गंगवार, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत, मंडल अध्यक्ष आदेश राठौर, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल भारद्वाज, युवा मोर्चा नेता अमन अवस्थी, रामकुमार राजपूत, आकाश सिंह, ललित श्रीवास्तव, शिवमंगल सिंह, आकाश गुप्ता, कुलदीप त्रिपाठी, विनीत भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## सत्यगिरी महाराज बने बरेली मण्डल के संरक्षक

### भाकियू अखण्ड प्रदेश ने बिलसंडा पीलीभीत जाकर सौंपा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन अखंड प्रदेश के द्वारा लंगड़े बाबा आश्रम बिलसंडा जनपद पीलीभीत जाकर संत सत्य गिरी महाराज महंत जूना अखाड़ा संत समिति अध्यक्ष मेला श्री रामनगरिया पांचाल घाट को बरेली मंडल का मंडल संरक्षक नियुक्त किया। भारतीय किसान यूनियन अखण्ड प्रदेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सोमवंशी के निर्देश पर राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव राजेश कुमार उर्फ बबलू दीक्षित एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह सोमवंशी ने सत्यगिरी महाराज को मनोनयन पत्र सौंपा और उन्हें बरेली मण्डल का संरक्षक नियुक्त कर उनका स्वागत किया और उनसे आशीर्वाद लिया। महाराज द्वारा लगभग 70 दिनों से किया जा रहे आमरण अनशन पूर्ण



सत्यगिरी महाराज को मनोनयन पत्र देते पदाधिकारी

समर्थन दिया। समस्या का समाधान होने पर पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू कर दिया जायेगा। इस मौके पर राजेश कुमार उर्फ बबलू दीक्षित, नरेंद्र सिंह सोमवंशी, आशीष यादव, नेत्रपाल सिंह, मुनिपाल उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### घर में घुसकर मारपीट व तोड़फोड़ का आरोप पीड़िता ने एसपी से लगाई गुहार



**कन्नौज/तिर्वा।** सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम मुरैया बुजुर्ग निवासी शीतू अवस्थी पत्नी अनुज कुमार उर्फ शिवम अवस्थी ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर गांव के सात लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तिर्वा कोतवाली पुलिस पर शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने की भी शिकायत की है। शिकायती पत्र के अनुसार, सोमवार शाम करीब पांच बजे गांव के मुकेश अवस्थी, आयुष, मोहन, कल्लू, सुभी, गुल्लन और रत्नेश समेत अन्य लोग एक राय होकर उनके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपितों ने मुख्य गेट तोड़ दिया, घर में जमकर तोड़फोड़ की और ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। इस दौरान पीड़िता के पिता महेश अवस्थी के सिर में गंभीर चोट आई। आरोप है कि हमलावरों ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी तोड़ दिए और परिवार को जान से मारने तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि घटना की शिकायत तिर्वा कोतवाली में दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उसने दावा किया कि घटना के वीडियो सहित अन्य साक्ष्य उसके पास मौजूद हैं। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से एफआईआर दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने और आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### रोडवेज बस की टक्कर से ऑटो पलटा,कई सवारियां घायल



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिला अस्पताल की ओर से सवारियों को लेकर रोडवेज की तरफ जा रहा एक ऑटो सरायमीर के अंधे मोड़ पर सड़क हादसे का शिकार हो गया। सामने से आ रही रोडवेज बस ने ऑटो (यूपी 74 एटी 4984) में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो पलट गया, जिससे उसमें सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद राहगीरों और दुकानदारों ने तुरंत ऑटो को सीधा किया और सभी घायलों को उसी ऑटो से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। घायलों का ईलाज होने के बाद अपने घरों को चलीं गईं। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।


### भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत, अटल जी की कर्मभूमि को किया नमन

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी का बलरामपुर आगमन पर कार्यकर्ताओं और नगरवासियों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत बृहद वृक्षारोपण अभियान से हुई। इसके बाद उन्होंने शेखुईया चौराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू के नेतृत्व में वीर विनय चौराहे पर आयोजित स्वागत समारोह में भाजपा पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। इसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष ने आदि शक्ति मां पाटेश्वरी के दर्शन किए। तुलसीपुर में पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू,पूर्व अध्यक्ष राकेश सिंह,प्रदीप सिंह एवं ब्लॉक प्रमुख प्रवीण सिंह विक्की ने उनका स्वागत किया। वहीं बिजुलीपुर मंदिर पर सदर विधायक पल्टूराम और राम प्रताप वर्मा ने भी उनका अभिनंदन किया।

## जीडी गोयनका स्कूल में चार दिवसीय पौधारोपण अभियान का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद/छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

जीडी गोयनका स्कूल छिबरामऊ में 13 जुलाई से 16 जुलाई तक एक पेड़ माँ के नाम थीम पर चार दिवसीय पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। विशेष अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा माताओं के सम्मान में पकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव विकसित करना था। अभियान के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपनी माताओं के नाम पर एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर नीम, पीपल, बरगद, अर्जुन, अशोक, आंवला, जामुन, आम, शीशम, गुलमोहर, अमलतास, कचनार तथा बेल जैसे छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में अनेक लोगों को स्वच्छ हवा, छाया और जीवन प्रदान करेगा। इसलिए प्रत्येक विद्यार्थी को पौधा लगाने के साथ-साथ उसकी देखभाल की भी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई और विद्यार्थियों को वृक्षों के महत्व एवं पर्यावरण संरक्षण के बारे में प्रेरित किया। विद्यालय परिसर में लगाए गए पौधों ने हरियाली का सुंदर संदेश दिया और सभी ने मिलकर एक पेड़ माँ के नाम अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया। यह पौधारोपण अभियान विद्यार्थियों के लिए प्रकृति के प्रति प्रेम, जिम्मेदारी और सामाजिक सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरा।



वृक्षारोपण करते बच्चे

## 17 जुलाई को जनपद भ्रमण पर रहेंगे प्रभारी मंत्री

- कार्यक्रम के तहत पर विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की करेंगे समीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा जनपद के प्रभारी मंत्री जयवीर सिंह 17 जुलाई शुक्रवार को जनपद के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत जनपद के विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा करेंगे तथा जनपद के मीडिया प्रतिनिधियों से भी प्रेसवार्ता करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री दोपहर 1:35 बजे से 3:30 बजे तक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा करेंगे। बैठक के दौरान विकास योजनाओं की प्रगति, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा कानून-व्यवस्था से संबंधित बिंदुओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 3:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री मीडिया प्रतिनिधियों से प्रेस वार्ता भी करेंगे, जिसमें जनपद के विकास एवं शासन की प्राथमिकताओं से संबंधित विषयों पर जानकारी साझा की जाएगी।

## बिना उपस्थिति के नामांकन करने वालों का रद्द किया जाये नाम : धीरेन्द्र वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बढ़पुर निवासी धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने इंडियन रेड क्रास सोसायटी फर्रुखाबाद प्रबंध समिति के चुनाव में नियम विरुद्ध नामांकन को लेकर चुनाव अधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को पत्र भेजा। पत्र में मांग की गई कि प्रबंध समिति के चुनाव हेतु 15 जुलाई को इंडियन रेड क्रास सोसायटी के जनपद के आवास विकास कार्यालय में 4 बजे नामांकन पत्र दाखिल किया।

चुनाव अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर नामांकन देना एवं रिसिविंग लेना अनिवार्य था। शाम 5 बजे तक सदस्यों ने रेड क्रास कार्यालय आवास विकास में नामांकन किया। नामांकन करने वाले सदस्यों की सूची जारी हुई तो उसमें कई ऐसे नामों का नामांकन दिखाया जो नामांकन पत्र जमा करने नहीं आये, यह विधि विरुद्ध है।

चुनाव प्रक्रिया व नियम एवं शर्तों के विपरित है। निष्पक्ष चुनाव नहीं हुआ है। ऐसे में संभावना क्षीण हो जाती है। नामांकन में कौशल्या गिरी, अनुराधा सक्सेना, डॉ. अहमद, मिथलेश कुमारी के नाम है। ऐसे में जो नामांकन करने नहीं आये है उनका नामांकन रद्द किया जाये। जबकि 10 जुलाई से 15 जुलाई तक प्रबंध समिति की चुनाव प्रक्रिया चल रही थी।

## 18 जुलाई को आयोजित होगा स्ट्रीट फूड वेंडर्स का खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रभारी सहायक आयुक्त, खाद्य संजय कुमार ने बताया कि भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, उत्तरी क्षेत्र कार्यालय, गाजियाबाद द्वारा ईट राइट इंडिया अभियान के अंतर्गत जनपद में स्ट्रीट फूड वेंडर्स के लिए एक दिवसीय खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम का आयोजन 18 जुलाई शनिवार प्रातः 10:30 बजे से नव भारत सभा भवन में किया जाएगा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद मुकेश राजपूत करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं को एफएसएसएआई की विशेषज्ञ टीम द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं स्वच्छता के मानकों की विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही सुरक्षित खाद्य निर्माण, भंडारण एवं परोसने से संबंधित व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को एफएसएसएआई द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को एफएसएसएआई की ओर से निःशुल्क खाद्य सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जनपद के समस्त स्ट्रीट फूड वेंडर्स एवं खाद्य कारोबारकर्ताओं से अपील की है कि वे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर खाद्य सुरक्षा के मानकों की जानकारी प्राप्त करें तथा अपने व्यवसाय को अधिक सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं उपभोक्ता हितैषी बनाएं। एफएसएसएआई की यह कार्यशाला सीखें, समझें, सुरक्षित परोसें की अवधारणा पर आधारित है, जिसका उद्देश्य खाद्य कारोबारकर्ताओं में खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना है। इस प्रशिक्षण से ग्राहकों का विश्वास बढ़ेगा तथा खाद्य कारोबार अधिक सुरक्षित एवं व्यवस्थित होगा।

### बढ़ई, दर्जी, नाई सहित 11 ट्रेड के कारीगर उठा सकते हैं योजना का लाभ

**बलरामपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत जनपद बलरामपुर के पारंपरिक कारीगरों एवं हस्तशिल्पियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर स्वरोजगार एवं आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। योजना के माध्यम से पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों को आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण, उन्नत टूलकिट तथा प्रशिक्षण अवधि का मानदेय उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे वे अपने कार्य को अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रतिस्पर्धी बनाकर आय में वृद्धि कर सकें। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि योजना का उद्देश्य शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों के कौशल का उन्नयन कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। योजना के अंतर्गत चयनित लाभार्थियों को 10 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## संयुक्त विकास आयुक्त ने जिला ग्राम्य विकास संस्थान का किया निरीक्षण

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान, लखनऊ से कानपुर मंडल के संयुक्त विकास आयुक्त प्रवीण कुमार राय ने गुरुवार को जिला ग्राम्य विकास संस्थान का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने जिला प्रशिक्षण अधिकारी से संस्थान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, प्रशिक्षुओं को उपलब्ध कराए जाने वाले भोजन, मरम्मत एवं इंटरलॉकिंग कार्य सहित अन्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके बाद प्रशिक्षण कक्षों, मैस



तथा परिसर में बने कच्चे तालाब का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि संस्थान में चार प्रशिक्षण कक्ष संचालित हैं, जहां विभिन्न योजनाओं से जुड़े प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। मई माह में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत चयनित लखपति दीदियों को अंतिम बार प्रशिक्षण दिया गया था। संयुक्त विकास आयुक्त ने व्यवस्थाओं पर संतोष जताते हुए उन्हें और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

## उफान पर गंगा, जलस्तर 136.10 सेमी बढ़ा, ग्रामीणों में दहशत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पहाड़ी और मैदानी इलाकों में हो रही बारिश के कारण फर्रुखाबाद में गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण करना शुरू कर दिया है। गंगा के जलस्तर में अचानक 136.10 सेंटीमीटर की भारी वृद्धि दर्ज की गई है।

पानी के इस तेज बहाव और बढ़ते जलस्तर ने नदी किनारे बसे कटरी और तराई क्षेत्रों के दर्जनों गांवों में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। बाढ़ के खतरे को देखते हुए ग्रामीणों की रातों की नींद उड़ गई है और लोग अपने परिवारों तथा मवेशियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने की तैयारियों में जुट गए हैं। गुरुवार सुबह दस बजे गंगा का जलस्तर 136.10 सेंटीमीटर दर्ज किया गया। बीते कई दिनों से फर्रुखाबाद में गंगा का जलस्तर स्थिर बना हुआ था, लेकिन अब इसमें वृद्धि देखी जा रही है। गंगा नदी तटवर्ती गांवों के पास लगातार कटान कर रही है। इस बार गंगा पूर्व दिशा की ओर कटाव कर रही है, जिससे ग्रामीणों में भय का माहौल है। उन्हें आशंका है कि यदि कटान की गति तेज हुई तो उनके मकान



गंगा का बढ़ा जलस्तर

भी इसकी चपेट में आ सकते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि जलस्तर बढ़ने से नदी का पानी तराई इलाकों के खेतों में घुसने लगा है। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। कई निचले गांवों को जोड़ने वाले कच्चे रास्तों पर पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों का मुख्य मार्गों से संपर्क टूटने की कगार पर है। लोगों को आवागमन के लिए नावों का सहारा लेना पड़ सकता है। पानी के तेज बहाव के कारण नदी किनारों पर मिट्टी का कटान भी तेज हो गया है। जिन ग्रामीणों के घर नदी के बिल्कुल करीब हैं, वे मकान ढहने के खौफ में जी रहे हैं। नदी किनारे बसे शमशाबाद और अमृतपुर तहसील क्षेत्र के कई ग्रामीणों का कहना है कि हर साल बाढ़ उनके लिए तबाही लेकर आती है। अचानक जलस्तर 136.10 सेमी बढ़ने से उन्हें डर है कि अगर पानी इसी रफ्तार से बढ़ता रहा, तो जल्द ही पानी उनके घरों के भीतर पहुंच जाएगा। फिलहाल, ग्रामीण खौफके साये में नदी के घटते-बढ़ते जलस्तर पर टकटकी लगाए बैठे हैं। वहीं शहर के पांचाल घाट पर भी गंगा का पानी भर गया है। पर्यटन विभाग द्वारा श्रद्धालुओं के स्नान के लिए बनाए गए पक्के घाट पर पानी जमा है। जलस्तर में इस अप्रत्याशित वृद्धि के बाद जिला प्रशासन और सिंचाई विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गए हैं। बाढ़ चौकियों को सक्रिय कर दिया गया है और कर्मचारियों को 24 घंटे निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने निचले इलाकों में रहने वाले लोगों से अपील की है कि वे सावधानी बरतें और प्रशासन द्वारा जारी की जाने वाली चेतावनियों पर ध्यान दें। आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए गोताखोरों और पीएसी की बाढ़ राहत कंपनियों को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है।

## भाकियू 'किरन' का तहसील में जोरदार प्रदर्शन

# न्याय न मिलने पर जिला मुख्यालय पर आंदोलन की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।**



विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (किरन) ने गुरुवार को मितौली तहसील परिसर में जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के बाद संगठन ने नायब तहसीलदार मितौली के माध्यम से जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए जानलेवा हमले, भूमि पर कथित अवैध कब्जा, संदिग्ध गुमशुदगी, सरकारी चारागाह भूमि पर अतिक्रमण तथा प्रशासनिक अधिकारियों की कथित लापरवाही और मिलीभगत की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग उठाई। भारतीय किसान यूनियन (किरन) के प्रदेश अध्यक्ष पुनीत यादव के नेतृत्व में आयोजित धरना-प्रदर्शन में बड़ी संख्या में किसान एवं संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। ज्ञापन में ग्राम धर्माखेड़ा, थाना मैगलगंज निवासी मनजीत कौर ने आरोप लगाया कि 23 जून 2026 को खेत में पेड़ काटने का विरोध करने पर पुलिस की मौजूदगी में उन पर जानलेवा हमला किया गया, लेकिन शिकायत के बावजूद आरोपियों के विरुद्ध कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। प्रार्थिनी ने यह भी आरोप लगाया कि उनके पति की भूमि का कथित रूप से फर्जी बैनामा कराकर उस पर कब्जा कर लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों ने निष्पक्ष सुनवाई नहीं की। साथ ही दाखिल-खारिज की प्रक्रिया में भी अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि उनके पति को लगभग आठ माह तक इशरखापुर में छिपाकर रखा गया। इस संबंध में कोतवाली देहात, सीतापुर में शिकायत किए जाने के बावजूद कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके अलावा तहसील मितौली के गाटा संख्या 2240 (चारागाह) की सरकारी भूमि पर कथित अवैध कब्जा कर बस्ती बसाए जाने की भी उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। धरने को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पुनीत यादव ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो भारतीय किसान यूनियन (किरन) एक सप्ताह बाद जिला मुख्यालय पर लोकतांत्रिक तरीके से बड़ा आंदोलन करेगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना समाप्त होने के उपरांत संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार मितौली को ज्ञापन सौंपा।

नायब तहसीलदार ने संगठन को आश्वस्त किया कि ज्ञापन जिलाधिकारी तक तत्काल भेजा जाएगा तथा एक सप्ताह के भीतर मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## पीएचसी में डॉक्टरों की कमी पर व्यापार मंडल ने जताई चिंता

**चिकित्सकों की शीघ्र तैनाती की मांग, बोले: ग्रामीणों को नहीं मिल रहा समय पर उपचार**

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** उद्योग व्यापार मंडल छोटी काशी गोला के जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी ने क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए शासन एवं स्वास्थ्य विभाग से रिक्त पदों पर चिकित्सकों की शीघ्र नियुक्ति किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के अभाव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अपनी मूल भूमिका निभाने में असफल साबित हो रहे हैं। राममोहन सोनी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को प्राथमिक उपचार के लिए स्थापित स्वास्थ्य केंद्रों पर चिकित्सक उपलब्ध न होने से समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। मजबूरी में मरीजों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अथवा जिला अस्पताल जाना पड़ता है, जिससे उन्हें अतिरिक्त समय और धन खर्च करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या के कारण चिकित्सकों पर कार्यभार भी बढ़ गया है। परिणामस्वरूप कई गंभीर मरीजों को उपचार के बजाय जिला अस्पताल रेफर करना पड़ रहा है। इससे मरीजों और उनके परिजनों को आर्थिक बोझ के साथ-साथ अनावश्यक भागदौड़ और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ने शासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की कि क्षेत्र के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में योग्य एवं कुशल चिकित्सकों की शीघ्र तैनाती सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीणों को उनके निकट ही समय पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## तहसील गेट पर खड़ी बाइक में अचानक लगी आग, धू-धू कर जलकर हुई क्षतिग्रस्त

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** धौरहरा तहसील परिसर के मुख्य गेट के बाहर खड़ी एक बाइक में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे अचानक आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। जानकारी के अनुसार ईसानगर कस्बा निवासी शमीम अहमद किसी कार्य से तहसील आए थे। उन्होंने अपनी बाइक तहसील के मुख्य गेट के बाहर खड़ी की और एसडीएम कार्यालय चले गए। इसी दौरान अज्ञात कारणों से बाइक में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही शमीम अहमद मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक बाइक काफी हद तक जल चुकी थी।

## खबरें एक नजर में

### राजगढ़ में कीचड़ और मोरंग से फंसी स्कूल बस, बच्चों को हुई परेशानी

**समृद्धि न्यूज़, राजगढ़ (मिर्जापुर)।** विकासखंड राजगढ़ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे वाली गली में मोरंग डाले जाने के कारण एक स्कूल बस फंस गई। हल्की बारिश के बाद सड़क कीचड़युक्त हो गई, जिससे बस का निकलना मुश्किल हो गया। काफी देर तक आवागमन बंद रहा। सड़कों को दुरुस्त करने के बजाय मोरंग और लाल मिट्टी का प्रयोग करके काम कराया जा रहा है। 5 साल बीत गए लेकिन गांव की सड़क अभी भी गढ्ढा में तब्दील है। सटल लाखों रुपए ग्राम प्रधानों को गांव के विकास के लिए दी गई है 5 साल बीत गए प्रशासक के तौर पर काम कर रहे हैं फिर भी सड़के बदले हैं। काफी देर तक प्रयास करने के बावजूद बस वहां से हिल नहीं सकी। इस दौरान ग्रामीणों को भी आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में ग्रामीणों के सहयोग से लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद बस को बाहर निकाला जा सका। बस के फंसने के कारण स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी परेशानी हुई और वे देर से अपने-अपने विद्यालय पहुंच सके। स्थानीय लोगों ने सड़क की स्थिति सुधारने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी समस्याओं का सामना न करना पड़े।



### सड़क हादसे में घायल युवक की बीएचयू में इलाज के दौरान मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमण्डगंज मार्ग के हरसड़ गांव में हुई सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान बीएचयू वाराणसी में बुधवार को मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के गुलपुर नौगवा निवासी अजय कुमार ने गुरुवार को हलिया थाने में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि उनके बड़े भाई 45 वर्षीय तुलसी कोल 9 जुलाई को बाइक से अपने ससुराल चक कोटार जा रहे थे की हरसड़ गांव के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाते हुए तुलसी कोल की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तुलसी गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई।परिजनों ने घायल को पहले स्वरूप रानी अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखकर बीएचयू वाराणसी रेफर कर दिया। बीएचयू में इलाज के दौरान तुलसी कोल की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हुई है। तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किया जायेगा है।

### कुएं की मरम्मत करा रही महिला से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिकटा गांव में कुएं की मरम्मत करा रही महिला के साथ मारपीट व जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर गांव के ही एक व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थाना क्षेत्र के सिकटा गांव निवासी 40 वर्षीय मंजू देवी ने थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि बुधवार को वह अपनी 14 वर्षीय बेटी प्रेमकली के साथ गांव में कूप (कुएं) की मरम्मत करा रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव का ही वीरेंद्र वहां पहुंच गया। उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया।थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मंजू देवी की तहरीर पर आरोपी वीरेंद्र के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

### 25 हजार ईनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**समृद्धि न्यूज़, चुनार (मिर्जापुर)।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के कुशल निर्देशन में एंव अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन राजकुमार मीणा व क्षेत्राधिकारी चुनार गायत्री यादव के कुशल पर्यवेक्षण में तथा मुझ कोतवाल विजय शंकर सिंह मय पुलिस बल के द्वारा अपराध की रोकथाम एव अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे दैनिक अभियान के क्रम में मु0अ0सं0 23/2026 धारा 103 (1), 109(1), 115(2), 351(3), 352, 3(5), 191(2), 74 बीएनएस व 7 सीएलए एक्ट से सम्बन्धित वांछित/इनामिया अभियुक्त मोनू साहनी उर्फराधेश्याम पुत्र रामनरेश उर्फनरेश साहनी निवासी रैपुरिया थाना चुनार मीरजापुर उम्र 27 वर्ष को आज दिनांक 15.07.2026 को मुझ कोतवाल विजय शंकर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा समय 18.30 बजे भरपुर तिराहे के पास से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।



### आंधी-बारिश के चलते 11 केवी सब स्टेशन से जुड़े सभी फीडर बंद

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** क्षेत्र में गुरुवार की दोपहर में आई आंधी व बारिश के कारण सुरक्षा के मद्देनजर 11 केवी हलिया सब स्टेशन से जुड़े हलिया, अदवा, कोटाघाट, ड्रमण्डगंज, जल जीवन मिशन बरहूला सहित सभी फीडरों की बिजली आपूर्ति तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई। सब स्टेशन के अवर अभियंता ने बताया कि तेज हवा के कारण कई जगह पेड़ों की डालियां व तार टूटने की आशंका थी। किसी भी तरह के हादसे व जनहानि से बचने के लिए एहतियातन सभी फीडरों को शटडाउन किया गया है। उपखण्ड अधिकारी दिलीप कुमार के अनुसार, हवा व बारिश रुकने के बाद लाइन पेट्रोलिंग कर फॉल्ट चेक किया जाएगा। लाइन क्लियर मिलने पर चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि मौसम खराब होने तक धैर्य बनाए रखें। किसी भी टूटे तार या पोल के पास न जाएं और सूचना तुरंत सब स्टेशन या हेल्पलाइन नंबर पर दें।

### टायर फटने से अनियंत्रित ट्रक घर में घुसा, 3 की मौत

**समृद्धि न्यूज़, अहरौरा (मिर्जापुर)।** थाना क्षेत्र के कुदारन चौराहे के पास गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे बड़ा हादसा हो गया। वाराणसी से सोनभद्र जा रहा ट्रक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित घर में जा घुसा। हादसे में घर में मौजूद 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 वर्षीय बच्ची समेत 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर थाना अहरौरा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला गया। रेस्क्यू कर घायलों को सीएचसी चचेरी मोड़, चुनार भेजा गया। वहां से डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर देखकर ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस ने तीनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवाया। अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। मृतकों के नाम राजाराम पुत्र स्व0 श्रीराम, उम्र करीब 47 वर्ष सुखिया पत्नी स्व0 श्रीराम, उम्र करीब 70 वर्ष चांदतारा पत्नी सीताराम, उम्र करीब 45 वर्ष तीनों निवासी ग्राम कुदारन, थाना अहरौरा,घायलों में सुहानी पुत्री चंद्रशेखर, उम्र करीब 12 वर्ष, निवासी मुजेहरा, थाना कोतवाली देहात, सुनील शर्मा पुत्र रामसुभग, उम्र करीब 45 वर्ष, निवासी कुदारन, थाना अहरौरा।

# मगरमच्छ ने 12 वर्षीय अनिकेत के शव का निचला हिस्सा नोचा, दूसरे दिन नदी में मिला क्षत-विक्षत शव

- नहाते समय चौका नदी में डूबा था बालक एनडीआरएफ ने दूसरे दिन चलाया रेस्क्यू तलाश के दौरान ग्रामीण पर भी मगरमच्छ ने किया हमला

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



नकहा चौकी क्षेत्र के सकेथू पुल के पास चौका नदी में नहाते समय डूबे 12 वर्षीय बालक का शव दूसरे दिन एनडीआरएफ की कड़ी मशक्कत के बाद बरामद हुआ। शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों के अनुसार मगरमच्छ ने बालक के शरीर के निचले हिस्से को बुरी तरह नोच दिया था। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था, जिससे पूरे गांव में मातम पसरा है।

ग्राम रौलिया निवासी अनिकेत (12) पुत्र रमेश मंगलवार दोपहर करीब एक बजे स्कूल से छुट्टी के बाद अपने साथियों के साथ चौका नदी में नहाने गया था। करीब आधा दर्जन बच्चे नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान अनिकेत गहरे पानी में चला गया और डूब गया। काफी देर तक घर नहीं लौटने पर परिजन और ग्रामीण नदी किनारे पहुंचे तथा उसकी तलाश शुरू की। सूचना मिलने पर खीरी थाना पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन पहले दिन सफलता नहीं मिली। तलाश अभियान के दौरान ग्राम रौलिया निवासी रामसनेही पुत्र बदलू पर अचानक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। मौके पर मौजूद वनकर्मियों और ग्रामीणों ने साहस दिखाते हुए उन्हें मगरमच्छ के चंगुल से छुड़ाया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नकहा भेजा गया, जहां उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई।

**दो बहनों का इकलौता भाई नहीं रहा**

बुधवार को एनडीआरएफ की टीम ने लगातार रेस्क्यू अभियान चलाकर अनिकेत का शव नदी से बरामद किया। शव की हालत बेहद क्षत-विक्षत थी। स्थानीय लोगों के अनुसार मगरमच्छ ने शरीर के निचले हिस्से को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया था। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मौके पर खीरी पुलिस के अलावा वन विभाग की ओर से क्षेत्रीय वन दरोगा सतीश कुमार जायसवाल और अशोक कुमार शुक्ला मौजूद रहे।

## अमोनियम सल्फेट के बैग पर 'भारत एनपीके' लिखने पर भाकियू ने जताई आपत्ति

- किसानों में भ्रम फैलाने का आरोप कृषि मंत्री से जांच और कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज, गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (एचयूआरएल) द्वारा निर्मित अमोनियम सल्फेट उर्वरक के बैग पर बड़े अक्षरों में 'भारत एनपीके' अंकित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही को पत्र भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा किसानों के हित में आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कुलवंत सिंह जोशन ने




बताया कि जनपद लखीमपुर खीरी में एचयूआरएल निर्मित अमोनियम सल्फेट उर्वरक की खेप पहुंची है। इस उर्वरक में 20.5 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 23 प्रतिशत सल्फर होता है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत 1400 रुपये प्रति बैग निर्धारित है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः एनपीके शब्द का उपयोग नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटाश युक्त मिश्रित उर्वरकों के लिए किया जाता है।

### सबसे कम बोली के बावजूद टेंडर नहीं दिया, चहेते ठेकेदारों को काम बांटा

**निघासन नगर पंचायत पर आरोप डीएम ने गठित की जांच टीम**

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** निघासन नगर पंचायत में टेंडर प्रक्रिया में धांधली, सबसे कम (बिलो) बोली लगाने वाले ठेकेदार को अपात्र घोषित करने और कथित रूप से चहेते ठेकेदारों को कार्य आवंटित करने के आरोपों की जांच होगी। मेसर्स पूजा कॉन्ट्रैक्टर की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच के निर्देश दिए हैं। शिकायत में आरोप है कि इससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंचा है। शिकायतकर्ता पूजा गुप्ता, संचालक मेसर्स पूजा कॉन्ट्रैक्टर, ने जिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि नगर पंचायत निघासन द्वारा 8 और 11 मई 2026 को विभिन्न विकास कार्यों के लिए ऑनलाइन टेंडर आमंत्रित किए गए थे।

## तराई के दो होनहार युवकों का उप निरीक्षक पद पर चयन आशुतोष ने प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर, खीरी।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उप निरीक्षक नागरिक पुलिस सीधी भर्ती-2025 का परिणाम घोषित किए जाने के बाद धौरहरा तहसील क्षेत्र के दो युवकों का चयन होने से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों परिवारों में बधाई देने वालों का तांता लगा है। ग्राम रमियाबेहड़ निवासी शिक्षक रामभक्त तिवारी के पौत्र तथा शिक्षामित्र राकेश मोहन व रेखा तिवारी के पुत्र आशुतोष तिवारी ने प्रदेशभर की मेरिट में चौथा स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं कस्बा धौरहरा निवासी सेवानिवृत्त पशु चिकित्सा विभाग कर्मी के पौत्र तथा अजय सिंह व कविता सिंह के पुत्र शौर्य प्रताप सिंह भदौरिया (मुन्ना) का चयन 288वीं रैंक पर हुआ है।



उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा जारी 4543 सफल अभ्यर्थियों की सूची में दोनों युवकों का नाम शामिल होने के बाद क्षेत्रवासियों ने इसे तराई के लिए गौरव का क्षण बताया। परिजनों, रिश्तेदारों और शुभचिंतकों ने दोनों चयनित अभ्यर्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## भूजल संरक्षण सप्ताह के तहत सीएचसी मितौली में जागरूकता संगोष्ठी आयोजित, जल संरक्षण का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी, खीरी के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मितौली में भूजल संरक्षण सप्ताह के अंतर्गत उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लालजी पासी की अध्यक्षता में जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. लालजी पासी ने कहा कि 'जल है तो कल है' केवल एक नारा नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार है। उन्होंने कहा कि लगातार गिरते भूजल स्तर को देखते हुए वर्षा जल संचयन, जल का विवेकपूर्ण एवं मितव्ययी उपयोग तथा प्राकृतिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं



कर्मचारियों से अपने-अपने कार्यक्षेत्र में आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने का आह्वान करते हुए कहा कि जल बचाने की आदत को जन-आंदोलन का स्वरूप दिया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधनों का संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भूजल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन तथा जल के प्रत्येक स्रोत की सुरक्षा एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को दैनिक जीवन में जल संरक्षण के प्रभावी उपाय अपनाने तथा समाज में इसके प्रति व्यापक जनजागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी का उद्देश्य लोगों में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा भूजल स्तर को सुरक्षित रखने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना रहा।

# राहुल के घर पहुंचे डीएम-एसपी, परिजनों को बंधाया ढांढस, निष्पक्ष जांच का दिया भरोसा

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** सिसवा क्षेत्र के युवा वैज्ञानिक राहुल सिंह के घर गुरुवार को जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल और पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी तथा पूरे मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी और उच्चस्तरीय जांच कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया।

अधिकारियों के पहुंचते ही परिजनों का दर्द छलक पड़ा। राहुल के माता-पिता भावुक होकर जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से लिपट गए तथा अपने बेटे के मामले में निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलाने की गुहार लगाई। इस दौरान राहुल के पिता जिलाधिकारी के पैरों में गिर पड़े। अधिकारियों ने उन्हें संभालते हुए ढांढस बंधाया और न्यायिक प्रक्रिया पर विश्वास बनाए रखने की अपील की। इसके बाद



जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक राहुल के कमरे में पहुंचे, जहां उन्होंने काफी देर तक बंद कमरे में परिजनों से बातचीत की। अधिकारियों ने घटना से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली और परिवार की बातों को गंभीरता से सुना। जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने कहा कि शासन स्तर पर पूरे प्रकरण की हर पहलू से गंभीरता के साथ जांच कराई जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर पूरी निष्पक्षता से नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने कहा कि पुलिस जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ रही है। उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों का बारीकी से परीक्षण किया जा रहा है, ताकि सत्य सामने आ सके और उसके अनुरूप विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। डीएम और एसपी के इस दौरे को प्रशासन की गंभीरता के रूप में देखा जा रहा है। वहीं, क्षेत्र के लोगों की नजर अब जांच के निष्कर्ष और आगे होने वाली कार्रवाई पर टिकी हुई है। इस दौरान एसडीएम निचलौल सिद्धार्थ गुप्ता, खंड विकास अधिकारी अर्जुन चौधरी, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश वर्मा सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में 4 अभियुक्त गिरफ्तार



**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में फरेंदा पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में वांछित चल रहे 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर सफलता प्राप्त की है। बताया जाता है कि अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी फरेंदा के पर्यवेक्षण में फरेंदा पुलिस टीम द्वारा आज वृहस्पतिवार को गनेशपुर तिराहा से मु0अ0सं0 190/2026, धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 से संबंधित चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# कोई पात्र परिवार योजनाओं से नहीं रहेगा वंचित : पंकज चौधरी

**तीन माह में सभी पात्र परिवारों के राशन कार्ड बनाने की घोषणा, लाभार्थी सम्मेलन में बोले खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज पांडेय**

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज परिसर में आयोजित लाभार्थी एवं जनसंवाद सम्मेलन में केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि कोई भी पात्र परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। पात्र लोगों को चिन्हित कर उन्हें



योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया तेज गति से चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने गरीब कल्याण, सामाजिक सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत करोड़ों परिवारों को पक्के मकान, स्वच्छ भारत मिशन के तहत करोड़ों शौचालय, जल जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर पेयजल और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 का लक्ष्य तभी पूरा होगा, जब विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने घोषणा की कि अगले तीन माह के भीतर जिले के सभी पात्र एवं वंचित परिवारों की पहचान कर उनके राशन कार्ड बनाए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्रता के आधार पर प्रत्येक जरूरतमंद परिवार को खाद्यान्न योजना से जोड़ा जाए, जिससे कोई भी परिवार सरकारी सहायता से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर रिकॉर्ड खरीद कर उनकी आय बढ़ाने का कार्य किया गया है। जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाया है। सम्मेलन के दौरान केंद्रीय मंत्री पंकज चौधरी एवं खाद्य एवं रसद मंत्री मनोज कुमार पांडेय ने 20 नए पात्र लाभार्थियों को राशन कार्ड वितरित किए, जबकि एमएसपी योजना के 10 किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके बाद दोनों मंत्रियों ने लाभार्थियों से संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, डिप्टी आरएमओ सहित विभिन्न विभागों के